रजिस्ट्री सं. डी. एल.—33001/95 REGISTERED No. DL—33001/95

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 43] नई दिल्ली, शनिवार, अक्तूबर 28, 1995 (कार्तिक 6, 1917)
No. 43] NEW DELHI, SATURDAY, OCTOBER 28, 1995 (KARTIKA 6, 1917)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिजर्व बैंक

बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग

केन्द्रीय कार्यालय

बम्बई, दिनांक 9 अक्तूबर 1995

सं. बैं प वि वि/बी सी/118/12.02.001/95-96—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 24 की उप-धारा (2क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा दिनांक 29 मार्च 1985 की अपनी अधिसूचना बैं प वि वि. सं. एल. ई. जी. बी. सी. 37सी. 233ए-85 का अधिक्रमण करते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक एतद्द्वारा यह विनिर्दिष्ट करता है कि 14 अक्तूबर 1995 को और से, उक्त अधिनियम की धारा 24 के प्रयोजन के लिए, भार रहित अनुमोदित प्रतिभूतियों (जिन्हें इस अधिसूचना में इसके बाद 'प्रतिभूतियां कहा गया है') का मूल्यांकन निम्नलिखित विधि से किया जाएगा, अर्थात :

(क) 31 मार्च 1995 के दिन धारित प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, जब तक वे निरन्तर धारिता में रहेंगी तथा बैंक के संविभाग में बनी रहेंगी, तब तक उसी मूल्यांकन प्रणाली को अपनाते हुए किया जाएगा जो उस तारीख को तुलन-पत्र के लिए अपनायी गयी हो। उक्त मूल्यांकन तुरंत बाद के सम्पूर्ण वित्तीय वर्ष के दौरान अपरिवर्तित रहेगा। इसके अतिरिक्त, 1 अप्रैल, 1995 से 31 मार्च, 1996 तक अभिगृहीत प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, अंकित मूल्य अथवा अभिग्रहण की तारीख को लागत मूल्य, इनमें से जो भी कम हो, पर किया जाएगा। जब तक ये प्रतिभूतियां बैंक के संविभाग में बनी रहेंगी, तब तक अथवा 31 मार्च, 1996 तक, इनमें से जो भी पहले हो, इन प्रतिभूतियों को उसी मूल्य पर दर्शाया जाएगा।

(ख) उसके बाद, प्रति वर्ष 31 मार्च के दिन धारित प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, जब तक ये निरन्तर धारिता में रहेंगी तथा बैंक के संविभाग में बनी रहेंगी, तब तक उसी मूल्यांकन प्रणाली को अपनाते हुए किया जाएगा जो उस तारीख को तुलन-पत्र के लिए अपनायी गयी हो। उक्त मूल्यांकन तुरंत बाद के सम्पूर्ण वित्तीय वर्ष के दौरान अपरिवर्तित रहेगा। तथापि, आने वाले वित्तीय वर्ष के दौरान अभिगृहीत प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, अंकित मूल्य अथवा अभिग्रहण की तारीख के लागत मूल्य, इनमें से जो भी कम हो, पर किया जाएगा। जब तक ये प्रतिभूतियां बैंक के संविभाग में बनी रहेंगी, तब तक अथवा वित्तीय वर्ष के अंत तक, इनमें से जो भी पहले हो, इन्हें उसी मूल्य पर दर्शाया जाएगा।

बी. के. पाल
कार्यपालक निदेशक

भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

बम्बई, दिनांक 7 अक्तूबर, 1995

सूचना

भारतीय स्टेट बैंक (सहयोगी बैंक) अधिनियम 1959 की धारा 29 (1) के निबंधनानुसार भारतीय स्टेट बैंक ने स्टेट बैंक ऑफ पटियाला के निदेशक बोर्ड से परामर्श करके तथा भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमोदन से श्री के० के० खण्डेलवाल को और दो वर्ष की अवधि दिनांक 4 अक्तूबर, 1995 से 3 अक्तूबर, 1997 (दोनों दिन सम्मिलित) तक के लिए स्टेट बैंक ऑफ पटियाला के प्रबंध निदेशक के पद पर नियुक्त किया है।

पी० जी० काकोडकर,
अध्यक्ष,

इण्डियन ओवरसीज बैंक

कार्मिक प्रशासन विभाग

केन्द्रीय कार्यालय

मद्रास–600002, दिनांक 21 जुलाई, 1995

सं० का० प्र० वि०/177:—बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अधिग्रहण व अन्तरण) अधिनियम, 1970 (1970 का पांचवां अधिनियम), की धारा 19 के जरिए प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के साथ परामर्श करके केन्द्र सरकार की पूर्व मंजूरी से इण्डियन ओवरसीज बैंक का निदेशक मण्डल इण्डियन ओवरसीज बैंक अधिकारी सेवा विनियम, 1979 को परिशोधित करने हेतु निम्नलिखित विनियम करता है।

2. संक्षिप्त शीर्ष व आरम्भ

1. इन विनियमों को इण्डियन ओवरसीज बैंक अधिकारी सेवा (संशोधन) विनियम, 1995 कहा जाए।

2. ये विनियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

3 इण्डियन ओवरसीज बैंक अधिकारी सेवा विनियम, 1979 में निम्नलिखित विनियम में संशोधन किया गया है।

विनियम 49(2) को निम्नलिखित से प्रतिस्थापित किया जाए।

कार्यग्रहण अवधि के दौरान अधिकारी स्थानान्तरण के स्थान पर लागू परिलब्धियों के लिए पात्र होगा।

के० वासुदेव भट्ट,
उप महा प्रबंधक
कार्मिक प्रशासन विभाग

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 9 अक्तूबर 1995

सं० एन० 15/13/3/3/94-यो० एवं वि०:—कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम-1950 के विनियम 95 क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा-46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 16-9-1995 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम 95-क तथा बिहार कर्मचारी राज्य बीमा नियम 1951 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ बिहार राज्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जायेंगे। अर्थात् :—

क्रम सं०	राजस्व ग्राम का नाम	राजस्व थाना की संख्या	जिला
1.	मिठानपुर खाल्सा	410	मुजफ्फरपुर
2.	कनहौली विसुनदत्त	411	,,
3	हुरदुल लहुरी	480	,,
4.	कोहलुआ पैगम्बरपुर	482	,,
5.	अघरदाह सलेहपुर बुधन	342	,,
6.	बेला छपरा	281	,,
7.	कनहौली धनगेकवे	412	,,
8	छपरा लोधी	352	,,

एस० एन० तिवारी,
निदेशक (यो० एवं वि०)

सं० एन० 15/13/3/2/92-यो० एवं वि०:—कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम 1950 के विनियम-95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा 46(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 16-9-1995 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम-95-क तथा बिहार कर्मचारी राज्य बीमा नियम–1951 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ बिहार राज्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जायेंगे। अर्थात् :—

क्रम सं०	राजस्व ग्राम का नाम	राजस्व थाना की संख्या	जिला
1	2		4
	देवघर		
1.	महेश्वरा	250	देवघर
2.	मक्खन पहाड़	252	,,
3.	बरमसिया	254	,,
4.	मधुसदन छारेट	255	,,
5.	मवारी चक	256	,,
6.	बेला बगीचा	257	,,
7.	हिरना	269	,,
8	सुरतीलोना	270	,,
9.	बासमता	276	,,
10.	कल्याणपुर	398	,,
11.	कुरनवाहा	399	,,
12.	बरियार बोधी	400	,,
13.	टोराडिह	401	,,
14.	मारावात	402	,,
15.	कुण्डा	409	,,
16	नीलकण्ठपुर	415	,,
17.	शाहरजोर	416	,,
18.	जटही	418	,,
19.	करहनीबाद	584	,,
	जसीडिह		
20.	जसीडिह बाजार मोजा	119	,,

1	2	3	4
21.	बसुआडिह् मौजा	198	देवघर
22.	बाघमारा	199	,,
23.	रामचन्द्रपुर	202	,,
24.	सेमरिया	203	,,
25.	अमलडीह	263	,,
26.	नारायणपुर	262	,,
27.	फूटा बांध	027	,,
28.	गंगटी	209	,,
29.	छोटा मानिकपुर	116	,,
30.	बबलाडिह्	117	,,
31.	तालाघाट	208	,,
32.	रायडीह	122	,,

एस० एन० तिवारी,
निदेशक (यो० एवं वि०)

दिनांक 10 अक्तूबर, 1995

सं० एन० 15/13/3/4/94 यो० एवं वि०:—कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम-1950 के विनियम-95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा 46(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 16-9-95 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम-95-क तथा बिहार कर्मचारी राज्य बीमा नियम-1951 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ बिहार राज्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किय जायेंगे, अर्थात्:—

क्रम सं०	राजस्व ग्राम का नाम	राजस्व थाना की संख्या	जिला
1	2	3	4
1.	मिरचाई	328	कटिहार
2.	बहरिया	98	कटिहार
3.	दुर्गापुर	104	कटिहार
4.	बेलाना	83	कटिहार
5.	तिमरसारा	82	कटिहार
6.	सैकगंज	103	कटिहार
7.	बेगाना	102	कटिहार
8.	बालान	77	कटिहार
9.	मधुरा	162	कटिहार
10.	मालेली	79	कटिहार

एस० एन० तिवारी,
निदेशक (यो० एवं वि०)

दिनांक 11 अक्तूबर, 1995

सं० एन० 15/13/3/1/94-यो० एवं वि०:—कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम 1950 के विनियम-95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा 46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 16-9-1995 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम 95 तथा बिहार कर्मचारी राज्य बीमा नियम 1951 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ बिहार राज्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जायेंगे, अर्थात्:—

क्रम सं०	राजस्व ग्राम का नाम	राजस्व थाना की संख्या	जिला
1	2	3	4
1.	मेहरपुर	97	बिहार शरीफ
2.	सिपाह	95	,,
3.	हुजूरपुर	98	,,
4.	रामपुर कमलाबाद	110	,,
5.	चक हुसैन	126	,,
6.	देवी सराय	127	,,
7	सलेमपुर	133	,,
8.	सोहडीह	140	,,
9.	बाबरबन्ना	141	,,

एस० एन० तिवारी,
निदेशक (यो० एवं वि०)

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन

(केन्द्रीय कार्यालय)

नई दिल्ली-110015, दिनांक 5 अक्तूबर, 1995

सं० के० भ० नि० आ० 1(4) टी०एन० (1148)/95/2044—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से सम्बन्धित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत हैं कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबंध उक्त स्थापनाओं पर लागू किये जायें।

क्र० सं०	कोड न०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1	2	3	4
1.	टी० एन०/एम० एस०/31657	मै० राम कश्यप इन्वेस्टमेंट लि०, 53, विजय गार्डन, ग्रांफ ग्रीमवेज रोड, मद्रास-28. ।	1-1-1995
2.	टी० एन०/एम० एस०/31659	मै० शैरिफ सर्विसेज (प्रा०) लि०, नं० 14, राजारत्नम स्ट्रीट, कलपक्कम, मद्रास-600010 ।	1-10-1994

1	2	3	4
3.	टी० एन०/31662	मै० के० स्टीमशिप एजेंसीज (प्रा०) लि०, नं० 4, 2 लाइन बीच, मद्रास-600001 ।	1-11-1994
4.	टी० एन०/एम० एस०/31561	मै० श्री महागनपतिविलास नं० 8, सी० एम० ए० रोड, बस स्टैंड, वनियमबोडी एम० ए० ए० डि० ।	1-11-1994
5.	टी० एन०/एम० एस०/31562	मै० कडापनीकेमपट्टी मिल्क प्रोड्यूसर्स को-आप० सोसा० लि०, कडापनीकेमपट्टी विलेज मरियेमरी पोस्ट तिरूपतुर, टी० के० एम० ए० ए० डि० ।	1-5-1994
6.	टी० एन०/एम० एस०/31588	मै० एम० एम० एल० एन्टरप्राइजिज, 23, गांधी नगर अलवरथिरू नगर, मद्रास-87 ।	1-9-1994
7.	टी० एन०/एम० एस०/31652	मै० होटल नागुंजन, 38 पेड्डयी बेयार, टी० नगर, मद्रास-17 ।	1-1-1995
8.	टी० एन०/एम० एस०/31598	मै० जय हाइड्रोलिक्स (प्रा०) लि०, नं० सी-19 सी गविन्डी इंडस्ट्रीयल एरिया इस्टेट, मद्रास-32 ।	1-10-1994
9.	टी० एन०/एम० एस०/31591	मै० न्यू मार्डन कैफे नं० 2, तालुक आफिस रोड, लिटिल माउन्ट साईदापेट, मद्रास-600015 ।	1-9-1994
10.	टी० एन०/एम० एस०/31595	मै० नुम्बरई मिल्क प्रोड्यूसर्स को०-आ०-सोसा० लि०, नुम्बरेट पोस्ट, (वाया) एरकाट, एम० ए० ए० डि० ।	1-6-1994

अतः मैं, एच० डब्ल्यू० टी० स्येम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त उक्त अधिनियम की धारा 1 की उप धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं पर उस या उसी प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करता हूं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शायी गयी हैं ।

एच० डब्ल्यू० टी० स्येम,
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

सं० के० भ० नि० आ० 1(4) टी० एन० (1151)/95/2057—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से सम्बन्धित नियोक्ता तथा, कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत हैं कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबंध उक्त स्थापनाओं पर लागू किये जायें ।

क्र० सं०	कोड नं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1	2	3	4
1.	टी० एन०/31650	मै० एस० वी० इन्टरप्राइजिस, 53, ग्राउंड फ्लोर, फोर्थ एवेन्यू, अशोकनगर, मद्रास-83 ।	1-9-1994
2.	टी० एन०/31661	मै० राजा गारमेन्टस एण्ड टक्सटाईल, एक्सपोर्टस, 239, मिन्ट स्ट्रीट, मद्रास-31 ।	1-10-1994
3.	टी० एन०/29741	मै० श्री शनमूगा भवन, अरसमनई वसई, सिवगंगा-623560, पी० टी० टी० डि० ।	1-12-1994

1	2	3	4
4.	टी० एम०/29740	मै० क्यम 954 सम्बाकुलम पी० ए० सी० बी०, सम्बाकुलम (पी० ओ०) मूडूकूलाथूर (टी० के०) रामनाद डि० ।	1-3-1994
5.	टी० एम०/29739	मै० आर० एस० 833, पी० एम० टी० डि०, मैडिकल पब्लिक हैल्थ एण्ड फैमिली वैलफेयर डिपार्टमेंट स्टाफ कोपरेशन टी० एण्ड डी० सोसायटी लि० ।	1-12-1994
6.	टी० एम०/29725	मै० 915 मुदूकूलाथाने पी० ए० सी० बी० मूदूकूलथूर, (पी० ओ०) मूदूकूलथूर (टी० के०) रामनाद डि० ।	1-3-1994
7.	पी० सी०/573	मै० जे० के० लैदरस, नं० 9, वसन्थानगर, विलियानुर-605110 ।	1-11-1994
8.	पी० सी०/572	मै० एक्स-सर्विसमैन सिक्यूरिटी एण्ड डिटेक्टिव ब्यूरो, नं० 12, विलियानुर रोड, रेडियारपलायम, पाण्डिचेरी-605010 ।	1-7-1994
9.	पी० सी०/571	मै० 8 एम० आर० लैदर वर्क्स, सी-9 एण्ड 17, पिपडिक इंडस्ट्रीयल इस्टेट मेथूपलायम, पाण्डिचेरी-09 ।	1-11-1994
10.	टी० एम०/24590	मै० 277 मुनईवैटरी प्राइमरी एग्रीकल्चरल को०-ओप० बैंक, मुनईवेनटरी पी० ओ० इमेनेसवरम वाया पी० टी० टी० डि० ।	1-8-1991

अतः मैं, एच० डब्ल्यू० टी० स्येम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, उक्त अधिनियम की धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपयुक्त स्थापनाओं पर उस या उस प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करता हूं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने वर्शायी गई है ।

एच० डब्ल्यू० टी० स्येम,
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

सं० के० भ० नि० आ० 1(4) टी० एन० (1157)/95/2070-केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से सम्बन्धित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत हैं कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबंध उक्त स्थापनाओं पर लागू किये जायें ।

क्र० सं०	कोड नं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1	2	3	4
1.	टी० एम०/29105	मै० क्यू० 1266, पोट्टागवयाल प्राइमरी एग्री० को-आप० बैंक, पारामुकडई तालुक रामनाड डि० ।	1-3-1993
2.	टी० एम०/29103	मै० ए-1513 शिवागंगई को-आप० स्टोर लि०, 24, नार्थ राजा स्ट्रीट, स्पुआगंगोई-623560 ।	1-1-1993
3.	टी० एम०/29769	मै० एम० डी० (स्पे०) 21, गुदालूर को-आप० स्टोर्स लि०, गुदालूर-626518, मदुरई डि० ।	1-2-1995
4.	टी० एम०/29052	मै० एन० एन० 570 कोलाकंदन प्राइमरी एग्री० को-आप० बैंक, सिवागंगई ता० ।	1-12-199
5.	टी० एन०/29110	मै० एम० एन० 565, थिरूवेटरीयूर प्राइमरी एग्री० को-आप० बक, थिरूवेटरियूर तालुक, रामनाड डि० 623407 ।	1-3-1993
6.	टी० एम०/29053	मै० आर० एस० 766, मनामदुरई पंचायत यूनियन एम्प्लाइज व टीचर्स को-आप० थ्रिफट संघ लि०, मनामदुरई-623606 ।	1-1-1993

1	2	3	4
7.	टी० एन०/31680	मै० इन्टोरियल स्वीट्स बैकरी व कोल्ड ड्रिंक्स, 16, सी० एन० ए० रोड, बस स्टैंड, वेरीयमिबेडी, एन० ए० ए० डि० ।	1-1-1995
8.	टी० एन०/31670	मै० प्राइमल्स बेकरी, 3, अन्नामलाई मेस्ट्री स्ट्रीट, अमीजीकरई, मद्रास-600029.	1-8-1994
9.	टी० एन०/31669	मै० अडो इंडिया प्रा० लि०, ब्लाक-I, II, व 6 मोड्युलर एस० डी० एफ० बिल्डिंग, फेस-II, एम० ई० पी० जैड०, टमबारम, मद्रास-45.	1-1-1995
10.	टी० एन०/31690	मै० एलाइड हैल्थ केयर मीडिया प्रा० लि, 3, अरुमंगन स्ट्रीट, माउन्ट रोड, मद्रास-2.	1-12-1994

अतः मैं, एच० डब्ल्यू० टी० स्कीम, केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त उक्त अधिनियम की धारा 1 की उप धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं पर उस या उसी प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करता हूं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शायी गयी हैं ।

एच० डब्ल्यू० टी० स्कीम
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

सं० के० भ० नि० आ० 1(4) टी० एन० (1169)/95/2083--केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से संबंधित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत है कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम 1952 (1992 का 19) के उपबंध उक्त स्थापनाओं पर लागू किये जायें।

क्र० सं०	कोड नं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1	2	3	4
1.	टी० एन०/29778	मै० चेलाम लाटी वर्क्स, 445, सिवाकासी विरूधुनगर रोड, थिरुथंगल -626130	1-2-95
2.	टी० एन०/29771	मै० श्री मीनाक्षी कम्पावर एजेंसी 2-बी/19, वर्कशाप रोड, मदुरई - 625001	1-12-94
3.	टी० एन०/32085	मै० टी० एन० डी० -207, परडियार कुपम मिल्क प्रोडयूसर्स को-आप० सोसा० लि० जिन्नासेलम पेरिडियनकुप्पम-606201, वी० आर० पी० डि० तमिलनाडु ।	1-4-93
4.	टी० एन०/32093	मै० नयनार पलयम मिल्क प्रोडयूसर्स को०-आप० सोसा० लि०, नयनारपलयम पोस्ट-606301, कलाकुरिची तालुक तमिलनाडु ।	1-4-93
5.	टी० एन०/31647	मै० वाइबरेशन इन्जीनियर्स व कन्सलटेंटस (प्रा०) लि० 3-डी०, III रा० फ्लोर, जे० वी० एस० टावर्स, 117, नेल्सन मेनीकम रोड, अमीजीकरई, मद्रास-29	1-10-94
6.	टी० एन०/31762	मै० सी० हाइड्रोपावर (इंडिया) प्रा० डी०-18, इंडस्ट्रियल एस्टेट अम्बातूर-मद्रास-600098	1-1-95
7.	टी० एन०/32089	मै० थनाराई मिल्क प्रोडयूसर्स को०-आप० सोसा० लि० , पेरडियारकुप्पम पोस्ट 606201, कलाकुरुचि ता० यू० आर० पी० डि०, तमिलनाडु	1-4-93

1	2	3	4
8.	टी० एन०/31716	मै० एस० एल० के० कान्ट्रैक्ट सर्विसेज कारगो, काम्पलेक्स, आई० ए० ए० आई० मीनामबक्कम, मद्रास–600027	1–1–95
9.	टी० एन०/31717	मै० टी० एम० सिक्योरिटी सर्विसेज नं० 221, वेलाचेरी रोड, सेलियूर मद्रास–600073	1–1–95
10.	टी० एन०/31771	मै० ऊषा सेल्स कारपोरेशन, 9, लयारवुड केन (नियर पोस्ट आफिस) महालिंगापुरम् मद्रास–600034	1–5–94

अतः मैं, एच० डब्ल्यू० टी० स्येम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त उक्त अधिनियम की धारा 1 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं पर उस या उसी प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करता हूं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शायी गयी हैं।

एच० डब्ल्यू० टी० स्येम,
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

दिनांक 10 अक्तूबर 1995

सं० के० भ० नि० आ० 1 (4) कर्ना० (976)/94/2096—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापना से संबंधित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत हैं कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबन्ध उक्त स्थापनाओं पर लागू किये जायें।

क्र० सं०	कोड नं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1.	कर्ना०/16529	मै० बेटज केमिकल्स (इंडिया) प्रा० लि० 47/डी०, बोमान्द्रा इंडस्ट्रियल एरिया, बोमान्द्रा, बंगलौर–562158	1–2–94
2.	कर्ना०/16758	मै० प्रेस्टीज फेशन्स, 119 5वां एवन्यू० 183, ब्रिगेड रोड, बंगलौर।	1–1–94
3.	कर्ना०/12708	मै० सन्तूर इंडस्ट्रीज, बोंडल, बंगलौर–575008	30–9–91
4.	कर्ना०/16159	मै० एटलान्टा पम्पस (प्रा०) लि० नं० 487 डी० 1 व डी 2, 4 फेस, पेम्नया इंड० इस्टेट, बंगलौर –560058	1–11–88

अतः मैं, एच० डब्ल्यू० टी० स्येम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त उक्त अधिनियम की धारा 1 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं पर उस या उसी प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करता हूं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शायी गयी हैं।

एच० डब्ल्यू० टी० स्येम,
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

सं० के० भ० नि० आ० 1 (4) गुज० (977)/94/2103—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से संबंधित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत हैं कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबंध उक्त स्थापनाओं पर लागू किये जायें।

क्र० सं०	कोड नं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1.	गुज०/24457	मै० गुजरात टुडे मैनेजड बाई लोकहित प्रकाशन सार्वजनिक ट्रस्ट 33/1 अपो० शालीमार सिनेमा शाहआलम, अहमदाबाद –380028	1–4–94
2.	गुज०/24363	मै० बागेश्री वृदावन, नियर कोबा सरक्वेज गांधीनगर गांधीनगर रोड अहमदाबाद –380028	1–4–93
3.	गुज०/24054	मै० सनगीर प्लास्टिकस प्रा० लि० ए–2213, 3 रा फेस, जी० आई० डी० सी० वापी	1–4–92
4	गुज०/19758	मै० मार्डन हाईड्रोलिस सी० 1–बी, 264/2, जी० आई० डी० सी० अम्बरगांव।	1–7–91

अतः मैं, एच० डब्ल्यू० टी० स्येम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, उक्त अधिनियम की धारा 1 की उप धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं पर उस या उसी प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करता हूँ जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शायी गयी हैं।

एच० डब्ल्यू० टी० स्येम,
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

सं० के० म० नि० आ० 1 (4) दिल्ली (1053)/94/2110—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से संबंधित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत है कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबंध उक्त स्थापनाओं पर लागू किये जायें।

क्र० सं०	कोड नं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1	2	3	4
1.	दिल्ली/16116	मै० सिरोही डिटेक्टिव व सिक्योरिटी एजेंसी प्रा० लि०, ए स०–508, स्कूल ब्लाक–2, शकरपुर–दिल्ली–2	1–7–94
2.	दिल्ली/15746	मै० स्मार्ट सिक्योरिटी व हाउस कीपिंग सर्विस, डब्ल्यू जैड–474, बसई दारापुर नई दिल्ली।	1–9–92
3.	दिल्ली/16095	मै० ए० आर० क्रेडिट इनफारमेशन सर्विसेज प्रा०, 103 इलाइट हाउस, 36 कैलाश कालोनी एक्स० कम्यूनिटी सेंटर, नई दिल्ली।	1–4–94
4.	दिल्ली/16204	मै० राजस्थान एजेंसी प्रा० लि० 4741/23, अंसारी रोड, दरिया गंज नई दिल्ली।	1–4–94
5.	दिल्ली/16275	मै० राज खोसला वर्क० लि० पहला तल, कृष्णा शापिंग प्लाजा, 19, अशोका रोड, नई दिल्ली।	1–10–94
6.	दिल्ली/16282	मै० स्काई लाइन बिल्डिर्स (इंडिया) ए–40, विकासपुरी, नई दिल्ली–18	5–2–94
7.	दिल्ली/16289	मै० शकुन एन्टरप्राइजिज, 7 सेठी भवन राजेन्द्रा प्लेस, नई दिल्ली–8	1–4–94
8.	दिल्ली/16293	मै० क्लोज एपेरलस, 9–2265, गली नं० 10 कैलाश नगर, दिल्ली–31 (शाखाओं सहित)	1–10–94
9.	दिल्ली/16339	मै० दलजीत इंजीनियरिंग वर्क्स 308/1, शहजादा बाग, रोहतक रोड, दिल्ली–35	1–10–94

अतः मैं, एच० डब्ल्यू० टी० स्येम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, उक्त अधिनियम की धारा 1 की उप धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं पर उस या उसी प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करता हूँ जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शायी गयी हैं।

एच० डब्ल्यू० टी० स्येम
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

सं० के०भ०नि० आ० 1(4) के०एम० (1100)/95/2122—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से संबंधित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत है कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबन्ध उक्त स्थापना पर लागू किए जाएं :—

क्रम सं०	कोड नं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1.	के एम/15827	मै० के० नारायणप्पा कान्ट्रेक्टर, नं० 35, फर्स्ट मैन रोड, बोवीपालया, महालक्ष्मी ले आउट बंगलौर-86	28-2-93
2.	के एन/15953	मै० साउदरन मैटेलाइजरस, नं० 13/29, मेरीयप्पा-भापालया, नियर उल्लास थियेटर यसवन्थपुर, बंगलौर-22	1-3-93
3.	के एम/ 16238	मै० रामू लेबर कान्ट्रेक्टर, नं० 35/बी, न्यू क्वार्टरस सैकेण्ड एस० सी०, यसवन्थपुर, बंगलौर-12	31-8-93
4.	के एम/18041	मै० रैसीडेन्सी बिजनेस सर्विस प्रा० लि०, नं० 366, 100 फीट रोड, इंदिरानगर, बंगलौर-8 (शाखा सहित)	1-4-94
5.	के एन/18040	मै० कर्नाटका मल्लादी बायोटिक्स लि०, नं० 539, चिनमया मिशन होस्पीटल रोड, इंदिरानगर, बंगलौर-38	1-4-93
6.	के एन/15523	मै० गान्धी इन्टरप्राईजिस, नं० 21, (35) छटा मेन के० एन० एक्सटेंशन, यसवन्थपुर, बंगलौर-22	1-3-93
7.	के एन/15546	मै० कर्नाटका क्लीनिंग कारपोरेशन, नं० 805/2, छटा क्रास, एज० एम० कालोनी, यसवन्थपुर, बंगलौर-22	1-3-93
8.	के एन/15826	मै० सुवर्णा इन्डस्ट्रीज, नं० 13/17, मैक्सीयाप्पाभापाल्या, अपो, उल्लास थियेटर, यसवन्थपुर, बंगलौर-22	1-3-93

अत: मैं, एच० डब्ल्यू० टी० स्येम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, उक्त अधिनियम की धारा 1 की उप धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं पर उस या उन प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करता हूं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शाई गई हैं।

एच० डब्ल्यू० टी० स्येम
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

सं० के०भ० नि०आ० 1 (4) गुज० (1102)/95/2133—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से संबंधित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत है कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबंध उक्त स्थापनाओं पर लागू किए जाएं :—

क्रम सं०	कोड नं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1	2	3	4
1.	गुज०/24890	मै० पोलीलिंक पोलीमर्स (इंडिया) लि०, ब्लाक नं० 229/230 विलेज वाल्टेसा, ता० ढोलका, डि० अहमदाबाद शाखाओं सहित (380006)	31-12-94

1	2	3	4
2.	गुज०/24846	मै० हरिहर फूड्स प्रा० लि०, ए/16, मोहन इस्टेट अपो० अनुपम सिनेमा, खोकरा, अहमदाबाद-380008	1-7-94
3.	गुज०/24816	मै० श्री चामुन्डा इंजीनियरिंग वर्क्स, 6, आशीर्वाद इंटरनेशनल इस्टेट, सरसपुर, अहमदाबाद 380014	31-3-94
4.	गुज०/24889	मै० प्रिटोमैक्स इंडस्ट्रीज, 54-55, जी० आई० डी० सी० बी०/एच० गोविन्द ग्लास, काडी-382715, महसाना।	1-10-94

अतः मैं, एच० डब्ल्यू० टी० स्यैम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त उक्त अधिनियम की धारा 1 की उप धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं पर उस या उसी प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करता हूँ जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शायी गयी हैं।

एच० डब्ल्यू० टी० स्यम
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

सं० के० भ० नि० आ० 1 (4) गुज० (1103)/95/2140—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से संबंधित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत है कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबन्ध उक्त स्थापनाओं पर लागू किये जाए।

क्रम सं०	कोड नं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1.	गुज०/24784	मै० अबो सिक्योरिटी सर्विसेज, 703, हरे कृष्ण काम्पलेक्स, अपो० कोठावाला फ्लैट्स, प्रीतम नगर ढाल, आश्रम रोड, अहमदाबाद	1-3-94
2.	गुज०/24860	मै० अलपानी इण्डस्ट्रीज, प्लाट नं० 81, जी० आई० डी० सी० फेस-II, वत्वा, अहमदाबाद-382445	1-3-94
3.	गुज०/24514	मै० त्रिवेणी, इण्डस्ट्रीज, ए-1, 7804, 7805, जी० आई० डी० सी० इस्टेट, अलकुनेश्वर-393002	1-2-94
4.	गुज०/20630	मै० मैनेजमेंट आफ इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी सर्विसेज, ए-45, कार्तिक्य नगर, बी० एच० जालाराम नगर, हरी नगर, टैंक रोड, गोतरी, बड़ौदा।	5-6-94

अतः मैं, एच० डब्ल्यू० टी० स्यैम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त उक्त अधिनियम की धारा 1 की उप धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं पर उस या उसी प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करता हूं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शायी गई हैं।

एच० डब्ल्यू० टी० स्यैम
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

सं० के० भा० नि० आ० 1(4)के० एन० (1118)/95/2148—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से संबंधित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत है कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबन्ध उक्त स्थापना पर लागू किए जाएं।

क्रम सं०	कोड नं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1	2	3	4
1.	के एन/18140	मै० एक्सेटेर सिस्टम्स इण्डिया प्रा० लि०, 15-16, आठवां तल, वायुदूत चैम्बर्स, एम० जी० रोड, बंगलौर-560001	1-1-94

1	2	3	4
2.	के० एन/16897	मै० आर० सी० आई० रिसोर्ट कन्डोमिनीयमस इण्डिया प्रा० लि०, नं० 208, ब्रिगेड वार्डन, 19, चर्च स्ट्रीट, बंगलौर–560001 (शाखा सहित)	30–4–94
3.	के० एन/18131	मै० ब्राइडल्स इण्डिया प्रा० लि०: ब्लाक–II बेगूर होबली, होंगासानदरा, नं० 38/3, लक्ष्मी इण्डस्ट्रीयल काम्पलैक्स, बंगलौर–560068	1–10–94
4.	के० एन/16624	मै० अलफाटेक इंजीनियरिंग कान्ट्रेक्टरस, "एफ" दूसरा तल, कालरो चैम्बर्स, 45, आठवा मैन, 15वां क्रास मल्लेश्वरम, बंगलौर–55	28–2–94
5.	के० एन/16303	मै० मल्लार इन्टरप्राइजिस, नं० 17, प्लेटफार्म रोड, बंगलौर–560020	30–11–93
6.	के० एन/16630	मै० एच० बी० भागन्ना होरटीकल्चर कन्सलटेन्ट, नं० 429, आठवाँ क्रास, महालक्ष्मी लेआउट, बंगलौर–560086	31–3–94
7.	के० एन/16568	मै० चंतरा इन्टरप्राइजिस, नं० 863/2, पाईपलाईन रोड, यसवन्थपुर, बंगलौर–560022।	28–2–94
8.	के० एन/16726	मै० बिसडम सिक्योरिटी सर्विसेस, नं० 1911, दूसरा क्रास के० एन० एक्सटेन्शन, यशवन्थपुर, बंगलौर–560022	31–3–94
9.	के० एन/16269	मै० श्री एन० शिवरमैया कान्ट्रेक्टर, नं० 795, 5वां मैन, 11वां क्रास, दूसरी स्टेज, महालक्ष्मीपुरम, बंगलौर–560086	1–10–93
10.	के० एन/16542	मै० श्रुवगा इन्टरप्राइजिस, नं० 289, 12 वां "बी" क्रास, डब्ल्यू सी० रोड, राजाजीनगर, बंगलौर–560086	28–2–94
11.	के० एन/16541	मै० बंगलौर इंस्टीटयूट आफ मैनेजमेंट एण्ड सर्विसेस, 8वाँ क्रास, मल्लेश्वरम, बंगलौर–560003	31–12–93

अत: मैं, एच० डब्ल्यू० टी० स्येम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त उक्त अधिनियम की धारा–1 की उप धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं पर उस या उस प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करता हूं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शायी गई हैं।

एच० डबल्यू० टी० स्येम
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

सं० के० भा० नि० आ० 1(4) कर्ना०(1121)/95/2162—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से संबंधित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत है कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबन्ध उक्त स्थापनाओं पर लागू किए जाएं :—

क्रम सं०	कोड नं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1.	कर्ना०/16626	मै० सोरापल्ली मिल्क प्रोड्यूसर्स को–आप० सोसा० सोरापल्ली, चिन्तामनि तालुक, कोलार डि०	31–3–93
2.	कर्ना०/16889	मै० चिकबालापुर तालुक प्राइमरी एग्री० प्रोडयूस को–आप० मार्किटिंग सोसा० लि०, चिकबालापुर–562101	1–4–93
3.	कर्ना०/18093	मै० श्री सुब्रामनीस्वामी गोसोलिन स्टेशन एच० पी० डीलर्स, एम० बी० रोड, कोलार–563101	1–10–94
4.	कर्ना/16971	मै० दिव्या सिक्कम 322/ए, मैसूर रोड, बंगलौर–35	1–5–94

अत: मैं, एच० डब्ल्यू० टी० स्येम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त अधिनियम की धारा 1 की उप धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं पर उस या उसी प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करता हूं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शायी गई हैं।

एच० डब्ल्यू० टी० स्येम,
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

सं० के० भ० नि० आ० 1(4) दिल्ली/1125/95/2169:—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहाँ प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से संबंधित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत है कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1952 (1952 का 19) के उपबंध उक्त स्थापनाओं पर लागू किये जायें।

क्रम सं०	कोड नं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1.	दिल्ली/16379	मै० फ्लोरिडा इलैक्ट्रिकल इण्डस्ट्रीज लि० बी–147, मायापुरी इण्डस्ट्रियल एरिया, फेस–1, नई दिल्ली–110064	29–11–94

अतः मैं, एच० डब्ल्यू० टी० स्येम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त उक्त अधिनियम की धारा 1 की उप धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं पर उस या उसी प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करता हूं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शायी गयी हैं।

एच० डब्ल्यू० टी० स्येम
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

सं० के० भ० नि० आ० 1(4) कर्नाटक (1144)/95/2173:—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से संबंधित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत हैं कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1952 (1952 का 19) के उपबंध उक्त स्थापनाओं पर लागू किये जायें।

क्रम सं०	कोड नं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1.	कर्नाटक/16875	मै० लक्ष्मी एन्टरप्राइजिज लेबर कन्ट्रोलर ए० बी० यू० इंजीनियरिंग एन्टर-प्राइजिज प्रमिसिस, 100 फुट रोड, चौकसन्दरा, बंगलौर–57	1–3–94
2.	कर्नाटक/14358	मै० अमरकोन क्रियेशन्स 2893–ए, पहला तल, खाडे बाजार, बेलगाम–590002	1–2–91
3.	कर्नाटक/16929	मै० मनीकेयर फाइनेंस लि०, 309, ब्रिगेड गार्डन चर्च स्ट्रीट, बंगलौर–560001	1–11–93
4.	कर्नाटक/16930	लीलू बोलू एन्टरप्राइजिज, नं० 34/जी/1, सरपनटाइन स्ट्रीट, रिचमण्ड टाउन, बंगलौर–34	31–7–94

अतः मैं, एच० डब्ल्यू० टी० स्येम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त उक्त अधिनियम की धारा 1 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं पर उस या उसी प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करता हूं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शायी गई हैं।

एच० डब्ल्यू० टी० स्येम
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

सं० के० भ० नि० आ० (4) डी० एल०(1149)/95/2180:—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से संबंधित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत है कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1952 (1952 का 19) के उपबंध उक्त स्थापना पर लागू किये जायें।

क्रम सं०	कोड नं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1	2	3	4
1.	डी एल/16460	मै० फायर फाइटर्स एसोसियेट्स बी०–7, कालका जी, नई दिल्ली–110019	1–7–94
2.	डी एल/16419	मै० लासा इंडिया, 268, दूसरा तल, सन्त नगर, नई दिल्ली–110065	1–5–94
3.	डी एल/16395	मै० एरो प्लास्ट प्रा० लि०, 64, राजस्थानी उद्योग नगर, अपो० जहांगीरपुरी, दिल्ली–110033	1–9–94
4.	डी एल/16476	म० यूलिवर्सल फिल्मस् आफ इण्डिया, बी० बी० डी०–8, कोम० सेंटर, दूसरा पूर्वी मार्ग, वसन्त विहार नई दिल्ली–110057 (शाखा सहित)	1–11–94

1	2	3	4
5.	डी० एल/16470	मै० भारत शैल लि०, एम–3, इन्टरनेशनल ट्रेड टावर नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019 (शाखा सहित)	1–11–93
6.	डी० एल/16467	मै० एम० पी० आर० मार्केटिंग प्रा० लि०, सी०–2/8, मायापुरी इण्डस्ट्रीयल एरिया, फेस–II नई दिल्ली–64	1–10–94
7.	डी० एल/16443	मै० एस० एम० कन्स्ट्रक्शनस, 1/6381 ईस्ट रोहतास नगर, गली नं० 4, शाहदरा, नई दिल्ली–32	1–10–94
8.	डी० एल/16438	मै० विन्डसर मेटल इण्डस्ट्रीज, 1–4, उद्योग नगर, रोहतक रोड, नई दिल्ली–110041	1–11–94
9.	डी० एल/16432	मै० रिणि सेल्स प्रा० लि०, 4279, गली शाहतारा जी० बी० रोड, दिल्ली–110006	1–12–94
10	डी० एल/16428	मै० वोकेशनस अबरोड प्रा० लि०, फ्लैटस नं० 1607, अम्बादीप बिल्डिंग, कस्तुरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली–110001	1–7–94

अतः मैं, एच० डब्ल्यू० टी० स्येम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, उक्त अधिनियम की धारा 1 की उप धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं पर उस या उस प्रभाबी तिथि से अधिनियम को लागू करता हूं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शायी गई है।

एच० डब्ल्यू० टी० स्येम,
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

श्रम मन्त्रालय

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन

(केन्द्रीय कार्यालय)

नई दिल्ली-110015, दिनांक 26 सितम्बर 1995

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जाम/89/भाग-1/2193—जहां मै. दि दिनप्लेट कम्पनी आफ इण्डिया लि.) पो. आ. गुलमूरी, जमशेद पुर-831003 (कोड सं. स. बी. आर-2) ने कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2 (क) के अन्तर्गत छूट विस्तार के लिए आवेदन किया है जिसे इसमें इसके पश्चात् अधिनियम कहा गया है) ।

चूंकि मैं, एच. डब्ल्यू. टी. स्येम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किये बिना जीवन बीमा के रूप में उक्त स्थापना की लाईफ कवर स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जोकि ऐसे कर्मचारियों के कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम 1976 के अन्तर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है ।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (2क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा श्रम मन्त्रालय, भारत सरकार/केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त की अधिसूचना सं. एस-35014 (259) 86-एस. एस. 2 दिनांक 26-11-86 के अनुसरण में तथा संलग्न अनुसूची में निर्धारित शर्तों के रहते हुए, मैं, एच. डब्ल्यू. टी. स्येम उक्त स्कीम के सभी उपबन्धों के संचालन से उक्त स्थापना को और 3 वर्ष की अवधि के लिए छूट प्रदान करता हूं दिनांक 27-11-89, 27-11-92 से 26-11-92 और 26-11-95 तक लागू होगा जिसमें यह तिथि 26-11-95 भी शामिल है ।-

अनुसूची-1

1. उक्त स्थापना के संबन्ध में नियोजक (जिसे इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्दिष्ट करें ।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारी का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (3-क) के खण्ड-क के अधीन समय-समय पर निर्देश करे ।

3. लाईफ कवर स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, प्रभारी संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जायेगा ।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदन लाईफ कवर स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब उनमें संशोधन किया जाये, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की अभिदाता निधि का पहले से ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक लाईफ कवर स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा ।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों के उपलब्ध लाभ बढ़ाये जाते हैं तो नियोजक लाईफ कवर स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जो कि कर्मचारियों के लिए लाईफ कवर स्कीम के अधीन उपलब्ध लाभों से अधिक अनुकूल हो जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है ।

7. लाईफ कवर स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि उस राशि से कम है जो कर्मचारी की उस दशा में संदेय होती जब तक उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिसों/नाम निर्देशितों को प्रतिकार के रूप में दोनों राशियों के अन्तर बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. लाईफ कवर स्कीम के उपबंधों में कोई भी संशोधन संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी को उस लाईफ कवर स्कीम के जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले लाभ किसी राशि से कम हो जाते हैं तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम-निर्देशितों या विधिक वारिसों को यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

11. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों को बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा ।

एच. डब्ल्यू. टी. स्वेम
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़

सं. 3-95/जी.आर.—केन्द्र सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा-विभाग ने अपने पत्रांक एफ. सं. 3-4/94-यू. । दिनांक 21-10-94 के द्वारा निम्नलिखित विनियम को अनुमोदित कर दिया है :

1. विनियमावली, खंड-1 1989 ई. के पृष्ठ 54-पर दिए गए अभियांत्रिकी तथा प्रौद्योगिकी संकाय से संबंधित विनियम 3(डी) का विलोपन (कैंसीलेशन) :

3(डी) अभियांत्रिकी तथा प्रौद्योगिकी संकाय के अंतर्गत आने वाले विश्वविद्यालय के रासायनिक अभियांत्रिकी तथा प्रौद्योगिकी विभाग तथा अभियांत्रिकी महाविद्यालयों में, जो विश्वविद्यालय से संबंद्ध हैं, कार्यरत प्राध्यापकों के लिए 10 वर्ष का अध्ययन अनुभव तथा अभियंताओं/शिल्प-वैज्ञानिकों के लिए 10 वर्ष का कार्य-अनुभव।

2. विनियमावली; खंड-1, 1989 ई. के पृष्ठ 60-61 पर दिए गए विनियम 2.1 में परिवर्धन

2.1 प्रत्येक स्नातक-स्तरीय अध्ययन बोर्ड (अंडर-ग्रेजूएट बोर्ड आफ स्टडीज) में.....सदस्य होंगे.....

(1) से (4)

(5) कुलपति के द्वारा नामित विषय का एक विशेषज्ञ

3. विनियमावली, खण्ड-1, 1989 ई. के पृष्ठ 65-66 पर दिया गया विनियम

4. निम्नलिखित विषयों की पाठ्यक्रम समितियों (बोर्ड आफ स्टडीज) और उनके संयोजकों को अभिषद् (सिंडीकेट) नामित करेगी :

I से XXXVII XXX XXX

XXXVIII स्नातकोत्तर शारीरिक शिक्षा

XXXIV स्नातक स्तरीय शारीरिक शिक्षा

4. विनियमावली, खंड-1, 1989 ई. के पृष्ठ 65-66 पर दिए गए विनियम में परिवर्धन :

4. निम्नलिखित विषयों की पाठ्यक्रम-समितियों और उनके संयोजकों को अभिषद् नामित करेगी : करेगी :

I से XLV XXXX XXXX XXXX

XLVI स्लोवाक

5. विनियमावली, खंड-1, 1989 ई. के पृ. 141 और 143 पर दिए गए विनियम 12.2 (सी) तथा 12.4 (सी)

12.2 (सी) 12.4 (सी)

असाधारण अवकाश

सक्षम अधिकारी किसी भी कर्मचारी को स्वविवेकानुसार असाधारण अवकाश (अनुपस्थित रहने की छूट) दे सकता है, किन्तु यह अवकाश—

(अ) अवैतनिक हो;

(आ) एक बार में यह तीन वर्ष से अधिक नहीं होगा तथा

(इ) यह अर्जितनिक तो होगा ही, साथ ही निम्नलिखित मामलों को छोड़कर वेतनवृद्धि के लिए उसकी गणना नहीं की जाएगी :

(क) स्वास्थ्य-विषयक प्रमाणपत्र के आधार पर अवकाश लिए जाने पर

(ख) उन मामलों में, जहां कुलपति इस बात से संतुष्ट हों कि परिस्थितियां उस कर्मचारी के नियंत्रण से इतनी बाहर होंगी कि कर्मचारी सेवा आरम्भ करने या पुनः सेवा आरम्भ करने में असमर्थ हो जाए; कारण, नागरिक उपद्रव या प्राकृतिक आपदा हों । इसमें प्रतिबंध यह है कि कर्मचारी के पास अन्य किसी भी प्रकार का अवकाश शेष न रहा हो ।

(ग) उच्चतर शिक्षा-प्राप्ति के लिए अवकाश लिया गया हो तथा

(घ) विश्वविद्यालय से बाहर अन्य किसी पद पर नियंत्रित किए जाने पर उसे स्वीकार करने के लिए उसे अवकाश दिया गया हो।

यह अवकाश एक संवाकाल में 5 वर्ष से अधिक समय का नहीं होगा।

6. पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली, खंड-1, 1980 के पृष्ठ 53-55 पर संकायों के लिए अभिनिर्दिष्ट होने वाले सदस्यों के चुनाव से संबंधित विनियम :

3. सदस्य (फेलो), जिनको जो संकाय निर्दिष्ट कर दिए गए हैं, अपने-अपने संकायों में सदस्यों को अभिनिर्दिष्ट (नोड) कर सकते हैं। यह अभिनिर्दिष्ट विनियमों में दी गई प्रक्रिया के आधार पर होगा। उन व्यक्तियों को ही सदस्य अभिनिर्दिष्ट कर सकेंगे, जो विश्वविद्यालय के भौगोलिक क्षेत्राधिकार में निवास करते हों और निम्नलिखित अर्हताओं को पूरा करते हों :

(अ) विधि, अभियांत्रिकी तथा प्रौद्योगिकी, आयुर्विज्ञान औषध विज्ञान के अतिरिक्त अन्य संकायों के लिए .

कोई अध्यापक (अकादमिक परिषद में संबंधित अध्याय के विनियम 2 में दी गई परिभाषा के अनुरूप), जो विश्वविद्यालय से संबद्ध किसी महाविद्यालय में कार्यरत हो और जो उस संकाय के अन्तर्गत आने वाले विषयों में से किसी भी विषय को कम से कम दस वर्ष पढ़ाता रहा हो और पी.एच.डी. की उपाधि-धारक अध्यापक उस विषय को कम से कम पांच वर्ष पढ़ाता रहा हो ।

अथवा

विश्वविद्यालय के अध्यापन-विभागों को कोई अध्यापक, उस संकाय में आने वाले किसी विषय को कम से कम दस वर्ष पढ़ाता रहा हो और यदि वह पी.एच.डी. की उपाधि धारक हो, तो कम से कम 5 वर्ष उस विषय को पढ़ाता रहा हो

अथवा

विश्वविद्यालय से संबद्ध किसी महाविद्यालय से अथवा विश्वविद्यालय के किसी अध्यापन-विभाग से सेवा निवृत्त कोई अध्यापक जो कम से कम 10 वर्ष उस संकाय के किसी विषय को पढ़ाता रहा हो और यदि वह पी.एच.डी. की उपाधि धारक हो तो कम से कम 5 वर्ष उस विषय को पढ़ाता रहा हो।

3(एफ)—शिक्षा संकाय के लिए :—

(1) किसी संबद्ध महाविद्यालय का स्नातक कक्षाओं को पढ़ाने वाले प्राध्यापक के लिए कम से कम दस वर्ष का अध्यापन-अनुभव तथा पी.एच.डी., की उपाधि धारक प्राध्यापक के लिए 5 वर्ष का अध्यापन अनुभव,

अथवा

(2) स्नातक-स्तर की कक्षाओं को शिक्षा/शारीरिक शिक्षा का विषय पढ़ाने वाले सम्बद्ध महाविद्यालयों के पर्णकालिक के प्राध्यापक के लिए दस वर्ष का अध्यापन अनुभव तथा पी.एच.डी. की उपाधि धारक प्राध्यापक के लिए 5 वर्ष का अध्यापन अनुभव।

(3) विश्वविद्यालय के शिक्षा-विभाग/शारीरिक शिक्षा-विभाग के प्राध्यापक के लिए दस वर्ष का अध्यापन-अनुभव तथा पी.एच.डी. की उपाधि-धारक प्राध्यापक के लिए 5 वर्ष का अध्यापन अनुभव।

अथवा

(4) विश्वविद्यालय के शिक्षा-विभाग/शारीरिक शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त अथवा शिक्षा-महाविद्यालय अथवा संबद्ध महाविद्यालय से सेवानिवृत अध्यापक के लिए उसकी सेवा-निवृत्ति से पूर्व उस संकाय के अन्तर्गत आने वाले किसी विषय के अध्यापन का दस वर्ष का अनुभव तथा पी.एच.डी. की उपाधि-धारक प्राध्यापक के लिए सेवानिवृत्ति से पूर्व 5 वर्ष के अध्यापन का अनुभव

टिप्पणी : शिक्षा संकाय में शिक्षा तथा शारीरिक शिक्षा के अतिरिक्त वे अन्य सभी विषय परिगणित हैं, जो इस संकाय के अंतर्गत आते हैं।

7. विनियमावली, खंड-2, 1988 ई. के पृष्ठ 26 पर दिया गया विनियम संख्या 27.4

27.4 अपने पहले के परीक्षाफल को सुधारने के उद्देश्य से पुनर्परीक्षा देने वाले किसी भी परीक्षार्थी को उस प्रश्नपत्र/उन प्रश्न पत्रों को कुल योग का एक प्रतिशत कृपांक दिए जा सकते हैं, जैसी भी स्थिति हो; जिनमें वह वास्तव में पुनर्परीक्षा देता हो। ये कृपांक श्रेणी में सुधार के लिए तथा उन परीक्षाओं में अंकों के कुल योग के 55% प्राप्तांक बनाने के लिए भी दिए जाएंगे, जहां 55% प्राप्तांक बनाने के लिए सुधार की अनुमति का प्रावधान विनियमों में है।

किसी भी परीक्षार्थी को उतने न्यूनतम अंक से अधिक अंक नहीं दिए जाएंगे, जितने कि उच्चतर श्रेणी बनाने के लिए अपेक्षित होंगे।

8. सिंडीकेट/सीनेट/भारत सरकार के द्वारा अनुमोदन किए जाने की प्रत्याशा में विनियमावली, खंड-2, 1988 ई. के पृष्ठ 66 पर किए गए विनियम 3.1 (बी) (3) को सत्र 1992-93 से प्रभावी समझा जाए।

3.1 (बी) (3) नवम्बर-दिसम्बर में सम्पन्न होने वाली गृह-आन्तरिक परीक्षा (हाउस इक्जामिनेशन) में सभी विषयों के अंकों के कुलयोग के कम से कम 25% अंक प्राप्त कर लेने पर.....

व्याख्या :—

गृह/आन्तरिक परीक्षा में प्रत्येक विषय के अधिकतम अंक 100 होंगे। कोई भी महाविद्यालय उसके प्राचार्य के स्वविवेकानुसार फरवरी के तीसरे सप्ताह तक उन विद्यार्थियों के लिए एक विशेष परीक्षा आयोजित कर सकता है, जो ऊपर दी गई (3) शर्त को पूरा करने में असमर्थ रहते हैं। परीक्षा में सम्मिलित हो पाने के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए किसी भी विद्यार्थी को तीनों ऐच्छिक विषयों के कुल योग के 30% अंक प्राप्त करने होंगे। उन विद्यार्थियों के प्रवेश-फार्म 1 मार्च तक अपेक्षित शुल्क के साथ विश्वविद्यालय के कार्यालय में पहुंच जाएंगे, जो विशेष रूप से आयोजित परीक्षा में अपनी अर्हता प्राप्त करेंगे।

9 विनियमावली, खण्ड-2, 1988 ई. के पृष्ठ 83 पर दिए गए बी. एस. सी. गृह विज्ञान (उत्तीर्ण) परीक्षा (संशोधित) से संबंधित विनियम 3.1 (बी) (4)—

(1991 ई.) को प्रवेश से प्रभावी माना जाएगा)

3.1 (बी) (4)—दोनों गृहपरीक्षाओं के, जिनमें से पहली सितम्बर में तथा दूसरी नवम्बर में सम्पन्न होगी, सभी विषयों के अधिकतम अंकों में सम्मिलित कुल योग के कम से कम 25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लिए जाने पर...

परीक्षा :—गृह परीक्षा में प्रत्येक विषय के लिए अधिकतम 100 अंक निर्धारित रहेंगे।

यह भी प्रावधान है कि किसी भी विद्यार्थी के भाग-1/भाग-2 की परीक्षा के उत्तीर्ण करने के लिए तीन वर्षों के अंदर ही भाग 2/भाग-3 की परीक्षा स्थिति के अनुरूप देनी होगी।

10. विनियमावली, खंड-2, 1988 ई. के पृष्ठ 107-110 पर दिए गए कलानिष्णात (एम.ए.) परीक्षा से संबंधित विनियम 3.1 में परिवर्धन

3.1 कोई भी व्यक्ति एम. ए. भाग-1 (प्रथम वर्ष) प्रवेश ले सकता है, जिसने इस विश्वविद्यालय की निम्नलिखित परीक्षाओं में से किस को उत्तीर्ण कर लिया हो अथवा सन् 1948 से पूर्व पंजाब विश्वविद्यालय, लाहौर से निम्नलिखित परीक्षाओं में से किसी को उत्तीर्ण कर लिया हो अथवा अन्य किसी विश्वविद्यालय की ऐसी परीक्षा, उत्तीर्ण कर रखी हो, जिसे इस विश्वविद्यालय ने अपनी संबंधित परीक्षा के समतुल्य स्वीकार कर लिया हो :—

(1) से (9)

प्रावधान किया जाता है कि—

(ए) से (1)

(एम) यदि किसी व्यक्ति ने आदि ग्रंथाचार्य/गुरुग्रंथाचार्य डिप्लोमा की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, तो वह भी हिन्दी, संस्कृत तथा पंजाबी विषयों में से किसी में भी एम. ए. भाग-1 के प्रवेश के लिए योग्यता सम्पन्न समझा जाएगा।

11. विनियमावली खंड-2, 1988 ई. के पृष्ठ 107-11 पर दिए गए कला निष्णात (एम.ए.) परीक्षा-विषयक (विनियम 3.1 में परिवर्धन तथा सिंडीकेट/सीनेट/भारत सरकार के द्वारा अनुमोदन की प्रत्याशा में इसे 1991-92 के प्रवेश से प्रभावी समझी जाए।

3.1 यदि किसी व्यक्ति ने निम्नलिखित परीक्षाओं को इस विश्वविद्यालय से अथवा सन् 1948 ई. के पूर्व पंजाब विश्वविद्यालय से लाहौर से अथवा किसी अन्य विश्वविद्यालय से किसी ऐसी परीक्षा को, जिसे संबंधित परीक्षा के समतुल्य इस विश्वविद्यालय ने स्वीकार कर लिया है, उत्तीर्ण कर लिया है, तो वह एम. ए भाग-1 (प्रथम वर्ष) में प्रवेश के लिए योग्य समझा जाएगा :—

(1) से (9) X X X

(10) उर्दू के लिए, यदि किसी व्यक्ति ने उत्तीर्ण कर लिया हो

(अ) 50% अंक लेकर बी. ए./बी. एम. सी. की परीक्षा को

अथवा

(आ) ऐच्छिक विषय के रूप में उर्दू में 45% अंक लेकर बी. ए. की परीक्षा को

अथवा

(इ) बी. ए. की परीक्षा को 45% अंक लेकर उर्दू में उच्च डिप्लोमा पाठ्यक्रम की परीक्षा को

12. विनियमावली, खंड-2, 1988 ई. के पृष्ठ 135 पर दिया गया एम. एस. सी. (गृह-विज्ञान) (समस्तर पद्धति) से संबंधित विनियम 2 :-(1991 ई. के प्रवेश से प्रभावी समझा जाए)

2. जिस व्यक्ति ने पंजाब विश्वविद्यालय की बी. एस. सी परीक्षा गृहविज्ञान में 50% अंक लेकर उत्तीर्ण कर ली है अथवा इसके समकक्ष मान्यताप्राप्त अन्य किसी विश्वविद्यालय की ऐसी कोई परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, उसे ही एम. एस. सी. गृह-विज्ञान में प्रवेश मिलेगा ।

13. विनियमावली, खंड-2, 1988 ई. के पृष्ठ 151 पर दिए गए भौतिकी तथा रसायनविज्ञान से संबंधित विनियम 2 :—

2:- (सन् 1991 ई. के प्रवेश से प्रभावी होगा) रसायनविज्ञान :-

(अ) बी. एस. सी. (आयुर्विज्ञान/आयुर्विज्ञान-विवर्जित :—

जिन व्यक्तियों ने इस परीक्षा में कुल अंक 50% तथा रसायनविज्ञान में भी 50% अंक प्राप्त कर लिए हों । जिन विद्यार्थियों ने बी. एस.सी. (आयुर्विज्ञान समूह) की परीक्षा पास की होगी, उनको प्रथम और द्वितीय समस्तर में गणित का विषय पढ़ना होगा, तथा

जिन विद्यार्थियों ने बी. एस. सी. (आयुर्विज्ञान-विवर्जित) परीक्षा पास की होगी, उनके प्रथम और द्वितीय समस्तर में जीव विज्ञान का विषय पढ़ना होगा ।

भौतिकी

पंजाब विश्वविद्यालय की बी. एस.सी. परीक्षा कम से कम 50% अंक लेकर उत्तीर्ण की हो तथा भौतिकी, गणित के अतिरिक्त निम्नलिखित विषयों में से कोई एक विषय और पढ़ा हो :—

जीव-रसायन (बायोकेमिस्ट्री), वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, अंग्रेजी, जीव-भौतिकी (बायो-फिजिक्स) भूगर्भविज्ञान (जियोलोजी), सांख्यिकी, जंतुविज्ञान, वैद्युत-आणविक (इलैक्ट्रानिक्स) तथा जीवन विज्ञान (लाइफ सांइसेज), पर स्नातक पाठ्यक्रम समिति के निर्णय के अनुसार ।

14. विनियमावली, खण्ड-2, 1988 के पृष्ठ 208 पर दिए गए "डिप्लोमा इन आदिग्रंथ आचार्य" के नाम का "डिप्लोमा इन गुरुग्रंथ आचार्य", के रूप में परिवर्तन ।

15. जर्मन में कला-निष्णात (एम. ए.) की उपाधि के आरम्भ हो जाने (सत्र) 1992-93 से आरम्भ के कारण जर्मन में पर-स्नातक डिप्लोमा संबंधी का विलोपन ।

3-303GI/95

16. विनियमावली, खण्ड-2, 1988 ई. के पृष्ठ 270 पर दिए गए बी. एड. से संबंधित विनियम 5.1.

5.1 निम्नलिखित दो भागों में यह परीक्षा पूरी होगी :—

भाग-1 सैद्धांतिक प्रश्नपत्र

भाग-2 प्रयोग (पाठ्यचर्चा में दिए गए विवरणों के अनुरूप) यह भी प्रावधान किया जाता है कि :—

(1) अध्यापन के लिए चुने गए विषयों में से एक विषय वह अवश्य होगा, जिसे स्नातक स्तर पर पढ़ा जा चुका हो (बी. काम. तथा एम. काम. कर चुके विद्यार्थियों को अर्थशास्त्र, अथवा गणित अथवा अंग्रेजी विषय को अध्यापन के लिए चुनने का अधिकार होगा ।

(2) जिन विद्यार्थियों ने बी. ए. में ललित कला (फाइन आर्ट्स) अथवा संगीत अथवा नृत्य को पढ़ा हो अथवा जो बी. ए. के साथ-साथ आरेखन और चित्रकला में डिप्लोमा कर चुके हों अथवा जो किसी मान्यताप्राप्त संस्था से कला तथा शिल्प के अध्यापक का पाठ्यक्रम पढ़ कर आए हों, वे अध्यापन के विषय के रूप में कला, संगीत तथा नृत्य का विषय ले सकते हैं ।

(3) जिन विद्यार्थी ने बी. ए. अथवा एम. ए. अथवा एम. एस. सी. के स्तर पर निम्नलिखित विषयों में से कोई एक विषय पढ़ा हो, वह अध्यापन के विषय के रूप में सामाजिक विज्ञान को ले सकता है :—

इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, लोकप्रशासन अथवा वाणिज्य ।

17. विनियमावली, खण्ड-2, 1988 ई. के पृष्ठ 274 पर दिए गए एम. एड. से संबंधित तथा एम. एड. निर्देशन तथा सलाह (गाइडेंस) तथा (काउंसेलिंग) तथा एम. एड. (शैक्षिक प्रौद्योगिकी) से संबंधित विनियम 5.1 :—

5.1 सभी प्रश्न पत्रों, लघु शोध प्रबंध भी इसमें सम्मिलित हैं, में परीक्षा का भाषिक माध्यम अंग्रेजी या **हिन्दी या पंजाबी होगा ।**

5.1 लघु शोध प्रबंध, वैयक्तिक सलाह तथा सामूहिक सलाह आख्या सहित सभी प्रश्न पत्रों की परीक्षा का भाषिक माध्यम अंग्रेजी या हिन्दी या पंजाबी होगा ।

5.1 लघु शोध प्रबंध, परियोजना आख्या (प्रोजेक्ट रिपोर्ट) सहित सभी प्रश्न पत्रों की परीक्षा का भाषिक माध्यम अंग्रेजी या हिन्दी या पंजाबी होगा ।

18. विनियमावली, खण्ड-3 1988 ई. में दिए गए अंतर राष्ट्रीय व्यापार निष्णात (मास्टर इन इन्टरनेशनल बिजनेस) अर्थात एम-आई बी से संबंधित विनियम :—

1. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार निष्णात (मास्टर इन इन्टरनेशनल बिजनेस) अर्थात एम-आई-बी की उपाधि से संबंधित पाठ्यक्रम की कालावधि दो शैक्षणिक स्तरों की होगी । प्रत्येक स्तर को दो समस्तरों में विभाजित

किया जाएगा। सामान्यतया पहले और तीसरे समस्तर की परीक्षा दिसम्बर के महीने में; तथा दूसरे और चौथे समस्तर की परीक्षा अप्रैल/मई में आयोजित की जाएगी; अथवा उन तिथियों में ये परीक्षाएं आयोजित होंगी, जिनको सिंडीकेट निश्चित करेगी।

2.1 प्रत्येक विद्यार्थी समय-समय पर सिंडीकेट द्वारा निश्चित किए हुए परीक्षा शुल्क के साथ-साथ अन्य शुल्क जैसे शिक्षा शुल्क आदि देगा।

2.2 वाणिज्य तथा व्यापार-प्रबंधन विभाग का अध्यक्ष परीक्षा के आरम्भ होने से कम से कम 5 सप्ताह पूर्व परीक्षा-नियंत्रक को उन विद्यार्थियों की सूची भेजेगा जो विनियम की शर्तों पर पूरे उतरे हों और परीक्षा में बैठने के योग्य हों।

2.3 पांच रुपए के विलम्ब-शुल्क के साथ तथा विलम्ब-शुल्क के बिना प्रवेश के प्रार्थनापत्र स्वीकार किए जाने की तिथियों का निश्चय सिंडीकेट करेगी।

3. प्रथम समस्तर के पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कम से कम अर्हताएं निम्नलिखित होंगी :—

(1) किसी भी अनुशासन में कम से कम 50% प्राप्तांक के साथ किसी भी ऐसे विश्वविद्यालय की स्नातक-उपाधि, जिसे इस विश्वविद्यालय की सिंडीकेट ने अपनी स्नातक-उपाधियों के समकक्ष स्वीकार कर लिया हो। यह भी प्रावधान किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति ने विश्वविद्यालय की स्नातक उपाधि आधुनिक भारतीय भाषाओं (हिन्दी/उर्दू/पंजाबी/गुरुमुखी लिपि) तथा/अथवा प्राचीन भाषाओं (संस्कृत/फारसी/अरबी) अथवा अन्य किसी विश्वविद्यालय की इसी प्रकार की उपाधि प्राप्त की हो, जिसे सिंडीकेट ने मान्यता प्रदान कर दी हो, तो उसके 50% कुल प्राप्तांकों की गणना करते समय उस भाषा के सभी प्रश्नपत्रों के अंकों के कुलयोग से ऐच्छिक प्रश्नपत्र अंग्रेजी तथा अन्य ऐच्छिक विषय के प्राप्तांकों को अलग कर दिया जाएगा।

(2) (अ) भारत अथवा इंग्लैंड के चार्टर्ड लेखाकार संस्थान के द्वारा आयोजित (आ) भारत अथवा इंग्लैंड के वर्क्स लेखाकार संस्थान द्वारा आयोजित तथा (इ) भारत के कंपनी सचिव संस्थान द्वारा आयोजित पूर्ण परीक्षा की उत्तीर्णता

(3) डिप्लोमा की परीक्षा 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण कर लेने के उपरांत यदि किसी ने 50% प्राप्तांकों के साथ ए. एम. आई. की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो तथा पांच वर्षों के अध्यापन/शोध का अनुभव भी प्राप्त कर लिया हो।

4. समय-समय पर निर्धारित हुए पाठ्यक्रमों में दिए गए विषयों की परीक्षा प्रत्येक अभ्यर्थी को देनी होगी।

आन्तरिक मूल्यांकन के निमित्त 50% अंक प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए नियत रहेंगे। विचारगोष्ठी (सेमीनार) परियोजना (प्रोजेक्ट) तथा मौखिक परीक्षा इसमें सम्मिलित नहीं मानी जाएगी।

विचारगोष्ठी परियोजना तथा कार्यशाला का मूल्यांकन 100% के आधार पर होगा। मौखिक परीक्षा बाह्य आन्तरिक परीक्षक सम्मिलित रूप से लेंगे। विभागाध्यक्ष समय-समय पर ली गई परीक्षाओं, लिखित नियत कार्य (एसाइनमेन्ट), समस्या पर विचारणा (केस डिस्कशन), सिंडीकेट सत्रों, कार्य क्षेत्रीय यात्राओं आदि के अंक परीक्षा-नियंत्रक के पास परीक्षा आरंभ होने से कम से कम दो सप्ताह पूर्व भेज देगा।

5. विभागाध्यक्ष आवश्यकता होने पर जांच के लिए उस प्रलेख तथा विवरण को परीक्षा परिणाम घोषित होने से छः महीने तक सुरक्षित रखेगा जिसके आधार पर आतंरिक मूल्यांकन के अंक दिए गए हैं। परीक्षा आरंभ होने से कम से कम 10 दिनपूर्व विभागाध्यक्ष के पास परियोजना की आख्याएं (प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स) जमा करनी होंगी। उक्त तिथि के बाद वे स्वीकार नहीं की जाएंगी।

6.1 प्रथम समस्तर परीक्षा में वे ही व्यक्ति सम्मिलित हो सकेंगे :—

(1) जो परीक्षा से पूर्व पहले समस्तर में विभाग के विधिवत विद्यार्थी रहे हों, तथा

(2) जिन्होंने 65% से कम कक्षा में उपस्थित न रहे हों और विचार गोष्ठियों, समस्या विमर्शों, सिंडीकेट सत्रों, कार्यक्षेत्रीय यात्राओं परियोजना कार्यों में भाग न लिया हो। इसमें दस प्रतिशत की कमी को विभागाध्यक्ष कृपापूर्वक क्षमा कर सकता है।

6.2 दूसरे, तीसरे और चौथे समस्तर की परीक्षा में वे ही विद्यार्थी सम्मिलित हो सकेंगे :—

(अ) जो दूसरे, तीसरे और चौथे समस्तर की परीक्षा के पूर्व के संबंधित सत्र में विभाग के विधिवत् विद्यार्थी रहे हों, तथा

(आ) जिन्होंने विचारगोष्ठियों, समस्या-विमर्श, सिंडीकेट सत्रों, कार्यक्षेत्रीय यात्राओं, परियोजनाओं कार्यों आदि में तथा प्रत्येक प्रश्नपत्र में कम से कम 66% कक्षा में उपस्थित रहे हों। इसमें 10% की कमी को विभागाध्यक्ष कृपापूर्वक क्षमा कर सकता है तथा

(इ) जिन्होंने क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे समस्तर की परीक्षा को उत्तीर्ण कर लिया है अथवा जो विनियम-9 के अधीन पुनः परीक्षायोग्य माने जा सकते हों।

7. परीक्षा और अध्यापन का माध्यम अंग्रेजी भाषा होगी।

8.1 प्रत्येक समस्तर की परीक्षा के उत्तीर्णांक निम्नलिखित रूप में होंगे :—

(1) आन्तरिक मूल्यांकन में अलग से तथा उसको सम्मिलित करते हुए भी विश्वविद्यालय की परीक्षा में प्रत्येक प्रश्नपत्र में 35 प्रतिशत प्राप्तांक

(2) विचारगोष्ठी, परियोजना तथा मौखिक परीक्षा में 35% प्राप्तांक

(3) उपर्युक्त (1) तथा (2) को संयुक्त करते हुए 50% प्राप्तांक 8.2 प्रत्येक समस्तर में विश्वविद्यालय परीक्षा के कुल प्राप्तांकों के एक प्रतिशत की दर से कृपांक दिए जाएंगे । विद्यार्थी के लिए लाभप्रद रूप में कृपांक स्थिति के अनुरूप कुल प्राप्तांकों पर अथवा अलग-अलग प्रश्नपत्रों के प्राप्तांकों पर दिए जा सकते हैं । कृपांक केवल परीक्षा को उत्तीर्ण करने अथवा उच्चतर श्रेणी को प्राप्त करने के लिए दिए जाएंगे, परीक्षा को विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण करने के लिए नहीं ।

9 (अ) यदि कोई परीक्षा पहली और तीसरे समस्तर की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाता है, लेकिन वह उस समस्तर में निर्धारित कम से कम 50% प्रश्न पत्रों में आंतरिक मूल्यांकन में अलग से तथा संयुक्त रूप में भी 35% अंक प्राप्त कर लेता है, उसे अनुमति होगी कि वह क्रमशः दूसरे और चौथे समस्तर की पढ़ाई जारी रखे लेकिन उसी आगामी अप्रैल-मई की परीक्षा में उन प्रश्न पत्रों को उत्तीर्ण करना होगा, जिनमें वह दिसम्बर की परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो सका था, साथ ही वह उसे दूसरे और चौथे समस्तर की परीक्षा भी स्थिति के अनुरूप उत्तीर्ण करनी होगी ।

पुनः परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रत्येक परीक्षार्थी को प्रत्येक समस्तर की संबंधित परीक्षा के लिए प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए 25 रु. के हिसाब से प्रवेश शुल्क देना होगा, जिसकी अधिकतम सीमा 50 रु. होगी । यह उस समस्तर की परीक्षा के शुल्क के अतिरिक्त होगा, जिसमें वह सम्मिलित होने जा रहा होगा । दूसरे प्रयास में भी पहले और तीसरे समस्तर की परीक्षा को उत्तीर्ण न कर पाने पर स्थिति के अनुरूप दूसरे और चौथे समस्तर की परीक्षा का परिणाम निरस्त कर दिया जाएगा और उसे पाठ्यवृत्त से निकाल दिया जाएगा ।

(आ) यदि कोई परीक्षार्थी दूसरे समस्तर में उत्तीर्ण रह जाता है लेकिन उस समस्तर में उसे आंतरिक परीक्षा में अलग से तथा सम्मिलित रूप में भी निर्धारित प्रश्न पत्रों के 50% प्रश्न पत्रों में कम से कम 35% अंक मिल जाते हैं, उसे तीसरे समस्तर में पढ़ाई जारी रखने की अनुमति होगी, लेकिन उसे उन प्रश्नपत्रों की पुनः विशेष परीक्षा देनी होगी और उनको उत्तीर्ण करना होगा, जिनमें वह अप्रैल की परीक्षा में अनुत्तीर्ण रह गया था । यह विशेष परीक्षा अगस्त में होगी लेकिन अप्रैल की परीक्षा का परिणाम घोषित होने के कम से कम छः महीने के पश्चात् ही यह परीक्षा होगी । यदि वह इस विशेष परीक्षा में भी उत्तीर्ण नहीं हो पाता है तो, उसे पाठ्यवृत्त से निकाल दिया जायेगा ।

(इ) यदि कोई अभ्यर्थी चौथे समस्तर की परीक्षा को उत्तीर्ण नहीं कर पाता है लेकिन वह आंतरिक मूल्यांकन में भी 35% अंक पाता है और सम्मिलित रूप में भी निर्धारित प्रश्न-पत्रों में 50% प्रश्नपत्रों में 35% अंक प्राप्त करता है तो वह उन सभी प्रश्न-पत्रों की पुनः विशेष परीक्षा दे सकेगा, जिनमें वह अप्रैल में उत्तीर्ण नहीं कर सका था और वह वि परीक्षा अगस्त में होगी, लेकिन अप्रैल की परी परिणाम घोषित होने के कम से कम छः सप्ताह पश्चात् व्याख्या: इस विनियम के अधीन पांच प पत्रों के 50% का अभिप्राय दो प्रश्न पत्र होंगे सा सात प्रश्न-पत्रों का अभिप्राय तीन प्रश्न-पत्र होंगे

(ई) यदि कोई अभ्यर्थी चौथे समस्तर को अगस्त विशेष परीक्षा में भी उत्तीर्ण नहीं कर पाता है, उसे एक अवसर और मिलेगा । वह दिसंबर अ अप्रैल की परीक्षा में अगले वर्ष सम्मिलित हो सकें और उन्हीं प्रश्न पत्रों की परीक्षा देगा, जिनको उत्तीर्ण नहीं कर सका था और विशेष परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं कर पाया था ।

यदि कोई परीक्षार्थी दूसरे अवसर का उपयो करने के पश्चात् भी चौथे समस्तर को उत्तीर्ण न कर पाता है, जिसका प्रावधान ऊपर किया ग है, तो उसे इस पाठ्यवृत्त से निकाल दिया जायेगा ।

(उ) यदि किसी परीक्षार्थी को 100% आंतरिक मूल्यां वाले प्रश्न-पत्र में पुनः परीक्षा देनी पड़ती है तो उसे उस प्रश्न-पत्र को उत्तीर्ण करने का एक अ अवसर मिलेगा तथा उसे कक्षा में पुनः उपस्थित की आवश्यकता नहीं रहेगी । उसके नियत का (वर्क एसायनमेंट) का निर्धारण विभागाध करेगा ।

10. यदि कोई परीक्षार्थी पहले, दूसरे, तीसरे या चौ समस्तर में अनुत्तीर्ण रहता है और उसका मामला विनियम की अधीन पुनः परीक्षा के लिए अनुपयुक्त रहता है, तो उसे में कक्षाओं में उपस्थित रहे बिना ही आगामी नियतकालीन पर में बैठने का एक और अवसर मिल सकता है, लेकिन उसे सम परीक्षा देनी होगी ।

यदि कोई व्यक्ति दूसरे अवसर में भी उस समस्तर परीक्षा को उत्तीर्ण नहीं कर पाता है, तो उसे पाठ्यवृत्त (को छोड़ना पड़ेगा ।]

11. यदि कोई अभ्यर्थी दूसरे समस्तर को उत्तीर्ण कर पश्चात् अपना अध्ययन अधूरा छोड़ देता है, तो उसे दूसरा स स्तर उत्तीर्ण करने के दो वर्षों के अन्दर ही तीसरे समस्तर पुनः अध्ययन आरंभ करने की छूट होगी ।

12. परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहने वाले परीक्षार्थी के आंतरि मूल्यांकन के अंक अगली परीक्षा में जोड़े जाएंगे ।

परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहने वाले परीक्षार्थी को अगली त आने वाली परीक्षा में पूर्व छात्र के रूप में बैठने की छूट होगी ।

13. परीक्षा नियंत्रक परीक्षा समाप्ति के बाद यथा सं शीघ्रातिशीघ्र परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों के न की घोषणा प्रकाशित करेगा ।

14. सफल परीक्षार्थियों का वर्गीकरण अधोलिखित रूप होगा :—

(1) सभी समस्तरों की परीक्षाओं में **प्रथम श्रे**

संयुक्त रूप से 75% तथा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी

विशेष योग्यता के

(2) सभी समस्तरों की परीक्षा में संयुक्त रूप से 60% से अधिक तथा 75% से कम अंक प्राप्तकर्ता — प्रथम श्रेणी

(3) सभी समस्तरों की परीक्षाओं में संयुक्त रूप से 60% से कम अंक प्राप्तकर्ता — द्वितीय श्रेणी

19. विनियमावली, खण्ड-2, 1988 ई. के पृष्ठ सं. 431-432, 440 तथा 441 पर दिए गए एम. डी। एस. एस. से संबंधित विनियम 6.1 तथा 6.3 तथा जिसे सिंडीकेट/सीनेट/भारत सरकार के अनुमोदन की प्रत्याशा में 1993 के प्रवेश से प्रभावी समझा जाए :

6.1 अभ्यर्थी को कुल सचिव (रजिस्ट्रार) को पंजीकरण के 1 महीने के अंदर ही अपने शोध प्रबंध के विषय के अनुमोदन के लिए आवेदन करना होगा। ऐसे आवेदन-पत्रों पर आयुर्विज्ञान संकाय एक वर्ष में चार बार निम्नलिखित तिथियों पर विचार करेगी :—

(अ) पहली जनवरी से पन्द्रह जनवरी तक

(आ) पहली अप्रैल से पन्द्रह अप्रैल तक

(इ) पहली जुलाई से पन्द्रह जुलाई तक

(ई) पहली अक्टूबर से पन्द्रह अक्टूबर तक

कुल सचिव के पास भेजने से पूर्व इस आवेदन-पत्र को उस कालेज/संस्थान के प्रमुख व्यक्ति से विधिवत् प्रमाणित कराना होगा जहां कि अभ्यर्थी अध्ययन कर रहा है।

विभागाध्यक्ष/कालेज-प्राचार्य/संस्थान का प्रमुख व्यक्ति यह प्रमाणित करेगा कि अभ्यर्थी को निर्देशन की समस्त सुविधाएं उपलब्ध होंगी। शोध प्रबंध का विषय औषधि विज्ञान तथा उसके अनुप्रयोग से संबंधित होगा।

उपर्युक्त नियत तिथियों के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन-पत्र को अनुवर्ती तिथियों पर प्राप्त हुआ समझा जाएगा। उदाहरणार्थ यदि कोई आवेदन पत्र 1 जनवरी को प्राप्त होता है, तो उसे 1 अप्रैल, की तिथि आयुर्विज्ञान संकाय द्वारा विचारार्थ लिया जाएगा।

यदि कोई अभ्यर्थी सुनिश्चित समय पर शोध प्रबंध के विषय का अनुमोदन प्राप्त करने में असफल रहता है, तो जो समय की छूट प्राप्त की जा सकती है।

1. एक महीने तक की छूट—आयुर्विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता द्वारा

2. तीन महीने तक की छूट

—कुलपति के द्वारा

यदि कोई अभ्यर्थी नौ महीने तथा तीन महीनों की छूट वाली अवधि के अंदर जैसा कि विनियम के अधीन प्रावधान किया गया है, आवेदन नहीं करता है तथा एक वर्ष के उपरान्त आवेदन करता है, तो उसका प्रशिक्षणकाल छः महीने बढ़ा दिया जाएगा।

6.3 शोध प्रबंध—इस विनियम के प्रावधानों के अनुरूप ही होगा और परीक्षा आरम्भ होने से कम से कम छः महीने पहले उसे जमा करा दिया जाएगा। तथापि परीक्षा का अंतिम परिणाम शोध प्रबंध की स्वीकृति के बाद ही घोषित किया जाएगा।

शोध प्रबंध में अभ्यर्थी की अपनी खोज अनुभव स्थापित होगी। इसमें प्रकाशनों, संदर्भों को सटीक तथा पूर्ण रूप से उद्धृत किया जाएगा। इसका स्तर अनिवार्यतः उत्कृष्ट होना चाहिए। उसकी प्रस्तुति सर्वथा स्तरीय एवं संतोषप्रद होगी। इसके अंत में संक्षेप में निष्कर्ष दिए गए होंगे, जिन पर अभ्यर्थी पहुंचा होगा। शोध प्रबंध (कागज) आकार 11" × 8½") के दोनों ओर हाशिया (1½) छोड़कर टंकित किया हुआ हो। इसकी जिल्द कपड़े की चढ़ाई हुई होगी तथा उसके ऊपर शोध प्रबंध का शीर्षक तथा अभ्यर्थी का नाम अंकित होगा।

20. बी.एफ.ए. पाठ्यक्रम (4 वर्ष) से संबंधित विनियमावली, खंड-2 1988 ई. के पृष्ठ 530-531 पर दिया गया विनियम 1.1, 2.4 तथा 2.5

1.1 बी. एफ. ए. (चित्रकला), बी. एफ. ए. (अनुप्रायोगिक कलाएं) बी.एफ.ए. (मूर्तिकला), बी. एफ. ए. (आरेखण तथा मुद्रण) का पाठ्यक्रम चार वर्ष का होगा। चारों वर्षों की वार्षिक परीक्षाएं पंजाब विश्वविद्यालय आयोजित करेगा। ये परीक्षाएं वर्ष में एक बार अप्रैल के महीने में अथवा सिंडीकेट द्वारा नियत तिथि पर होंगी।

2.4 एक सत्र के कार्य पर दिए जाने वाले कुल अंकों के 35% अंक सम्बद्ध विषय का अध्यापक देगा। इनका विभाजन इस प्रकार होगा :—

अ. प्रक्रिया	30%
आ. उत्पाद	30%
इ. मनोवृत्ति	15%
ई. समझ	25%

2.5 सत्र-कार्य के शेष 65% अंक जमा की गई फाइल (पोर्टफोलियो) पर मौखिक परीक्षा के उपरान्त दिए जाएंगे, जो एक समिति लेगी। इस समिति के सदस्य संबद्ध विषय का अध्यापक, प्राचार्य तथा बाहर का विषय-विशेषज्ञ ये तीन लोग होंगे।

21. बी. ए./बी. एस. सी. (सामान्य तथा विशेष योग्यता) परीक्षा (नवीन पद्धति) के विनियम 27.2 के प्रावधान में परिवर्द्धन, जिसे सिंडीकेट/सीनेट/भारत सरकार के अनुमोदन की प्रत्याशा में प्रभावी समझा जाए :

27.2 पूरक परीक्षा के लिए योग्य घोषित अभ्यर्थी को उपरी अगली कक्षा में प्रवेश लेने की अस्थायी छूट होगी। यदि वह दो अवसरों का उपयोग करने के बाद भी पूरक परीक्षा में इस विषय को उत्तीर्ण नहीं कर पाता है, तो उपरी अगली कक्षा का उसका परीक्षा-परिणाम निरस्त समझा जाएगा। पूरक परीक्षा वाले विषय में वह नियमित छात्र अथवा पूर्व छात्र के रूप में परीक्षा दे सकता है। यह भी प्रावधान किया जाता है कि यदि कोई परीक्षार्थी बी.ए./बी.एस. सी. भाग-2 की परीक्षा में दो निरन्तरित अवसरों में भी पूरक परीक्षा वाले विषय को उत्तीर्ण नहीं कर पाता है लेकिन बी. ए./बी. एस. सी. भाग-3 की परीक्षा को उत्तीर्ण कर लेता है, तो उसे दो और अतिरिक्त अवसर पहले वाले दो अवसरों के तुरंत बाद मिलेंगे, जिनका वह उपयोग कर चुका होगा। यदि इन अतिरिक्त दो अवसरों में भी वह

अनुत्तीर्ण रहता है, तो उसे अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया जाएगा और बी.ए./बी.एस.सी. भाग-3 का उसका परीक्षा-परिणाम स्वतः निरस्त माना जाएगा।

22. पंजाबी में एम. ए. (विशेष योग्यता) से सम्बद्ध विनियम, जिसे 1992-93 के शैक्षणिक सत्र से प्रभावी समझा जाए :

1. पंजाबी में एम. ए. (विशेष योग्यता) भाग-1 में वह व्यक्ति प्रवेश ले सकता है, जिसने :

इस विश्वविद्यालय अथवा किसी अन्य बंध विश्वविद्यालय से पंजाबी में बी.ए. (विशेष योग्यता) की उपाधि प्राप्त की हो;

अथवा

बी. ए. में द्वितीय श्रेणी प्राप्त की हो तथा पंजाबी विषय (ऐच्छिक) में कम से कम 50% अंक प्राप्त किए हों ।

अथवा

बी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो और पंजाबी (ऐच्छिक) विषय में कम से कम 60% अंक प्राप्त किए हों ।

जिस व्यक्ति ने पंजाबी विषय एम. ए. (विशेष योग्यता) भाग-1 की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली होगी, उसे ही एम. ए. (विशेष योग्यता) भाग-2 में प्रवेश मिल सकेगा ।

2. प्रत्येक वर्ष परीक्षा में छः प्रश्नपत्र होंगे । इनमें से चार प्रश्न-पत्र वे ही होंगे, जो एम.ए. (पंजाबी) में होते हैं । शेष दो प्रश्नपत्रों की पाठ्यचर्या अलग से निर्धारित की जाएगी । प्रत्येक प्रश्नपत्र 3 घंटों का होगा और पूर्णांक 100 होंगे ।

3. विशेष योग्यता के साथ एम. ए. (पंजाबी) को उत्तीर्ण करने के लिए आवश्यक होगा :

(अ) एम. ए. 1 तथा एम. ए. भाग-2 में निर्धारित उत्तीर्णांक

(आ) विशेष योग्यता वाले अतिरिक्त प्रश्नपत्रों में 40% प्राप्तांक और दोनों वर्षों के प्राप्तांकों का कुल योग 50%

4. दोनों वर्षों की परीक्षा देने पर ही विशेष योग्यता का परीक्षा-परिणाम घोषित किया जाएगा ।

5. शेष शर्तें वे ही रहेंगी, जो एम. ए. में सामान्य रूप से हैं ।

23. स्वास्थ्य-शिक्षा, शारीरिक शिक्षा क्रीडाएं विषय में बी. एस. सी. (त्रि-वर्षीय पाठ्यक्रम) से संबंधित विनियम 2.1 (बी)

2.1 (बी) 24 श्रेयांकों में से 4 श्रेयांकों के लिए प्रत्येक विद्यार्थी अंग्रेजी और पंजाबी की पाठ्यचर्या पढ़ेगा । निम्नलिखित रूप से 2 श्रेयांक पहले वर्ष में और शेष 2 श्रेयांक दूसरे वर्ष के लिए नियत रहेंगे :—

प्रथम वर्ष (1992-93)

सामान्य अंग्रेजी—2 श्रेयांक (बी. एस. सी. सामान्य पाठ्यक्रम वाली पाठ्यचर्या ही रहेगी)

द्वितीय वर्ष (1993-94)

(1) पंजाबी-1 (अनिवार्य) पंजाब का इतिहास तथा संस्कृति-1 1 श्रेयांक

"बी. एस. सी. सामान्य पाठ्यक्रम वाली पाठ्यचर्या ही रहेगी"

(2) पंजाबी-2 (अनिवार्य)/पंजाब का इतिहास तथा संस्कृति-2 1 श्रेयांक

"बी. एस. सी. सामान्य पाठ्यक्रम वाली पाठ्यचर्या ही रहेगी"

विशेष :—निम्नलिखित कोटियों के विद्यार्थी पंजाबी (अनिवार्य) के स्थान पर पंजाब का इतिहास तथा संस्कृति विषय पढ़ सकते हैं :

(1) पंजाब के अतिरिक्त अन्य प्रान्तों के विद्यार्थी, प्रतिरक्षा सेनाओं के व्यक्ति और उनके बच्चे/उनसे संरक्षित व्यक्ति, ऐसे सरकारी तथा अर्द्ध-सरकारी कर्मचारी और उनके बच्चे/उनसे संरक्षित व्यक्ति, जो विद्यार्थी के प्रवेश के अविलम्ब पहले 10 वर्षों तक पंजाब से बाहर रहे हों ।

(2) वे सभी विद्यार्थी, जिनकी पढ़ाई अभी बीच में ही हो और जिन्होंने दसवीं कक्षा तक बी.एस.सी. के पाठ्यक्रम में प्रवेश के समय पंजाबी पढ़ी ही नहीं हो, पंजाबी के स्थान पर पंजाब का इतिहास तथा संस्कृति पढ़ सकते हैं । यह सुविधा उन्हें 1992-93 के प्रवेश से दो वर्षों तक ही मिलेगी ।

(3) भारत के अनिवासी के आप्रवासी जनों (एन. आर. आई.) तथा अनिवासी उत्प्रवासी जनों (एन. आर. ई.) तथा विदेशी विद्यार्थियों के लिए भी यह सुविधा रहेगी ।

24. विनियमावली, खंड-2, 1980 ई. के अनुसार बी. काम./परीक्षा से संबंधित विनियम 11.2 जिसे सिंडीकेट/सीनेट/भारत सरकार के अनुमोदन की प्रत्याशा में प्रभावी समझा जाए :

11.2 यदि किसी अभ्यर्थी ने सभी विषयों के अंकों के कुल योग के 35% अंक प्राप्त किए हों और वह एक विषय में अनुत्तीर्ण रह गया हो तथा उसे उस विषय में 20% से कम अंक मिले हों, तो उसे उस विषय में आगामी दो परीक्षाओं में बिना अंतराल के सम्मिलित होने की अनुमति होगी और यदि वह इनमें से किसी भी परीक्षा में उस विषय को उत्तीर्ण कर लेता

है, तो यह समझा जाएगा कि उसने वह विषय उत्तीर्ण कर लिया है ।

जिस विद्यार्थी को यह सुविधा मिलेगी, वह अगली उच्चतर कक्षा में प्रवेश का अधिकारी अस्थायी रूप से होगा । यदि वह इस विषय को पूरक परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं कर पाता है, तो वह उस विषय में फिर से वार्षिक परीक्षा में अन्य विषयों के साथ उस विषय की भी परीक्षा देगा । यदि वह दूसरे प्रयास में भी उस विषय को उत्तीर्ण नहीं कर पाता है, तो उसका स्थिति के अनुसार दूसरे या तीसरे वर्ष का परीक्षा-परिणाम निरस्त कर दिया जाएगा । अगले वर्ष उस विषय में नियमित या पूर्व छात्र के रूप में परीक्षा दे सकेगा ।

यह प्रावधान किया जाता है कि यदि कोई अभ्यर्थी बी. काम. भाग-2 की परीक्षा में अनुत्तीर्ण विषय को दो निरन्तरित प्रयासों में भी उत्तीर्ण नहीं कर पाता है तथा बी.काम. भाग-3 की परीक्षा को उत्तीर्ण कर लेता है, तो उसे उपयोग किए गए दूसरे प्रयास के तुरन्त बाद दो अवसर और मिलेंगे । यदि वह इन दो अतिरिक्त प्रयासों के बाद भी उस विषय में अनुत्तीर्ण रह जाता है, तो उसे अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया जाएगा और बी.काम. भाग-3 का उसका परीक्षा-परिणाम स्वत: निरस्त समझा जाएगा ।

25. विनियमावली, खंड-2, 1988 ई. के अधीन बी. काम. परीक्षा (नवीन पद्धति) से संबंधित विनियम 15 :

15. यदि किसी अभ्यर्थी ने अन्य विश्वविद्यालय से बी. काम. प्रथम वर्ष/द्वितीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो तथा जिसको बी.काम. अंतिम वर्ष की परीक्षा इस विश्वविद्यालय की बी.काम. परीक्षा के समतुल्य स्वीकार कर ली गई हो, उसे बी.काम. भाग 2/भाग 3 की कक्षा में प्रवेश लेने की अनुमति होगी, यदि उन विषयों/पाठ्यक्रमों को उत्तीर्ण कर लेता है, जिन्हें उसने पढ़ा न हो, यदि ऐसी स्थिति हो। वह आगामी तीन निरन्तरित परीक्षाओं में उन्हें उत्तीर्ण कर सकेगा। यदि वह उन तीन निरन्तरित परीक्षाओं में उन्हें उत्तीर्ण कर पाएगा/पाएगी, तो उसका स्थिति-अनुरूप बी.काम. दूसरा वर्ष/तीसरा वर्ष का परीक्षा-परिणाम स्वत: निरस्त समझा जाएगा ।

26. बी. फार्म, पाठ्यक्रम को समाप्त करने के लिए अल्पकालिक विनियम को लागू करना तथा इसे सिंडीकेट/सीनेट/भारत सरकार के अनुमोदन की प्रत्याशा में प्रभावी माना जाए :

"जिन अभ्यार्थियों को 1986 ई. से पूर्व इस विश्वविद्यालय बी. फार्म. (पुरानी पद्धति) के पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया गया था और जिन्हें अभी भी बी. फार्म. भाग-2/भाग-3 क्रमश: उत्तीर्ण करना है, वे इन परीक्षाओं में अर्थात् बी. फार्म 2/3 में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के रूप में पुराने विनियम के अधीन 1995 ई. की पूरक परीक्षा होने तक, जबकि पुरानी पद्धति समाप्त हो जाएगी, बैठ सकते है ।

जो अभ्यर्थी सितम्बर 1995 ई. की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाएंगे, वे नई पद्धति के अधीन चार वर्ष के बी.फार्म. पाठ्यक्रम भाग-2/भाग-3 के में क्रमश: प्रवेश ले सकते हैं ।

27. एम. एस. सी. (विशेष योग्यता) परीक्षा से संबंधित विनियमावली खंड-2, 1988 ई. के पृष्ठ 150 पर दिया गया विनियम 15 (बी) :

15. (बी) कार्य-परियोजना का मूल्यांकन बाह्य परीक्षक तथा आन्तरिक परीक्षक (निदेशक) के द्वारा किया जाएगा। तथापि, दोनों परीक्षक अलग-अलग अंक उस समय देंगे, जिस समय बाह्य परीक्षक, आन्तरिक परीक्षक तथा विभागाध्यक्ष एक समिति के रूप में मौखिक परीक्षा सम्पन्न करेंगे । यदि विभागाध्यक्ष ही कार्य-परियोजना के लिए आन्तरिक परीक्षक (निदेशक) होगा, तो विभाग के सर्वाधिक वरिष्ठ अध्यापक को समिति में सम्मिलित कर लिया जाएगा ।

आन्तरिक परीक्षक (निदेशक) की अनुपस्थिति में संबद्ध विभाग का नियंत्रण मंडल (बोर्ड आफ कन्ट्रोल) **उसके स्थान पर एक उपयुक्त व्यक्ति को नियुक्त कर देगा ।**

28. विनियमावली, खंड-2, 1988 ई. के अधीन बी. एस.-सी. (सामान्य) से संबंधित विनियम 4.1 :

4.1 यदि किसी व्यक्ति ने निम्नलिखित परीक्षाओं में से किसी परीक्षा को अंग्रेजी एक विषय के रूप में लेकर उत्तीर्ण किया है, तो वह बी. ए. अथवा बी. एस-सी. (सामान्य तथा विशेष योग्यता) भाग-1 के पाठ्यक्रम में इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किसी महाविद्यालय में प्रवेश के लिए योग्य समझा जाएगा :

यह भी प्रावधान किया जाता है कि :

(1) पंजाब विश्वविद्यालय की बी. ए./बी. एस-सी./बी.काम. भाग-1 (पुरानी पद्धति)/प्री-मेडीकल/प्री-इंजीनियरिंग/इन्टरमीडिएट कला/विज्ञान/कृषि परीक्षा;

(2) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/बोर्ड/कौंसिल की 10+2 3 पद्धति पर 10+2 की परीक्षा;

(3) उपर्युक्त (1) तथा (2) के समकक्ष तथा इस विश्वविद्यालय द्वारा मान्यताप्राप्त कोई अन्य परीक्षा ।

यह भी प्रावधान किया जाता है कि :

(1) किसी व्यक्ति ने योग्यता-परीक्षा में, बी. एस-सी. पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए, कम से कम 40% अंक अवश्य प्राप्त किए हों;

(2) बी. एस-सी. में प्रवेश लेने वाले व्यक्ति ने योग्यता-परीक्षा में उसके द्वारा लिए गए तीन में से दो विज्ञान-विषय आवश्य उत्तीर्ण किए हों, जो भूगर्भ विज्ञान, भूगोल तथा नृतत्व विज्ञान के अतिरिक्त हों । यह तीसरा विषय विज्ञान-संकाय अथवा कला-संकाय उन प्रतिबंधों के अधीन लेगा, जो विनियम 2.2 (सी) में दी गई हैं ।

यह भी प्रावधान किया जाता है कि कोई विद्यार्थी निम्नलिखित विषय अध्ययनार्थ चुन सकता है :—

(1) बी. ए. के स्तर पर कंप्यूटर विज्ञान, यदि उसने विज्ञान/वाणिज्य/अर्थशास्त्र/गणित विषय के साथ +2 की परीक्षा उत्तीर्ण की है;

(2) जीव-रसायन, यदि किसी व्यक्ति ने निम्नलिखित विषय लेकर +2 की परीक्षा उत्तीर्ण की है :

(अ) भौतिकी

(आ) रसायन विज्ञान

(इ) गणित/जीवविज्ञान

29. अरबी में प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम से संबंधित विनियम, जिसे सत्र 1993-94 से प्रभावी माना जाए :

1.1 अरबी में प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम की अवधि एक शैक्षणिक सत्र होगी ।

1.2 परीक्षा सामान्यतः मई के महीने में अथवा सिंडीकेट द्वारा नियत तिथियों पर वर्ष में एक बार होगी ।

1.3 परीक्षा के प्रारम्भ होने की तिथि तथा परीक्षा में प्रवेश के फार्मों को स्वीकार करने की अंतिम तिथि, विलम्ब शुल्क के बिना तथा 5 रुपयों के विलम्ब शुल्क के साथ, सिंडीकेट द्वारा नियत होने पर, परीक्षा नियंत्रक के द्वारा अधिसूचित की जाएगी ।

2. उस व्यक्ति को इसमें प्रवेश योग्य समझा जाएगा, जिसने निम्नलिखित में से किसी परीक्षा को उत्तीर्ण कर लिया होगा ।

(अ) देश के किसी बोर्ड/विश्वविद्यालय/कौंसिल से मान्यताप्राप्त 10+2 की परीक्षा;

(आ) उपर्युक्त (अ) के समकक्ष तथा सिंडीकेट द्वारा समतुल्य मान्यताप्रदत्त किसी अन्य विश्वविद्यालय/बोर्ड कौंसिल की कोई भी परीक्षा ।

3.1 यदि किसी व्यक्ति के पास उपर्युक्त विनियम 2 में लिखित योग्यताएं हैं और अरबी विभाग के अध्यक्ष के द्वारा हस्ताक्षरित निम्नलिखित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करता है, तो वह इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के योग्य समझा जाएगा :

(अ) अच्छा चरित्र होने का;

(आ) नियत परीक्षा से पूर्व के शैक्षिक सत्र में विभाग के विधिवत विद्यार्थी होने का; तथा

(इ) कक्षा में लिए गए प्रत्येक प्रश्न-पत्र के व्याख्यानों में 60% उपस्थिति ।

3.2 इन व्याख्यानों में उपस्थिति में कमी होने पर उसको क्षमा किया जा सकता है :

(1) विभागाध्यक्ष द्वारा 15 व्याख्यानों की किसी कमी को

(2) विभागाध्यक्ष की संस्तुति पर विश्वविद्यालयीन शिक्षा के अधिष्ठाता के द्वारा 25 व्याख्यानों की कमी को ।

3.3 यदि कोई विद्यार्थी वांछित संख्या में व्याख्यानों में उपस्थित रहते हुए भी परीक्षा नहीं देता है, या परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाता है, तो विभागाध्यक्ष की अनुमति पर उसे विभाग के पूर्व छात्र के रूप में पाठ्यक्रम पूरा करने के तीन वर्ष के अन्दर फिर से परीक्षा देने का अधिकार होगा ।

4. विद्यार्थी को परीक्षा-शुल्क के रूप में 30 रु. देने होंगे ।

5.1 सीनेट द्वारा निर्दिष्ट पाठ्यचर्या के अनुरूप परीक्षा होगी ।

5.2 परीक्षा का माध्यम अरबी भाषा होगी । प्रश्न-पत्र अरबी/अंग्रेजी भाषा में होगा ।

6. परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए कम से कम प्राप्तांक होंगे :

(अ) प्रत्येक प्रश्न-पत्र में 33% अंक

(आ) कुल योग 40% अंक

(इ) मौखिक परीक्षा में 50% अंक

7.1 सफल परीक्षार्थियों का श्रेणी-विभाजन निम्नलिखित रूप में होगा :

(अ) 60% तथा उससे अधिक अंक प्राप्तिकर्ता—प्रथम श्रेणी;

(आ) 50% से अधिक तथा 60% से कम अंक प्राप्तिकर्ता—द्वितीय श्रेणी; तथा

(इ) 50% कम अंक प्राप्तिकर्ता—तृतीय श्रेणी ।

7.2 परीक्षा-नियंत्रक परीक्षा-समाप्ति के चार सप्ताह के बाद या यथासंभव शीघ्र परीक्षा-परिणाम घोषित करेगा ।

7.3 प्रत्येक सफल परीक्षार्थी को एक प्रमाण-पत्र दिया जाएगा, जिसमें प्राप्तांकों के साथ-साथ श्रेणी भी अंकित होगी ।

30. बी.एस-सी. (विशेष योग्यता) तथा एम. एस-सी. (विशेष योग्यता) परीक्षा (वार्षिक पद्धति) से संबंधित विनियम, जिसे 1992-93 के सत्र से प्रभावी माना जाए :

नतत्व विज्ञान, जीव-रसायन, जीव-भौतिकी, वनस्पति विज्ञान, रसायन, भू-गर्भ विज्ञान, गणित, सूक्ष्मजीव विज्ञान, भौतिकी तथा प्राणि विज्ञान में बी. एस-सी. (विशेष योग्यता) (वार्षिक पद्धति) से संबंधित तथा 1992-93 के प्रवेश से प्रभावी विनियम :

1. विश्वविद्यालय निम्नलिखित विषयों में बी.एस-सी. (विशेष योग्यता) की शिक्षा देगा :

(1) नतत्व विज्ञान

(2) जीव-रसायन

(3) जीव-भौतिकी

(4) वनस्पति विज्ञान

(5) रसायन विज्ञान

(6) भू-गर्भ विज्ञान

(7) गणित

(8) सूक्ष्म-जीवविज्ञान

(9) भौतिकी

(10) प्राणिविज्ञान

सिंडीकेट के पास किसी भी विषय को बढ़ाने या हटाने का अधिकार होगा । बी. एससी. (विशेष योग्यता) उपाधि का पाठ्यक्रम तीन वर्ष का होगा । पहले वर्ष के अंत में भाग-1, दूसरे वर्ष के अंत में भाग-2 तथा तीसरे वर्ष के अंत में भाग-3 की परीक्षा वर्ष में एक बार होगी । यह परीक्षा सामान्यतः अप्रैल के महीने में या सिंडीकेट द्वारा नियत तिथियों पर होगी ।

2 वह व्यक्ति जिसने निम्नलिखित में से कोई भी परीक्षा उत्तीर्ण की होगी, बी. एससी. (विशेष योग्यता) प्रथम वर्ष में प्रवेश के योग्य समझा जाएगा :—

(1) किसी भी मान्यताप्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय/कौंसिल द्वारा संचालित, 10 + 2 + 3 पद्धति के अधीन + 2 की परीक्षा जिसमें संबद्ध विषयों के नियंत्रण-मंडलों द्वारा निर्धारित विषय समूह लिए गए हों ।

(2) पंजाब विश्वविद्यालय द्वारा संचालित प्री-मेडिकल/प्री-इन्जीनियरिंग/बी. एससी. भाग-1 (मेडिकल अथवा नान मेडिकल) परीक्षा (पुरानी पद्धति वाली) ।

(3) पुराने विनियम के अधीन पंजाब विश्वविद्यालय की त्रि-वर्षीय-उपाधि पाठ्यक्रम वाली बी. ए./बी. एससी. का प्रथम वर्ष ।

(4) उपर्युक्त (2) तथा (3) के समतुल्य कोई अन्य परीक्षा (सिंडीकेट) ने मान्यता दे दी हो ।

यह प्रावधान किया जाता है कि विद्यार्थी वे सभी शर्तें पूरी करता है, जिनकी व्यवस्था संबद्ध विषयों के नियंत्रण-समितियों (बोर्डस आफ कन्ट्रोल) ने की है ।

इसके अतिरिक्त यह भी प्रावधान किया जाता है कि योग्य विद्यार्थियों को तदर्थ प्रवेश-परीक्षा के आधार पर तैयार किए गए श्रेष्ठता क्रम के आधार पर ही प्रवेश मिलेगा ।

3. बी. एससी. (विशेष योग्यता) पाठ्यक्रम में प्रविष्ट प्रत्येक विद्यार्थी को प्रमुख विषय के विश्वविद्यालय-विभाग में विधिवत विद्यार्थी बनना होगा और सिंडीकेट के द्वारा नियत शुल्क को देना होगा । विभागाध्यक्ष की संस्तुति पर शैक्षणिक मामलों का अधिष्ठाता किसी भी विद्यार्थी को शिक्षा-शुल्क देने से निश्चित अवधि के लिए मुक्त कर सकता है ।

4.1 सिंडीकेट प्रत्येक वर्ष जनवरी की समाप्ति से पूर्व नियंत्रण-समिति का गठन करेगी, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे :—

(1) उस विषय का विभागाध्यक्ष इसका अध्यक्ष होगा;

(2) उस विषय के प्रोफेसर तथा रीडर;

(3) विभागाध्यक्ष की संस्तुति पर विश्वविद्यालय के तद्विषयक प्राध्यापक (क्रमिक रूप में तथा वरिष्ठता-क्रम के आधार पर); तथा

(4) उस विषय-समूह में से प्रत्येक गौण विषय के विभाग से एक प्राध्यापक ।

4.2 अकादमिक कौंसिल के द्वारा निर्धारित नियमों के आधार पर नियंत्रण-समिति विद्यार्थियों को विषय-समूह या कक्षा में प्रवेश देने अथवा उससे निकालने में सक्षम होगी और उसके लिए विश्वविद्यालय-शिक्षा के अधिष्ठाता का अनुमोदन अवश्य लेना होगा ।

4.3 किसी दुर्व्यवहार के कारण नियंत्रण-समिति किसी भी विद्यार्थी को विशेष योग्यता के पाठ्यक्रम-समूह से निष्कासित कर सकता है ।

4.4 नियंत्रण-समिति पाठ्यचर्या तथा परीक्षकों की नियुक्ति सहित सभी मामलों की संस्तुति सिंडीकेट को करेगी ।

तथापि, पाठ्यचर्या-संबंधी संस्तुतियों को संबद्ध संकाय तथा अकादमिक कौंसिल के माध्यम से भेजा जाएगा ।

5. पाठ्यचर्या तथा पाठ्यवस्तु को सीनेट के द्वारा बी. एससी. (विशेष योग्यता) पाठ्यक्रम के लिए समय-समय पर अनुमोदित कराना होगा ।

5.1 विशेष योग्यता विषय-समूह के विद्यार्थी को पढ़ना होगा :—

(1) मुख्य विषय

(2) गौण विषय

(3) अंग्रेजी (प्रथम वर्ष में)
पंजाबी (दूसरे वर्ष में)

प्रत्येक नियंत्रण-समिति गौण विषयों की संख्या और उनके प्रकार तय कर सकती है और उसके लिए उसे अकादमिक कौंसिल का अनुमोदन लेना होगा ।

तत्त्व विज्ञान में विशेष योग्यता विषय-समूह

गौण विषय-जीव रसायन विज्ञान, भूगर्भ विज्ञान भूगोल, मानवशास्त्र, प्राणिविज्ञान या वनस्पति विज्ञान व प्राणिविज्ञान, गणित, सूक्ष्म-जीव विज्ञान तथा जीव भौतिकी

जीव-रसायन विज्ञान

प्रथम वर्ष :

रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, व प्राणिविज्ञान, गणित, भौतिकी, सूक्ष्म जीव विज्ञान तथा जीव भौतिकी

दूसरा वर्ष :

रसायन विज्ञान, जीव भौतिकी, वनस्पति विज्ञान, प्राणिविज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान, मानव रचना तथा वनस्पति विज्ञान या प्राणिविज्ञान

जीव भौतिकी

प्रथम वर्ष :

वनस्पति विज्ञान, प्राणिविज्ञान, गणित, भौतिकी तथा रसायन विज्ञान

दूसरा वर्ष :

जीव रसायन विज्ञान, भौतिकी, सूक्ष्म जीव विज्ञान तथा गणित

वनस्पति विज्ञान

प्राणि विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, भूगर्भ-विज्ञान, जीव रसायन विज्ञान, जीव भौतिकी, सूक्ष्म जीव विज्ञान तथा नृतत्व विज्ञान

रसायन विज्ञान

भौतिकी जीव विज्ञान, भूगर्भ विज्ञान, प्राणि विज्ञान तथा गणित

भूगर्भ विज्ञान

गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, भूगोल,

वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, नृतत्व विज्ञान

गणित

भौतिकी, रसायन विज्ञान, भूगर्भ विज्ञान, भूगोल, अर्थशास्त्र, दर्शन, कम्प्यूटर-तकनीक तथा जीवन विज्ञान (लाईफ सांइन्सेज)

सूक्ष्म जीव विज्ञान

प्रथम वर्ष :

रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान-या-प्राणि विज्ञान,

गणित तथा भौतिकी

द्वितीय वर्ष :

जीव-भौतिकी जीव रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान तथा नृतत्व विज्ञान

भौतिकी

गणित, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, जीव भौतिकी, कम्प्यूटर तकनीक तथा भूगर्भ विज्ञान

प्राणि विज्ञान

वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भूगर्भ विज्ञान, जीव-रसायन विज्ञान, जीव भौतिकी सूक्ष्म जीव विज्ञान तथा नृतत्व विज्ञान ।

7. बी. एस-सी. आनर्स स्कूल का प्रत्येक अभ्यर्थी निम्नलिखित प्रमाण पत्रों के साथ अपना आवेदन पत्र विभागाध्यक्ष के माध्यम से भेजेगा :—

(अ) अच्छे चरित्र का प्रमाणपत्र;

(आ) प्रत्येक पाठ्यक्रम में अलग-अलग कम से कम 56% व्याख्यानों तथा प्रयोगों में उपस्थित रहने का प्रमाणपत्र; तथा

(इ) पहले उत्तीर्ण की हुई परीक्षाओं के प्रमाणपत्र ।

नियंत्रण मंडल प्रत्येक पाठ्यक्रम में दिए गए व्याख्यानों तथा आयोजित प्रयोगों का, उपस्थिति कम रहने पर 10% अभाव व्याख्यानों तथा प्रयोगों में क्षमा कर सकता है ।

8.1 परीक्षा-नियंत्रक के पास आवेदन पत्र पहुंचने की सविलम्ब शुल्क तथा विलम्ब के बिना, अंतिम तिथि का अंतिम तिथि का निर्णय सिंडीकेट करेगी ।

8.2 प्रत्येक विद्यार्थी के द्वारा प्रत्येक वर्ष देय परीक्षा-शुल्क को सिंडीकेट तय करेगा ।

9.1 अकादमिक कौंसिल के द्वारा यथा अनमोदित रूप में प्रत्येक वर्ष के अंत में सैद्धांतिक/प्रयोगिक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी ।

9.2 परीक्षा निम्नलिखित रूप में होगी :—

प्रथम वर्ष : आनर्स स्कूल

मुख्य विषय	400 अंक
गौण पाठ्य विषय	400 अंक
अंग्रेजी	200 अंक
प्रारंभिक आयुर्विज्ञान के लिए अतिरिक्त गौण विषय	200 अंक

द्वितीय वर्ष : आनर्स स्कूल

मुख्य विषय	600 अंक
गौण विषय	400 अंक
प्रारंभिक आयुर्विज्ञान के लिए अतिरिक्त गौण विषय	200 अंक
पंजाबी (केवल उत्तीर्ण होने के लिए, तथा इसके अंक श्रेणी-निर्धारण में सम्मिलित नहीं किए जाएंगे	

तृतीय वर्ष : आनर्स स्कूल

मुख्य विषय	1000 अंक
(बी. एस-सी. आनर्स स्कूल के लिए कुल अंक)	
प्रारंभिक आयुर्विज्ञान के विषयों के अतिरिक्त विषयों के लिए	3000 अंक
प्रारम्भिक आयुर्विज्ञान के विषयों के लिए	3400 अंक

पाठ्यचर्या (सिलेबस) में प्रश्नपत्रों की संख्या-सैद्धांतिक और प्रायोगिक-तथा सैद्धांतिक और प्रायोगिक प्रश्नपत्रों के बीच अंकों

का वितरण किया जाएगा ।

10. सिंडीकेट के द्वारा अनुमोदित/निर्धारित पर परीक्षाएं उन्हीं विषयों में होंगी, जिनको पहले, दूसरे और तीसरे वर्ष अध्ययन के लिए चुना गया होगा ।

11. निम्नलिखित शर्तों के आधार पर किसी विद्यार्थी को क्रमिक रूप से वार्षिक परीक्षाओं में सम्मिलित होने दिया जाएगा :—

(1) किसी भी विषय में उत्तीर्ण होने के लिए उसके प्रत्येक सैद्धांतिक तथा प्रायोगिक (मुख्य विषय, गौण विषय, अंग्रेजी तथा पंजाबी) प्रत्येक प्रश्न पत्र में 40% अंक प्राप्त करने होंगे ।

(2) प्रत्येक विषय के प्रत्येक प्रश्नपत्र के पूर्णांक 75 होंगे, जिसकी वार्षिक परीक्षा अकादमिक सत्र के अंत में होगी । वार्षिक परीक्षा के अतिरिक्त प्रत्येक वर्ष दिसम्बर के महीने में एक आन्तरिक परीक्षा भी होगी, जिसमें प्रत्येक प्रश्न-पत्र 25 अंकों का होगा। वार्षिक परीक्षा तथा दिसम्बर की आन्तरिक परीक्षा के प्राप्तांकों को मिलाकर किसी भी विद्यार्थी का अंतिम परीक्षा परिणाम तैयार किया जाएगा ।

(3) यदि कोई विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा में एक या इससे अधिक, लेकिन प्रश्नपत्रों के 33% से अधिक में नहीं, प्रश्नपत्रों में अनुत्तीर्ण रह जाता है तो उसे अगली उच्चतर कक्षा में प्रवेश तो दे दिया जाएगा, लेकिन उसे उन प्रश्नपत्रों की पुनःपरीक्षा देनी होगी। जिनको वह उत्तीर्ण नहीं कर पाया था । उसे इनको उत्तीर्ण करने के लिए निरन्तरित दो अवसर मिलेंगे और इनमें भी उत्तीर्ण न होने पर उसे फिर से उसी पिछली कक्षा में वापस जाना होगा । वार्षिक परीक्षा में जिन प्रश्नपत्रों में कोई विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रह जाता है, उनकी परक परीक्षा विश्वविद्यालय के द्वारा नियत की गई तिथियों पर अथवा सितम्बर/अक्तूबर के महीनों में होगी । यदि वह इस परक परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाता है, तो उसे उत्तीर्ण होने के लिए वार्षिक परीक्षा में एक और अवसर मिलेगा । यदि वह इन उपर्युक्त दोनों अवसरों पर अनुत्तीर्ण रह जाता है, तो उसे पिछली कक्षा में फिर से जाना होगा ।

(4) 33% से अधिक प्रश्नपत्रों में वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण रह जाने वाले विद्यार्थी को अनुत्तीर्ण घोषित किया जाएगा और उसे पिछली कक्षा में फिर से प्रवेश लेना होगा ।

व्याख्या :—

उपर्युक्त नियमों के अधीन 4 या 5 प्रश्न पत्रों के 33% का अभिप्राय 2 प्रश्नपत्रों से होगा तथा 7 या 8 प्रश्नपत्रों के 33% का अभिप्राय 3 प्रश्नपत्रों से होगा ।

(5) श्रेणी के निर्धारण के लिए किसी भी अभ्यर्थी के द्वारा तीनों वर्षों की परीक्षाओं में सभी विषयों मुख्य, गौण तथा अंग्रेजी, पंजाबी को छोड़ करके प्राप्तांक जोड़े जाएंगे ।

12.1 संबद्ध विभागों के नियंत्रण-मंडल यह निर्णय करेंगे कि प्रश्नपत्र कैसे होने चाहिए—वस्तुनिष्ठ हों, संक्षिप्त उत्तर-दर्शी हों, समस्या-आधारित हों, आत्मनिष्ठ हों, निबंधात्मक हों या इनमें से अनेक रूप संयुक्त हों । यदि किसी विषय को एक से अधिक अध्यापक पढ़ाते हों, तो नियंत्रण-मण्डल तय करेगा कि उनमें से आन्तरिक परीक्षक कौन बने ।

12.2 केवल बाह्य परीक्षक ही विश्वविद्यालय परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र बनाएगा । इसके लिए नियंत्रण-मंडल 3.5 या इससे अधिक व्यक्तियों की एक सूची बनाएगा, जिनमें से किसी भी व्यक्ति को सक्षम अधिकारी के द्वारा प्रश्नपत्र बनाने का कार्य सौंपा जा सकता है ।

12.3 प्रश्नपत्र बनाने वालों (प्राश्निकों) को निर्धारित पाठ्य-चर्या तथा पाठ्यवस्तु दिया जाएगा, साथ ही (1) कक्षा में पढ़ाए जाने वाले विषयों (टापिकस) तथा उनको मिलने वाले अंकों के साथ उसमें संबद्ध सामग्री उपलब्ध कराने में सक्षम ग्रंथ-सूची (2) नमूने के तौर पर एक प्रश्नपत्र (3) नियंत्रण-मंडल के द्वारा ठीक समझे जाने वाले निर्देश तथा सूचनाएं, ताकि प्रश्नपत्र में संपूर्ण पाठ्यचर्या समाविष्ट हो सके तथा परीक्षार्थी की संपूर्ण और समग्र रूप परीक्षा हो सके ।

12.4 संबद्ध प्रश्नपत्र पढ़ाने वाले का दायित्व गृहपरीक्षा में प्रश्नपत्र बनाने तथा मूल्यांकन का होगा । मूल्यांकित उत्तर-पुस्तिकाएं विद्यार्थियों को दिखाई जाएंगी ।

12.5 वार्षिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन स्वतंत्र रूप से बाह्य तथा आन्तरिक परीक्षक करेंगे । यदि दोनों के द्वारा दिए गए अंकों में 15% तक का अंतर होगा, तो दोनों का औसत अंतिम परिणाम के लिए निकाल लिया जाएगा । यदि अंतर 15% से अधिक का होगा, तो उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन तीसरे परीक्षक के द्वारा कराया जाएगा । अंतिम परिणाम तीनों में से सर्वाधिक अंक देने वाले दो परीक्षकों के द्वारा दिए गए अंकों के औसत रूप में विद्यार्थी के हित में होगा ।

12.6 प्रायोगिक प्रश्नपत्रों की परीक्षा संबद्ध विषय के नियंत्रक मंडल के द्वारा तय किया गया एक बाह्य परीक्षक तथा एक या एक से अधिक आन्तरिक परीक्षकों के द्वारा ली जाएगी । नियंत्रक-मंडल ही यह तय करेगा कि किसी विद्यार्थी को पूरे वर्ष भर प्रयोगशाला में निरन्तर किए गए कार्य के आधार पर कुछ प्रतिशत अंक नियत किए जा सकते हैं या नहीं।

12.7 समय-समय पर विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए नियमों के आधार पर ही उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन स्वीकार्य होगा । तथापि पुनर्मूल्यांकन के लिए परीक्षकों को बाह्य परीक्षकों की सूची से ही नियत किया जाएगा ।

13. सफल अभ्यर्थियों को निम्नलिखित श्रेणियों में स्थान मिलेगा :—

(1) 75% या उससे अधिक अंक प्राप्तिकर्त्ता—विशेष योग्यता के साथ प्रथम श्रेणी

(2) 60% या उससे अधिक तथा 75% से कम अंकों को प्राप्तिकर्ता—प्रथम श्रेणी

(3) 50% या उससे अधिक तथा 60% से कम अंकों के प्राप्तिकर्त्ता—द्वितीय श्रेणी

(4) 40% या उससे अधिक तथा 50% से कम अंकों के प्राप्तिकर्त्ता—तृतीय श्रेणी

14. प्रत्येक वर्ष के प्राप्तांक-पत्र अभ्यर्थियों को दिए जाएंगे। उपाधि में अभ्यर्थियों के द्वारा प्राप्त श्रेणी अंकित रहेगी। प्रमाण-पत्र में आनर्स स्कूल में प्रवेश लेने तथा उसे छोड़ने की तिथि भी अंकित रहेगी।

एम. एससी. (आनर्स स्कूल) परीक्षा
(वार्षिक पद्धति)

1.1 विश्वविद्यालय एम. एस सी. (आनर्स स्कूल) के अंतर्गत निम्नलिखित विषयों में शिक्षा देगा :—

(1) नृतत्व विज्ञान
(2) वनस्पति विज्ञान
(3) रासायन विज्ञान
(4) भूगर्भ विज्ञान
(5) गणित
(6) भौतिक विज्ञान
(7) जंतु विज्ञान
(8) जीव-रासायन विज्ञान
(9) जीव-भौतिक विज्ञान
(10) सूक्ष्म-जीव विज्ञान

सिंडीकेट इस बात के लिए अधिकृत होगी कि वह किसी अन्य विषय को इसमें जोड़ सकती है या किसी विषय को समाप्त कर सकती है।

1.2 यह पाठ्यक्रम दो वर्षों का होगा।

एम. एस सी. (आनर्स स्कूल) की परीक्षा दो भागों में होगी। पहले भाग में परीक्षा पहले वर्ष की समाप्ति पर तथा दूसरे भाग की परीक्षा दूसरे वर्ष की समाप्ति पर प्रत्येक वर्ष हुआ करेगी, जो सामान्यतः अप्रैल के महीने में या सिंडीकेट के द्वारा नियत किसी तिथि पर होगी।

2.1 जिस किसी व्यक्ति ने निम्नलिखित परीक्षाओं में से कोई भी परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो, उसे ही एम. एस. सी. (आनर्स स्कूल) में प्रवेश मिल सकेगा :

(1) एम. एससी. (आनर्स स्कूल) वाले विषय में पंजाब विश्वविद्यालय की बी. एस. सी. (आनर्स स्कूल) परीक्षा)।

(2) पंजाब विश्वविद्यालय की बी. एस. सी. (उत्तीर्णांक अथवा आनर्स) परीक्षा अथवा इसमें समकक्ष पंजाब विश्वविद्यालय के द्वारा मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा, जिसमें एम. एससी. (आनर्स स्कूल) वाला विषय पढ़ा हुआ हो।

(3) पंजाब विश्वविद्यालय की बी. ए. अथवा बी. एससी. परीक्षा अथवा पंजाब विश्वविद्यालय के द्वारा मान्यता-प्राप्त इसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा यदि एम. एससी. (आनर्स स्कूल) नृतत्व विज्ञान के विषय में प्रवेश लेना हो।

यह प्रावधान किया जाता है कि इस उद्देश्य के लिए योग्यता-धारक अभ्यर्थियों का उपर्युक्त (2) तथा (3) वर्ग में आने पर एक प्रवेश परीक्षा देनी होगी, जिसमें निर्धारित श्रेष्ठता के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। सिंडीकेट के द्वारा नियत अन्य किन्हीं भी शर्तों को अभ्यर्थियों को पूरा करना होगा।

2.2 किसी भी विषय में एम. एससी. (आनर्स स्कूल) के भाग 1 की परीक्षा को उत्तीर्ण कर लेने वाले विद्यार्थी को उसी विषय के भाग-2 में प्रवेश मिलेगा।

3.1 एम. एससी. (आनर्स स्कूल) के भाग-1 के लिए नियत नियंत्रण मंडल को दूसरे वर्ष के लिए भी प्रभावी माना जाएगा।

3.2 विश्वविद्यालय के शैक्षिक अधिष्ठाता के द्वारा अनुमोदित होने पर नियंत्रक-मंडल विद्यार्थियों को प्रवेश देने के लिए अधिकृत होगा तथा अकादमिक कौंसिल के द्वारा निर्धारित नियमों के आधार पर विद्यार्थियों को इस पाठ्यक्रम से हटा देने के लिए भी अधिकृत होगा।

3.3 विश्वविद्यालय के शैक्षिक अधिष्ठाता के अनुमोदन पर नियंत्रण-मंडल किसी भी विद्यार्थी को अभद्र आचरण के कारण आनर्स स्कूल से निष्कासित कर सकता है।

3.4 नियंत्रक-मंडल पाठ्यचर्या तथा परीक्षकों की नियुक्ति सहित आनर्स स्कूल से संबंधित सभी मामलों की अनुशंसा सिंडीकेट के पास भेज सकता है। पाठ्यक्रमों से संबंधित अनुशंसाओं को संबद्ध संकाय तथा अकादमिक कौंसिल के माध्यम से भेजा जाएगा।

4. पाठ्यचर्या का अनुमोदन समय-समय पर, एम. एस सी. (आनर्स स्कूल) के लिए सीनेट करेगी।

5. भाग-1/भाग-2 की परीक्षा वही व्यक्ति दे सकेगा, जिसने एक अकादमिक सत्र पूर्व की उस परीक्षा को उत्तीर्ण कर लिया है, जिसका विनियम-2 में प्रावधान है, तथा जिसका नाम विश्वविद्यालय के उस विभागाध्यक्ष के द्वारा नियंत्रक को भेज दिया गया है जहां सत्र पूर्व उसने पढ़ाई की है, तथा जो संबद्ध विभागाध्यक्ष के द्वारा हस्ताक्षरित निम्नलिखित प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर सकें :—

(अ) परीक्षा-पूर्व के सत्र में विश्वविद्यालय के विभाग में नियमित विद्यार्थी रहे होने का प्रमाणपत्र।

(आ) भद्र आचरण का प्रमाणपत्र।

(इ) जो कक्षाओं में उपस्थित इस प्रकार रहा हो (अ) प्रत्येक प्रश्नपत्र हेतु संपूर्ण पाठ्यक्रम में कुल दिए गए व्याख्यानों का 66% (आ) प्रत्येक प्रायोगिक के लिए पाठ्यवृत्त में नियत कक्षाओं का 66% तथा (इ) लघु शोध प्रबंध के संदर्भ में विभागाध्यक्ष के निर्देशानुसार उसे समाप्त कर लिया हो।

विद्यार्थियों का भाग-2 की परीक्षा प्रारम्भ होने के कम से कम 20 दिन पहले अपना लघु शोध प्रबंध परीक्षणार्थ प्रस्तुत करना होगा ।

6. एम. एससी. (आनर्स स्कूल) में प्रत्येक विषय में सैद्धान्तिक प्रश्नपत्र, प्रायोगिक प्रश्नपत्र, क्षेत्र-कार्य तथा परियोजना-रिपोर्ट (यदि कोई हो) तथा नियंत्रक-मंडल के द्वारा यथा-निर्धारित प्रकल्प के आधार पर परीक्षा होगी । प्रश्नपत्रों की संख्या (सैद्धान्तिक तथा प्रायोगिक), (सैद्धान्तिक और प्रायोगिक प्रश्नपत्रों में), क्षेत्र-कार्य तथा परियोजना आदि की पाठ्यचर्या के अनुसार अंकों का विभाजन होगा ।

पूर्णांक इस प्रकार होंगे :—

एम. एस-सी भाग-1	1000 अंक
एम. एस-सी भाग-2	1000 अंक

7. प्रत्येक सत्र के अंत में होने वाली वार्षिक परीक्षा प्रत्येक विषय के प्रत्येक प्रश्न के नियत अंकों में से 75% अंकों की होगी। वार्षिक परीक्षा के अतिरिक्त, एक गृह-परीक्षा दिसम्बर के महीने में होगी, जिसमें प्रत्येक प्रश्नपत्र निर्धारित अंकों के 25% अंकों का होगा । किसी विद्यार्थी का अंतिम परीक्षा परिणाम वार्षिक परीक्षा तथा दिसम्बर की गृह परीक्षा के प्राप्तांकों के कुल योग के आधार पर तैयार किया जाएगा ।

व्याख्या :—प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए निर्धारित 75% तथा 25% अंक समीपस्थ 5 के गुणक में परिवर्तित होगा ।

8.1 यदि कोई विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होता है और एक या अधिक प्रश्नपत्रों में असफल हो जाता है (अर्थात् किसी प्रश्नपत्र में उसके अंतिम प्राप्तांक 40% से कम रह जाते हैं) और कुल प्रश्नपत्रों के 33% से कम, प्रश्न-पत्रों में अनुत्तीर्ण होता है, तो वह उन प्रश्नपत्रों की परीक्षा फिर से दे सकेगा तथा उसे आगामी उच्चतर कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा । वह इस पुनर्परीक्षा को दो निरन्तरित अवसरों में उत्तीर्ण कर सकता है और उनमें भी असफल रह जाने पर उसे फिर से पहली वाली कक्षा में डाल दिया जाएगा ।

8.2 वार्षिक परीक्षा में कुल प्रश्नों के 33% प्रश्नपत्रों में अनुत्तीर्ण रह जाने पर किसी भी विद्यार्थी को अनुत्तीर्ण घोषित किया जाएगा और वह पहली वाली कक्षा में प्रवेश ले सकता है ।

व्याख्या :—उपर्युक्त नियम के लिए यह सुनिश्चित किया जाता है कि 4 या 5 प्रश्न-पत्रों का 33% दो प्रश्न-पत्र को; 7 या 8 प्रश्न-पत्रों के 33% को 3 प्रश्न-पत्र समझा जाएगा ।

9. प्रत्येक विभाग के नियंत्रक-मंडल संबद्ध अधिकृत स्तरों से अनुमोदित हो जाने पर, प्रश्नपत्रों की शैली तथा उसके प्रश्नों के स्वरूप को निर्धारित कर सकते हैं और यह तय कर सकते हैं कि प्रश्न-पत्रों में वस्तुनिष्ठ/संक्षिप्त उत्तरदर्शी/समस्याधारित/निजात्मक/निबंधवत या इनके संयुक्त रूप वाले कैसे प्रश्न रखे जाएं । यदि किसी विषय को एक से अधिक व्यक्ति पढ़ा रहे हैं, तो नियंत्रक-मंडल उनमें से किसी एक व्यक्ति को आन्तरिक परीक्षक नियुक्त कर सकता है ।

10.1 वार्षिक परीक्षा के लिए बाह्य परीक्षक ही प्रश्नपत्र बनाएंगे । इस उद्देश्य से नियंत्रक-मंडल 3.5 या इससे अधिक बनाएंगे । इस उद्देश्य से नियंत्रक-मंडल 3.5 या इससे अधिक काम किसी सक्षम अधिकारी के द्वारा सौंपा जाएगा ।

10.2 प्राश्निकों को निर्धारित पाठ्यचर्या के साथ यह सामग्री भी दी जाएगी :—

(1) टापिकों का विस्तृत विवरण, जिन्हें कक्षा में पढ़ाया गया हो, उनको दिए जाने वाले अंकों का विवरण तथा वे पुस्तकें जिनसे ये टापिक पढ़ाए जाएंगे (2) एक नमूने का प्रश्नपत्र (3) नियंत्रक मंडल के द्वारा सुनाश्चित के निदेश/सूचनाएं, जो पूरे प्रश्नपत्र को समेटती हों और जिनसे विद्यार्थियों की प्रतिभा और और उनकी विषय-संबंधी समझ की परीक्षा हो सके।

10.3 गृह-परीक्षा में प्रश्न-पत्र और उत्तरपुस्तिका के जांचने की जिम्मेदारी संबद्ध प्रश्नपत्र को पढ़ाने वाले अध्यापक की होगी। मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएं विद्यार्थियों को दिखाई जाएंगी ।

10.4 वार्षिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन पृथक-पृथक बाह्य और आंतरिक परीक्षकों के द्वारा किया जाएगा । यदि उन दोनों के द्वारा प्रदत्त अंकों में 15% से कम का अंतर होगा, तो दोनों की औसत ही अंतिम अंक होंगे । यदि यह अंतर 15% से अधिक का होगा, तो उत्तरपुस्तिकाएं तीसरे परीक्षक के द्वारा मूल्यांकित की जाएंगी । अंतिम अंक विद्यार्थी के हित में अधिकतम अंक देने वाले दो परीक्षकों के मान्य होंगे ।

10.5 प्रायोगिक परीक्षा संबद्ध विषय के नियंत्रक-मंडल के द्वारा तय किए गए एक बाह्य परीक्षक तथा एक या एक से अधिक आंतरिक परीक्षक लेंगे । नियंत्रक-मंडल यह तय कर सकता है कि विद्यार्थी के द्वारा प्रयोगशाला में पूरे वर्ष भर किए गए कार्य के आधार पर आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों का कुछ प्रतिशत नियत कर दिया जाए ।

11. विश्वविद्यालय के द्वारा समय-समय पर निर्धारित नियमों के अधीन उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन कराया जा सकता है । पुनर्मूल्यांकन के लिए परीक्षकों की नियुक्ति परीक्षकों की बनी हुई सूची में से ही बनाई जाएगी ।

12. एम.एससी. (आनर्स स्कूल) की उपाधि के लिए शर्तों की आंशिक पूर्ति के लिए यदि किसी विद्यार्थी को परियोजना रिपोर्ट का विकल्प प्रदान किया गया हो, तो उसे बाद में बाह्य और आंतरिक परीक्षकों (निर्देशक) के द्वारा मूल्यांकित कराया जाएगा । दोनों परीक्षक मौखिक परीक्षा के अवसर पर ही अंकों का अलग-अलग निर्धारण करेंगे । यह मौखिक परीक्षा एक परीक्षक-मंडल लेगा, जिसमें बाह्य परीक्षक, आंतरिक परीक्षक (निर्देशक) तथा विभागाध्यक्ष सदस्य होंगे । यदि परियोजना रिपोर्ट का निर्देशन स्वयं विभागाध्यक्ष ने किया हो तो विभाग का वरिष्ठतम अध्यक्ष मौखिक परीक्षा लेने वालों में सम्मिलित कर लिया जाएगा ।

सामान्यतः विद्यार्थी एक वर्ष की समाप्ति पर परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत कर देगा । आवश्यकता पड़ने पर तथा निर्देशक और विभागाध्यक्ष की संस्तुति पर शैक्षिक मामलों के अधिष्ठाता छः महीने की अवधि और बढ़ा देगा । विशेष परिस्थितियों में छः महीने की अवधि और भी दी जा सकेगी ।

13. परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए सैद्धांतिक प्रश्नपत्र, प्रायोगिक प्रश्नपत्र, क्षेत्रकार्य तथा परियोजना में अलग-अलग कम से कम 40% अंक प्राप्त करने होंगे ।

14. उत्तीर्ण विद्यार्थी का श्रेणी-विभाजन निम्नलिखित रूप में होगा :—

(1) कुल अंकों में से 75% या विशेष योग्यता के उससे अधिक अंक प्राप्तिकर्ता—साथ प्रथम श्रेणी

(2) कुल अंकों के 60% या इससे अधिक तथा 75% से कम अंक प्राप्तकर्त्ता—प्रथम श्रेणी ।

(3) कुल अंकों के 50% या इससे अधिक तथा 60% से कम अंकों के प्राप्तिकर्त्ता—द्वितीय श्रेणी

(4) कुल अंकों के 40% या उससे अधिक तथा 50% से कम अंकों के प्राप्तकर्त्ता—तृतीय श्रेणी

15. प्रत्येक वर्ष विद्यार्थियों को प्राप्तांकों के विवरण का प्रमाण पत्र दिया जाएगा । उनकी उपाधि में उनका प्रदत्त श्रेणी भी अंकित रहेगी । इससे आनर्स कोर्स में प्रवेश लेने तथा उसे छोड़ने की तिथि भी अंकित रहेगी ।

16. उपर्युक्त नियमों में सम्मिलित नहीं रहने पर भी "फोसिस्ट" विभाग अर्थात् रसायन विज्ञान, भूगर्भ विज्ञान, गणित तथा भौतिक विज्ञान, स्वायत्तता मिली होने के कारण स्नातकोत्तर कक्षाओं में मूल्यांकन की निम्नलिखित पद्धति अपना सकते हैं :—

(1) प्रश्नपत्र बनाने तथा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराने के लिए वे आंतरिक परीक्षक ही नियुक्त किए जा सकते हैं, जो सैद्धांतिक प्रश्नपत्र पढ़ा रहे हों अथवा प्रयोगशाला की पाठ्यचर्या से जुड़े हों ।

(2) सैद्धांतिक प्रश्न पत्रों के लिए नवम्बर-दिसम्बर में एक गृह परीक्षा होगी । इसमें प्रत्येक प्रश्न-पत्र के लिए निर्धारित अंकों में से 35% अंक नियत होंगे। प्रश्न पत्र बनाने तथा उत्तर पुस्तिकाओं के जाँचने की जिम्मेदारी उस प्रश्नपत्र पढ़ाने वाले अध्यापक की होगी। जाँची हुई उत्तर पुस्तिकाएं विद्यार्थियों को दिखलाई जाएंगी ।

व्याख्या :—प्रत्येक प्रश्नपत्र में 35% अंकों की गणना निकटस्थ 5 के गुणक के अनुरूप होगी ।

(3) प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष में एक वार्षिक परीक्षा होगी, जिसमें प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए 65% नियत रहेंगे। यह परीक्षा विस्तृत होगी और पूरे पाठ्यवृत पर आधारित होगी । गृह परीक्षा से पूर्व के पाठ्यवृत और उसके उपरांत के पाठ्यवृत्त को अधिमान 1:2 के अनुपात में दिया जाएगा, जो वार्षिक परीक्षा के प्रत्येक प्रश्नपत्र में रूपायित होगा ।

(4) वार्षिक परीक्षा के प्रश्नपत्रों की संरचना संबद्ध विषय के नियंत्रक-मंडल के द्वारा तय की जाएगी । आंतरिक परीक्षक ही प्रश्नपत्र बनाएंगे और उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करेंगे । परीक्षा-परिणाम घोषित होने के पूर्व मूल्यांकित उत्तर-पुस्तिकाएं परीक्षार्थियों को दिखाई जाएंगी ।

(5) प्रत्येक प्रश्न पत्र के कुल प्राप्तांकों को निर्धारण वार्षिक परीक्षा तथा गृह परीक्षा में प्राप्तांकों के योग के आधार पर होगा ।

(6) यह आशा की जाती है कि सैद्धांतिक प्रश्नपत्रों के पढ़ाते समय गृह-कार्य, प्रश्नावली, वस्तुनिष्ठ कक्षा-परीक्षा भी संतुलित रूप में वर्ष भर दी जाएगी । इनके अंकों का अलग से अधिमान तो नहीं दिया जाएगा, लेकिन यह विद्यार्थियों को समझना होगा कि ये शिक्षण के आनवार्य अंग होंगे ।

(7) प्रायोगिक परीक्षा पूरी तरह आंतरिक होगी । इनके लिए गृह परीक्षा नहीं होगी । पूरे वर्ष भर प्रयोगशाला में विद्यार्थियों के कार्य के आधार पर 50% अंक तक का मूल्यांकन किया जा सकता है, जिसे संबद्ध विषय का नियंत्रक मंडल तय करेगा । यह आंतरिक मूल्य इस बात पर निर्भर होगा कि :

(1) विद्यार्थी किस कौशल और लगन के साथ प्रयोग करता है, (2) प्रत्येक प्रयोग की मौखिक परीक्षा उसने किस प्रकार दी है (3) प्रत्येक प्रयोग की लिखित रिपोर्ट कैसी है (4) प्रयोगशाला में उसकी उपस्थिति निरंतर कैसी रही है । प्रत्येक प्रयोग के बाद विद्यार्थी को अध्यापक के मूल्यांकन के बारे में सूचित किया जा सकता है । वार्षिक परीक्षा के अंक कम से कम 50% होंगे ।

3.1 विनियम (1) स्लोवाक भाषा में डिप्लोमा (1993-94 के सत्र से प्रभावी (1) स्लोवाक भाषा में उच्च डिप्लोमा 1994-95 के अकादमिक सत्र से प्रभावी

1.1 स्लोवाक भाषा में डिप्लोमा की अवधि एक अकादमिक वर्ष की होगी ।

1.2 सामान्यतः इसकी परीक्षा एक बार मई के महीने में अथवा सिंडीकेट द्वारा नियत तिथि पर हुआ करेगी ।

1.3 परीक्षा की तिथियों तथा परीक्षा में प्रवेश के प्रार्थना-पत्रों को स्वीकार किए जाने, बिना विलम्ब शुल्क के तथा पांच रुपए के विलम्ब-शुल्क के साथ, की तिथियों की घोषणा परीक्षा-नियंत्रक अधिसूचित करेगा ।

2. निम्नलिखित में से किसी एक परीक्षा को उत्तीर्ण किए हुए व्यक्ति को इसमें प्रवेश के योग्य माना जाएगा :—

(अ) पंजाब विश्वविद्यालय की स्लोवाक भाषा में प्रमाण-पत्र परीक्षा

(आ) किसी भी विश्वविद्यालय/बोर्ड में स्लोवाक/चेक भाषा में प्रमाणपत्र परीक्षा

(इ) किसी भी विश्वविद्यालय/बोर्ड की (अ) अथवा (आ) के समकक्ष तथा सिंडीकेट की द्वारा मान्यता प्राप्त परीक्षा ।

3.1 कोई भी व्यक्ति, जिसके पास विनियम (2) में उल्लिखित योग्यताएं हैं, तथा जो पंजाब विश्वविद्यालय रूसी भाषा में विभागाध्यक्ष अथवा इसके लिए मान्यता प्राप्त किसी कालेज के प्राचार्य के द्वारा हस्ताक्षरित निम्नलिखित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करता है, इस परीक्षा में बैठ सकता है :—

(अ) भद्र आचरण का प्रमाणपत्र

(आ) परीक्षा से सद्यः पूर्व के शैक्षिक सत्र में विभाग/कालेज के विद्यार्थी होने का प्रमाणपत्र

(इ) कक्षा में प्रत्येक व्याख्यान में कम से कम 65% उपस्थित रहने का प्रमाणपत्र ।

3.2 अभीष्ट उपस्थिति में कमी को निम्नलिखित रूप में क्षमा किया जा सकेगा :—

(1) विभागाध्यक्ष/कालेज के प्राचार्य के द्वारा स्थिति के अनुसार 10% तक

(2) विभागाध्यक्ष/कालेज के प्राचार्य के द्वारा स्थिति के अनुसार संस्तुति होने पर शैक्षिक आधिष्ठाता के द्वारा 5% तक अतिरिक्त ।

3.3 यदि कोई विद्यार्थी अभीष्ट संख्या में व्याख्यानों में उपस्थित रहा हो तथा वह परीक्षा नहीं दे सका हो, अथवा परीक्षा में अनुत्तीर्ण रह जाता हो, तो उस विभागाध्यक्ष/कालेज के प्राचार्य की संस्तुति पर, जैसी स्थिति हो, तीन वर्षों के अंदर पुनः परीक्षा देने का अधिकार होगा ।

4. यदि किसी व्यक्ति के पास विनियम 2 में उल्लिखित योग्यताएं हों, तो उसे व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा देने की अनुमति होगी, यदि वह अन्य सभी प्रकार से विनियम के अनुसार व्यक्तिगत परीक्षार्थी होने के योग्य हो । ऐसा विद्यार्थी अपना परीक्षा-प्रवेश का आवेदन पत्र विभागाध्यक्ष/कालेज-प्राचार्य के द्वारा भेजेगा ।

5. विद्यार्थी को 35 रुपए का परीक्षा-शुल्क देना होगा अथवा समय-समय पर सिंडीकेट के द्वारा तय किया गया परीक्षा-शुल्क देय माना जाएगा ।

व्यक्तिगत परीक्षार्थी से दस रुपए का अतिरिक्त परीक्षा-शुल्क लिया जाएगा अथवा समय-समय पर सिंडीकेट के द्वारा निर्धारित परीक्षा-शुल्क देय समझा जाएगा ।

6.1 परीक्षा अकादमिक परिषद् के द्वारा स्वीकृत पाठ्यक्रम के आधार पर ली जाएगी ।

6.2 परीक्षा का माध्यम स्लोवाक भाषा होगी । प्रश्नपत्र स्लोवाक भाषा में बनाए जाएंगे और परीक्षार्थी स्लोवाक भाषा में ही उत्तर लिखेंगे । केवल अनुवाद वाला प्रश्न स्लोवाक भाषा के अतिरिक्त अन्य भाषा यथा अंग्रेजी में हो सकता है ।

7. परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए कम से कम अंकों का प्रावधान इस प्रकार होगा :—

(अ) प्रत्येक सैद्धांतिक प्रश्नपत्र में 40% अंक

(आ) मौखिक परीक्षा में 40% अंक

(इ) कुल योग में 45% अंक

8. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का श्रेणी-विभाजन निम्नलिखित रूप में होगा :—

(अ) 75% या उससे अधिक
अंक प्राप्तिकर्त्ता—विशेष योग्यता

(आ) 60% या उससे अधिक
किन्तु 75% से कम अंक
प्राप्तिकर्त्ता—प्रथम श्रेणी

(इ) 50% या उससे अधिक
किन्तु 60% से कम अंक
प्राप्तिकर्त्ता—द्वितीय श्रेणी

(ई) कुल अंकों में से 50% से
कम अंक प्राप्तिकर्त्ता—तृतीय श्रेणी

8.2 परीक्षा-नियंत्रक परीक्षा-समाप्ति के चार सप्ताह के उपरांत अथवा यथासंभव शीघ्र परीक्षा-परिणाम घोषित करेगा ।

8.3 प्रत्येक उत्तीर्ण परीक्षार्थी को डिप्लोमा का प्रमाणपत्र मिलेगा, जिसमें उसकी श्रेणी अंकित रहेगी ।

1.1 स्लोवाक भाषा में उच्च डिप्लोमा की अवधि एक वर्ष की होगी ।

1.2 प्रत्येक वर्ष सामान्यतः मई के महीने में या सिंडीकेट द्वारा नियत तिथियों पर परीक्षा हुआ करेगी ।

1.3 परीक्षा के आरम्भ होने की तिथियों की तथा परीक्षा में प्रवेश के प्रार्थनापत्रों का स्वीकार किए जाने की, विलम्ब-शुल्क के बिना तथा विलम्ब-शुल्क सहित अंतिम तिथि को सिंडीकेट तय करेगा और इसकी अधिसूचना परीक्षा-नियंत्रक जारी करेगा ।

2. निम्नलिखित परीक्षाओं के उत्तीर्णक व्यक्तियों को इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के योग्य समझा जाएगा :—

(अ) बी. ए./बी. एस. सी. इस विश्वविद्यालय से, या इसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा किसी अन्य विश्वविद्यालय से

तथा

(आ) इस विश्वविद्यालय की स्लोवाक डिप्लोमा परीक्षा अथवा किसी अन्य विश्वविद्यालय की इसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा ।

3.1 जो व्यक्ति विनियम 2 में निर्धारित योग्यताओं से सम्पन्न हों, तथा जो विभागाध्यक्ष, रूसी विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय या इस विश्वविद्यालय से संबद्ध जहां यह पाठ्यक्रम पढ़ाया जाता हो किसी कालेज प्राचार्य के द्वारा हस्ताक्षरित निम्नलिखित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें, वह ही इस परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा :—

(अ) भद्र आचरण का प्रमाणपत्र

(आ) परीक्षा के सद्यः पूर्व सत्र विभाग/कालेज में नियमित विद्यार्थी रहने का प्रमाण पत्र

(इ) प्रत्येक कक्षा में कम से कम 65% उपस्थिति रहने का प्रमाण पत्र ।

3.2 अभीष्ट संख्या में उपस्थिति में कमी को इस प्रकार क्षमा किया जा सकेगा :—

(1) स्थिति के अनुसार विभागाध्यक्ष/कालेज-प्राचार्य के द्वारा कुल दिए गए व्याख्यानों का 10%

(2) विश्वविद्यालय के शैक्षिक डीन के द्वारा विभागाध्यक्ष/कालेज प्राचार्य की संस्तुति पर कुल दिए गए व्याख्यानों का अतिरिक्त 5% ।

3.3 यदि किसी विद्यार्थी ने अभीष्ट संख्या में उपस्थिति रहते हुए भी परीक्षा न दे पाया हो, या परीक्षा में असफल रह गया हो, तो वह विभागाध्यक्ष/कालेज-प्राचार्य की संस्तुति पर व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में तीन वर्षों के अंदर परीक्षा दे सकता है ।

4. प्रत्येक विद्यार्थी के लिए 40 रुपए का परीक्षा-शुल्क देय होगा अथवा उतना जितना कि समय-समय पर सिंडीकेट तय करे। व्यक्तिगत परीक्षार्थी से 10 रु. अतिरिक्त शुल्क अथवा सिंडीकेट द्वारा तय किया गया अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा।

5.1 परीक्षा अकादमी कौंसिल के द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार ली जाएगी।

5.2 परीक्षा का माध्यम संबद्ध भाषा ही होगी।

6. परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए न्यूनतम अंकों का प्रावधान इस प्रकार होगा :

(अ) प्रत्येक सैद्धांतिक प्रश्नपत्र में 40% अंक

(आ) स्लोवाक भाषा की मौखिक परीक्षा में 40% अंक

(इ) कुल प्राप्तांक 45%

7.1 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का श्रेणी-विभाजन अधोलिखित रूप में होगा :

(अ) कुल योग के 75% या उससे अधिक अंक पाने वाले ...विशेष योग्यता

(आ) कुल योग के 60% या उससे अधिक किन्तु 75% से कम अंक पाने वाले ...प्रथम श्रेणी

(इ) कुल योग के 50% या उससे अधिक किंतु 60% से कम अंक पाने वाले ...द्वितीय श्रेणी

(ई) कुल योग के 50% से कम अंक पाने वाले तृतीय श्रेणी

7.2 परीक्षा-समाप्ति के चार सप्ताह के अन्दर या यथा संभव शीघ्र परीक्षा नियंत्रक परीक्षा-परिणाम घोषित करेगा।

7.3 प्रत्येक सफल अभ्यर्थी को डिप्लोमा का प्रमाणपत्र मिलेगा, जिसमें उसकी श्रेणी अंकित रहेगी।

32. (1) व्यवहारिक पंजाबी में प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम (शैक्षिक सत्र 1991-92 से, (2) पंजाबी भाषा तथा साहित्य में डिप्लोमा पाठ्यक्रम (शैक्षिक सत्र 1991-92 से), (3) बंगला में एक-वर्षीय प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, (4) स्नातकोत्तर हिन्दी पत्रकारिता में द्वि-वर्षीय पाठ्यक्रम (व्यावहारिक हिन्दी) 1993 के सत्र से (जीव प्रौद्योगिकी में एम एस सी) (द्वि-वर्षीय) समसत्र पद्धति पर पाठ्यक्रम जिसमें प्रवेश 1991 के सत्र से प्रवेश आरम्भ होंगे: परिशिष्ट के अनुरूप; से सम्बद्ध विनियम:

व्यावहारिक पंजाबी में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम से संबंधित विनियम (1991-92 के सत्र से प्रभावी)

1. इस पाठ्यक्रम की अवधि एक वर्ष की होगी।

2. इसकी परीक्षा वर्ष में एक बार सामान्यतः मई के महीने में या सिंडीकेट के द्वारा निश्चित की गई तिथियों पर होगी।

3. सिंडीकेट के द्वारा तय की गई परीक्षा आरंभ होने की तिथि, विलम्ब-शुल्क के बिना और विलम्ब शुल्क के साथ प्रवेशार्थ आवेदन पत्र स्वीकार किए जाने की तिथि और परीक्षा-नियंत्रक अधिसूचित करेगा।

4. निम्नलिखित परीक्षाओं को पंजाबी विषय के बिना उत्तीर्ण कर चुके हुए व्यक्तियों को इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के योग्य समझा जाएगा :—

— (उत्तीर्ण) परीक्षा, जो किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/कौंसिल/विश्वविद्यालय या किसी अन्य संस्था ने आयोजित की हो

अथवा

— इस विश्वविद्यालय की या इस विश्वविद्यालय के द्वारा मान्य किसी संस्था/बोर्ड/कौंसिल/विश्वविद्यालय बी. ए. भाग-1 (उत्तीर्ण) परीक्षा।

अथवा

— एफ. ए. (प्राचीन) या इस विश्वविद्यालय के द्वारा मान्य इसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा।

5. जिस व्यक्ति के पास उपर्युक्त अधिनियम में निर्दिष्ट योग्यताएं हों और जो निम्नलिखित प्रमाणपत्र, पंजाब विश्वविद्यालय के पंजाबी विभाग के अध्यक्ष या संबद्ध संस्था के प्रमुख के द्वारा हस्ताक्षरित करवा कर, प्रस्तुत करे, वह इस परीक्षा में सम्मिलित होने का अधिकारी होगा :

(अ) भद्र आचरण का प्रमाणपत्र

(आ) परीक्षा के अधःपूर्व सत्र में विभाग/संस्था में विधिवत विद्यार्थी होने का प्रमाण पत्र

(इ) कक्षा में प्रत्येक प्रश्नपत्र में दिए गए कुल व्याख्यानों के 65% में उपस्थित रहने का प्रमाणपत्र

6. निम्नलिखित रूप में व्याख्यानों में उपस्थिति की कमी को क्षमा किया जा सकेगा

(1) स्थिति के अनुसार विभागाध्यक्ष/संस्था प्रमुख के द्वारा कुल दिए गए व्याख्यानों का 10%

(2) विभागाध्यक्ष/संस्था-प्रमुख की संस्तुति पर कुल दिए गए व्याख्यानों को स्थिति के अनुसार, और 5% विश्वविद्यालय के शैक्षिक डीन के द्वारा

7. यदि कोई व्यक्ति अभीष्ट संस्था में व्याख्यानों में उपस्थित रहा हो और उसने परीक्षा नहीं दी हो या परीक्षा में अनुत्तीर्ण रह गया हो, तो उसे विभागाध्यक्ष/संस्था-प्रमुख की संस्तुति पर उस संस्था के पूर्व विद्यार्थी के रूप में तीन वर्ष के अन्दर परीक्षा में सम्मिलित होने की छूट होगी।

8. प्रत्येक व्यक्ति के लिए 30 रुपए या सिंडीकेट के द्वारा तय किया गया परीक्षा शुल्क देय होगा।

इसके अतिरिक्त प्रत्येक व्यक्तिगत परीक्षार्थी से 10 रुपये या या सिंडीकेट के द्वारा जितना तय किया गया हो, परीक्षा शुल्क देय होगा।

9. परीक्षा अकादमिक कौंसिल के द्वारा तय किए गए पाठ्यक्रम के अनुसार ही ली जाएगी।

10 परीक्षा का माध्यम पंजाबी भाषा होगी। परीक्षा के प्रश्नपत्र पंजाबी में ही बनाए जाएंगे और उनके उत्तर भी पंजाबी में ही लिखने होंगे। केवल अनुवाद अंग्रेजी में भी हो सकता है।

11. परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए न्यूनतम अंक इस प्रकार होंगे:—

(अ) प्रत्येक सैद्धांतिक प्रश्नपत्र में 40% अंक

(आ) मौखिक परीक्षा में, यदि कोई हो 40%

(इ) कुल प्राप्तांक 45%

12. उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को निम्नलिखित श्रेणियों में रखा जाएगा—

(अ) कुल अंकों का 60% या इससे अधिक अंक प्राप्तिकर्ता—प्रथम श्रेणी

(आ) कुल अंकों का 50% या इससे अधिक किन्तु 60% से कम—द्वितीय श्रेणी

(इ) कुल अंकों का 50% से कम अंक प्राप्तिकर्ता—तृतीय श्रेणी

13. परीक्षा की समाप्ति के चार सप्ताह के अन्दर या यथा-संभव शीघ्र परीक्षा-नियंत्रक परीक्षा-परिणाम घोषित करेगा ।

14. सफल परीक्षार्थियों को एक प्रमाणपत्र मिलेगा, जिसमें उनके द्वारा प्राप्त की गई श्रेणी में अंकित रहेगी ।

पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़

पंजाबी भाषा एवं संस्कृति में डिप्लोमा से संबंधित विनियम

(सत्र 1991-92 से प्रभावी)

1. इस डिप्लोमा पाठ्यक्रम की अवधि एक वर्ष की होगी ।

2. इसकी परीक्षा वर्ष में एक बार सामान्यतः मई के महीने में या फिर सिंडीकेट के द्वारा नियत तिथियों पर हुआ करेगी ।

3. सिंडीकेट के द्वारा निश्चित की गई परीक्षा आरम्भ होने, विलम्ब शुल्क के समय तथा विलम्ब शुल्क के बिना परीक्षा में प्रवेश के प्रार्थनापत्र स्वीकार किए जाने की तिथियों की अधिसूचना परीक्षा-नियन्त्रक निकालेगा ।

4. निम्नलिखित परीक्षाओं में से किसी एक को उत्तीर्ण कर चुके हुए व्यक्ति को इस पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने के योग्य समझा जाएगा :

इस विश्वविद्यालय की बी० ए० (उत्तीर्ण) बी० एस० सी० (उत्तीर्ण) या इस विश्वविद्यालय के द्वारा मान्यता प्राप्त कोई अन्य समकक्ष परीक्षा

अथवा

इस विश्वविद्यालय की व्यावहारिक पंजाबी में प्रमाणपत्र परीक्षा को उत्तीर्ण कर लिया हो ।

5. जिस व्यक्ति के पास विनियम 4 में निर्दिष्ट योग्यताएं हों और जिसने विश्वविद्यालय के पंजाबी विभागाध्यक्ष/इस पाठ्यक्रम से सम्बद्ध संस्था के प्रमुख के द्वारा हस्ताक्षरित, जैसी भी स्थिति हो, निम्नलिखित प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर दिए हों, वह इस परीक्षा में सम्मिलित होने के योग्य समझा जाएगा :

(अ) भद्र आचरण का प्रमाण पत्र ।

(आ) यथास्थिति विभाग/संस्था में परीक्षा से सद्यःपूर्व सत्र में विधिवत विद्यार्थी रहने का प्रमाण पत्र ।

(इ) कक्षा में दिए गए प्रत्येक प्रश्नपत्र के कुल व्याख्यानों के कम से कम 65% में उपस्थिति रहने का प्रमाण पत्र ।

अभीष्ट संख्या में उपस्थिति में कमी को अधोलिखित रूप में क्षमा किया जा सकता है :

1. कुल दिए गए व्याख्यानों में 10% की कमी पर यथा-स्थिति विभागाध्यक्ष/संस्था प्रमुख के द्वारा क्षमा दान ।

2. कुल दिए गए व्याख्यानों के अतिरिक्त 5% का विभागाध्यक्ष/संस्था-प्रमुख की संस्तुति पर विश्वविद्यालय के शैक्षिक डीन के द्वारा क्षमा-दान ।

7. यदि कोई विद्यार्थी अभीष्ट संख्या में व्याख्यानों में उपस्थित रहा हो और उसने परीक्षा नहीं दी हो, अथवा उसमें अनुत्तीर्ण रह गया हो, तो वह विभागाध्यक्ष/संस्था-प्रमुख की संस्तुति पर पाठ्यक्रम की समाप्ति के तीन वर्ष के अन्दर पूर्व-विद्यार्थी के रूप में परीक्षा दे सकता है ।

8. प्रत्येक परीक्षार्थी के लिए 35 रुपये का अथवा सिंडीकेट के द्वारा तय किया गया परीक्षा-शुल्क देय होगा ।

9. व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के लिए 10 रुपए का अतिरिक्त परीक्षा-शुल्क अथवा सिंडीकेट के द्वारा तय किया गया/संशोधित अतिरिक्त परीक्षा-शुल्क देय होगा ।

10. परीक्षा का माध्यम पंजाबी भाषा होगी । प्रश्न पत्र पंजाबी में तैयार किए जाएंगे और उनके उत्तर भी परीक्षार्थियों को पंजाबी में ही लिखने होंगे । केवल अनुवाद वाला भाग अंग्रेजी भाषा में किया जा सकता है ।

11. इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए न्यूनतम अंक निम्नलिखित रूप से मान्य होंगे ।

(अ) प्रत्येक सैद्धांतिक प्रश्न पत्र में 40% अंक ।

(आ) यदि कोई हो, तो मौखिक परीक्षा में 40% अंक ।

(इ) कुल प्राप्तांक 45% ।

12. उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की श्रेणियां इस प्रकार होंगी :

(अ) कुल अंकों में से 75% या इससे अधिक अंक प्राप्तिकर्ता ——— विशेष योग्यता ।

(आ) कुल अंकों में से 60% या इससे अधिक किन्तु 75% से कम अंकों के प्राप्तिकर्ता ——— प्रथम श्रेणी ।

(इ) कुल अंकों में 50% या इससे अधिक किन्तु 60% से कम अंकों के प्राप्तिकर्ता ——— द्वितीय श्रेणी ।

(ई) कुल अंकों में से 50% या उससे कम अंकों के प्राप्तिकर्ता———तृतीय श्रेणी ।

13. परीक्षा-नियन्त्रक परीक्षा-समाप्ति के चार सप्ताह के अन्दर या यथासम्भव शीघ्र परीक्षा-परिणाम घोषित करेगा ।

14. प्रत्येक उत्तीर्ण विद्यार्थी को डिप्लोमा का प्रमाण-पत्र मिलेगा, जिसमें उसकी श्रेणी अंकित रहेगी ।

पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़

बंगला में प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम से संबंधित विनियम

1.1 बंगला में प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम एक अकादमिक वर्ष का होगा ।

1.2 इसकी परीक्षा वर्ष में एक बार सामान्यतः मई के महीने में अथवा सिंडीकेट के द्वारा निश्चित तिथियों पर हुआ करेगी ।

1.3 सिंडीकेट के द्वारा निश्चित की गई परीक्षा आरम्भ होने की, विलम्ब शुल्क के बिना और विलम्ब-शुल्क के साथ परीक्षा में प्रवेश के आवेदन पत्र स्वीकार किए जाने की तिथि की अधिसूचना परीक्षा-नियन्त्रक जारी करेगा ।

2. निम्नलिखित योग्यताओं का धारक कोई भी व्यक्ति इस पाठ्यक्रम में प्रवेश पा सकता है—

(अ) पंजाब/हरियाणा के शिक्षा-बोर्ड/दिल्ली के सी० बी० एस० ई० की 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो ।

अथवा

(आ) उपर्युक्त (अ) के समकक्ष किसी अन्य विश्वविद्यालय बोर्ड की कोई भी अन्य परीक्षा, जो सिंडीकेट के द्वारा मान्य हो ।

3.1 किसी भी व्यक्ति के पास यदि उपर्युक्त विनियम 2 में कही गई योग्यताएं हों और वह निम्नलिखित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर दे, तो उसे परीक्षा में सम्मिलित होने के योग्य माना जाएगा :

(अ) भंग आचरण का प्रमाण-पत्र ।

(आ) परीक्षा के सद्यःपूर्व सत्र में विभाग का विधिवत विद्यार्थी होने का प्रमाण-पत्र ।

(इ) प्रत्येक प्रश्नपत्र की कक्षा में कुल दिए गए व्याख्यानों में से 66% व्याख्यानों में उपस्थित रहने का प्रमाण-पत्र ।

3.2 अभीष्ट संख्या में उपस्थिति की कमी को इस प्रकार क्षमा किया जा सकता है ।

(1) कुल दिए गए व्याख्यानों में 10% की कमी को विभागाध्यक्ष/कालेज का प्राचार्य परिस्थिति के अनुरूप क्षमा कर सकता है ।

(2) विभागाध्यक्ष/कालेज के प्राचार्य की संस्तुति पर अतिरिक्त 5% व्याख्यानों में उपस्थिति की कमी को विश्वविद्यालय का शैक्षिक डीन क्षमा कर सकता है ।

3.3 यदि किसी व्यक्ति के पास उपर्युक्त विनियम 2 में कही गई योग्यताएं हैं और उसे व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्राप्त है, विनियम के अनुरूप जो विद्यार्थी प्री-यूनिवर्सिटी (मानविकी संवर्ग) की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं, वे भी इस परीक्षा में सम्मिलित होने के योग्य समझे जाएंगे । ऐसे परीक्षार्थी विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष के माध्यम से अपना परीक्षा-आवेदनपत्र भेजेंगे ।

3.4 यदि किसी विद्यार्थी ने अभीष्ट संख्या में उपस्थिति प्राप्त कर रखी है और वह परीक्षा नहीं देता है, अथवा परीक्षा में अनुत्तीर्ण रह जाता है, तो वह विभागाध्यक्ष की संस्तुति पर व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में तीन वर्ष के अन्दर परीक्षा दे सकने योग्य माना जाएगा ।

4. प्रत्येक परीक्षार्थी के लिए 30 रुपए का परीक्षा-शुल्क देय होगा । प्रत्येक व्यक्तिगत परीक्षार्थी से 10 रुपए का अतिरिक्त परीक्षा-शुल्क लिया जाएगा ।

5.1 सीनेट के द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार ही परीक्षा ली जाएगी ।

5.2 परीक्षा का माध्यम बंगला भाषा होगी । बंगला में ही प्रश्नपत्र बनाए जाएंगे और उत्तर भी बंगला में ही लिखने होंगे । केवल अनुवाद अंग्रेजी में लिखा जा सकता है ।

6. उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम प्राप्तांक निम्नलिखित रूप में निर्धारित हैं :

(अ) सैद्धान्तिक प्रश्नपत्रों में 40% अंक ।

(आ) मौखिक परीक्षा में 40% अंक ।

(इ) 45% अंक (आ) के योग के रूप में ।

7.1 उत्तीर्ण अभ्यर्थी निम्नलिखित रूप में श्रेणी-विभाजित होंगे ।

(अ) 60% या उससे अधिक अंक———प्रथम श्रेणी ।

(आ) 50% या उससे अधिक, किन्तु 60% से कम अंक पाने वाले———द्वितीय श्रेणी ।

(इ) 50% से कम अंक पाने वाले———तृतीय श्रेणी ।

7.2 परीक्षा समाप्ति के 4 सप्ताह के बाद या यथासम्भव शीघ्र परीक्षा-नियन्त्रक परीक्षा-परिणाम घोषित करेगा ।

7.3 प्रत्येक उत्तीर्ण विद्यार्थी को एक प्रमाण-पत्र दिया जाएगा, जिसमें उसके द्वारा प्राप्त की गई श्रेणी के साथ-साथ उसके प्राप्तांक भी अंकित रहेंगे ।

पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़

स्नातकोत्तर हिन्दी पत्रकारिता डिप्लोमा (व्यावहारिक हिन्दी) :

1993 के प्रवेश से प्रभावी : से सम्बन्धित विनियम ।

1.1 स्नातकोत्तर हिन्दी-पत्रकारिता डिप्लोमा (व्यावहारिक हिन्दी स्कीम) की अवधि दो अकादमिक वर्ष होगी ।

1.2 यह एक अंशकालिक पाठ्यक्रम होगा, जिसकी कक्षाएं प्रातः काल तथा/अथवा सायंकाल लगा करेंगी ।

1.3 स्नातकोत्तर हिन्दी-पत्रकारिता डिप्लोमा (व्यावहारिक हिन्दी स्कीम) की परीक्षा दो भागों में ली जाएगी । भाग-1 की परीक्षा पहले वर्ष के पाठ्यक्रम की समाप्ति पर और भाग-2 की परीक्षा दूसरे वर्ष के पाठ्यक्रम की समाप्ति पर ली जाएगी ।

1.4 भाग-1 और भाग-2 की परीक्षा सामान्यतः अप्रैल के महीने में या सिंडीकेट के द्वारा तय की गई तिथियों में होगी ।

1.5 सिंडीकेट के द्वारा तय की गई प्रवेश प्रार्थना-पत्र लेने की अन्तिम परीक्षा नियन्त्रक के द्वारा जनसंचार विभाग के अध्यक्ष को अधिसूचित की जाएगी ।

1.6 सिंडीकेट के द्वारा निश्चित की गई परीक्षा की तिथि परीक्षा-नियन्त्रक के द्वारा जनसंचार विभाग के अध्यक्ष को अधिसूचित की जाएगी ।

2.1 विश्वविद्यालय के द्वारा प्रवर्तित नियमों के अधीन, प्रवेश-परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा ।

2.2 भाग-1 में उसी व्यक्ति को प्रवेश के योग्य माना जाएगा जो—

(अ) हिन्दी विषय के साथ स्नातक-परीक्षा उत्तीर्ण कर चुका हो ।

(आ) किसी अन्य विश्वविद्यालय की (अ) के समकक्ष योग्यता प्राप्त कर चुका हो ।

3.1 भाग-1 की परीक्षा वही विद्यार्थी दे सकेगा जो—

(1) परीक्षा से सद्यःपूर्व के सत्र में विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिन्दी पत्रकारिता डिप्लोमा के पाठ्यक्रम का विधिवत विद्यार्थी रहा हो ।

(2) जनसंचार विभाग के अध्यक्ष के द्वारा हस्ताक्षरित निम्नलिखित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर चुका हो :

(अ) भद्र आचरण का प्रमाणपत्र ।

(आ) परीक्षा से सद्यःपूर्व के सत्र में कक्षा में प्रत्येक प्रश्न पत्र में दिए गए कुल व्याख्यानों में से कम से कम 65% में उपस्थित रहा हो;

(इ) आन्तरिक मूल्यांकन में जिसे कम से कम 40% अंक मिले हों (प्रत्येक अकादमिक वर्ष में मार्च के महीने तक कक्षा में हुई परीक्षाओं/व्यावहारिक प्रदत्त कार्य के आधार पर अध्यापकों के द्वारा अंक दिए जाएंगे) ।

4.1 जिस विद्यार्थी ने प्रत्येक प्रश्नपत्र में 40% अंक लेकर भाग-1 की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो और उसके कुल प्राप्तांक 50% हों, उसे ही डिप्लोमा पाठ्यक्रम के भाग-2 में प्रवेश योग्य समझा जाएगा ।

4.2 यदि किसी विद्यार्थी ने भाग-1 में 50% कुल अंक प्राप्त कर लिए हों और वह एक प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण रह गया हो और उस प्रश्नपत्र में उसके प्राप्तांक 25% से कम न हों, तो वह डिप्लोमा पाठ्यक्रम के भाग-2 में प्रवेश के योग्य समझा जाएगा ।

5. भाग-2 की परीक्षा में उसी विद्यार्थी को प्रवेश मिलेगा, जो विनियम 4.1 के अधीन भाग-1 की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुका हो अथवा जो 4.2 विनियम के अधीन योग्य समझा जाए, तथा,

(1) जो परीक्षा से सद्यःपूर्व के अकादमिक सत्र में भाग-2 डिप्लोमा कक्षा का विधिवत विद्यार्थी रहा हो ।

(2) जो जनसंचार विभाग के अध्यक्ष के द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित निम्नलिखित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें :

(अ) परीक्षा से सद्यःपूर्व के सत्र में प्रत्येक प्रश्नपत्र की कक्षा में कुल दिए गए व्याख्यानों में से कम से कम 66% में उपस्थित रहने का प्रमाणपत्र ।

(आ) आन्तरिक मूल्यांकन में कम से कम 40 अंक प्राप्त करने का प्रमाणपत्र (ये अंक अध्यापक कक्षा में किए गए परीक्षण/प्रायोगिक कार्य, जो पूरे वर्ष भर अर्थात मार्च तक चलेंगे, के आधार पर दिए जाएंगे) ।

6.1 विभागाध्यक्ष भाग-1 तथा भाग-2 में उपस्थिति की कमी को प्रत्येक प्रश्नपत्र में दो व्याख्यानों के हिसाब से क्षमा कर सकता है ।

6.2 यदि किसी विद्यार्थी ने अभीष्ट संख्या में उपस्थित रहते हुए भी परीक्षा नहीं दी हो, या परीक्षा में अनुत्तीर्ण रह गया हो, तो उसे व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में उस भाग के पाठ्यक्रम की समाप्ति के तीन वर्ष के अन्दर परीक्षा देने की अनुमति मिलेगी (यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम के भाग-1 तथा भाग-2 पर लागू होगा) ।

7. प्रत्येक भाग के लिए विद्यार्थी को परीक्षा शुल्क के रूप में 45 रुपये देने होंगे ।

8. परीक्षा का माध्यम हिन्दी भाषा होगी ।

9. अकादमिक कौंसिल के द्वारा पारित पाठ्यक्रम के आधार पर ही भाग-1 तथा भाग-2 परीक्षा ली जाएगी ।

10.1 हिन्दी-पत्रकारिता की डिप्लोमा परीक्षा के भाग-1 तथा भाग-2 को उत्तीर्ण करने के लिए प्रत्येक प्रश्नपत्र में न्यूनतम अंक 40% लेने होंगे और न्यूनतम कुल प्राप्तांक 50% लेने होंगे ।

10.2 उत्तीर्ण हुए विद्यार्थी, जो 60% या उससे अधिक अंक पाएंगे उनको प्रथम श्रेणी में, तथा शेष को द्वितीय श्रेणी में रखा जाएगा।

10.3 यदि कोई विद्यार्थी प्रत्येक भाग (भाग-1 तथा भाग-2) में 50% अंक प्राप्त करता है। किन्तु केवल एक प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण रह जाता है और उसमें उसे 25% या उससे अधिक अंक मिलते हैं तो उसे विकल्प मिलेगा कि वह चाहे तो अगली परीक्षा/परीक्षाओं में प्रवेश ले ले और वह उस प्रश्न पत्र की ही परीक्षा दे दे और यदि वह उस प्रश्नपत्र को उत्तीर्ण कर लेता है, तो यह मान लिया जाएगा कि उसने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, बशर्ते ऐसे विद्यार्थी को अनुत्तीर्णता की तिथि के बाद की तीन निरन्तरित परीक्षाओं में उस पूरक परीक्षा को उत्तीर्ण करना होगा ।

10.4 परीक्षा-नियन्त्रक परीक्षा-समाप्ति के चार सप्ताह पश्चात अथवा यथासम्भव शीघ्र परीक्षा-परिणाम घोषित कर देगा ।

10.5 प्रत्येक सफल विद्यार्थी को एक डिप्लोमा प्रमाण-पत्र मिलेगा, जिसमें उसकी श्रेणी अंकित रहेगी ।

10.6 इस डिप्लोमा (स्नातकोत्तर हिन्दी-पत्रकारिता डिप्लोमा) पर नियन्त्रण जनसंचार विभाग के नियन्त्रण-मंडल तथा जनसंचार विभाग का पाठ्यक्रम समिति का रहेगा ।

पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़

जीव-प्रौद्योगिकी में एम० एस-सी० (त्रिवर्षीय समस्तर पद्धति) से सम्बंधित विनियम

(इस प्रथम वर्ष के लिए 1991-92 के सत्र से तथा द्वितीय वर्ष के लिए 1992-93 के सत्र से प्रभावी समझा जाए) ।

1. जीव प्रौद्योगिकी में एम० एस-सी० पाठ्यक्रम की अवधि दो अकादमिक वर्ष (चार समस्तर) होगी ।

2. निम्नलिखित योग्यताओं का धारक व्यक्ति, जो पंजाब विश्वविद्यालय/या किसी अन्य विश्वविद्यालय/या पंजाब विश्वविद्यालय से मान्यताप्राप्त किसी अन्य संस्थान की हो, इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के योग्य समझा जाएगा :

भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, औषधि विज्ञान, कृषि विज्ञान, पशु विज्ञान, मत्स्यविज्ञान की (10+2+3 पद्धति पर) स्नातक परीक्षा अथवा अभियान्त्रिकी, प्रौद्योगिकी, आयुर्विज्ञान, (एम० बी० बी० एस०), जो किसी भी विश्वविद्यालय/संस्थान से हो और जो पंजाब विश्वविद्यालय से मान्यताप्राप्त हो। अभ्यर्थी ने स्नातक स्तर पर 55% अंक अवश्य प्राप्त किए हों ।

3. समय-समय पर सिंडीकेट के द्वारा निर्धारित नियमों का अनुपालन करते हुए ली जाने वाली प्रवेश-परीक्षा के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा ।

4. समय-समय पर अनुमोदित पाठ्यचर्या के आधार पर ही परीक्षा ली जाएगी ।

5. ऊपर विनियम 2 में दी गई योग्यताओं का धारक व्यक्ति केन्द्र के अध्यक्ष/संयोजक के द्वारा हस्ताक्षरित निम्नलिखित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के पश्चात इसकी परीक्षा में सम्मिलित होने के योग्य समझा जाएगा :

(अ) भद्र आचरण का प्रमाण-पत्र ।

(आ) परीक्षा से सद्यःपूर्व के अकादमिक सत्र में केन्द्र के विधिवत विद्यार्थी रहने का प्रमाणपत्र ।

(इ) कक्षा में प्रत्येक सैद्धान्तिक और प्रायोगिक प्रश्नपत्रों में अलग-अलग कम से कम 66% उपस्थिति का प्रमाण पत्र ।

6. मूल्यांकन की पद्धति मुक्त और निरन्तरित होगी । सत्रारम्भ से पूर्व सिंडीकेट अध्यापन और परीक्षा कार्यक्रम अनुमोदित करेगी । केन्द्र के संयोजक के द्वारा अंक और उत्तरपुस्तिकाएं विद्यार्थियों को दिखाने के बाद परीक्षा-नियन्त्रक के पास तुरन्त भेज दी जाएंगी ।

7. जीव-प्रौद्योगिकी केन्द्र की गतिविधियों के सम्यक संयोजन के उद्देश्य से सिंडीकेट एक नियन्त्रण-मंडल का गठन करेगी । नियन्त्रण-मंडल के अध्यक्ष तथा केन्द्र के संयोजक की नियुक्ति कुलपति करेगा । केन्द्र का संयोजक ही नियन्त्रण-मंडल का संयोजक होगा ।

8. नियन्त्रण-मंडल प्रत्येक प्रश्न पत्र में उपस्थिति की कमी को 5% तक क्षमा कर सकता है ।

9. प्रत्येक समस्तर के आरम्भ में ही अन्य शुल्कों के साथ मूल्यांकन का शुल्क भी विद्यार्थियों के लिए देय होगा ।

10. परीक्षा का माध्यम और शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी होगी ।

11. परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए प्रत्येक लिखित प्रश्नपत्र, प्रायोगिक प्रश्नपत्र, मौखिक परीक्षा तथा सत्रात्मक परीक्षा (निरन्तरित प्रयोगशाला फार्म, कक्षा कार्य, शोधात्मक निष्पादन आदि पर आधारित) में कम से कम 50% प्राप्तांक अलग-अलग अवश्य होंगे ।

12. कोई भी कृपांक नहीं दिया जाएगा ।

13. विद्यार्थी का परीक्षा-परिणाम उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण के रूप में होगा। तथापि, कुछ विशेष मामलों में (उदाहरणार्थ) स्वास्थ्य के आधार पर, नियन्त्रण-मंडल प्रत्येक समस्तर में केवल ऐ प्रश्नपत्र की पुनर्परीक्षा की अनुमति दे सकता है। यह परीक्षा आगे आने वाली स्थायी परीक्षा के समय ही दी जा सकेगी। कोई विशेष परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी।

14. सफल अभ्यर्थियों को निम्नलिखित श्रेणियों में रखा जाएगा :

(अ) कुल अंकों में से 75% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले ——— विशेष योग्यता के साथ प्रथम श्रेणी

(आ) कुल अंकों में से 60% या उससे अधिक किन्तु 75% से कम अंक प्राप्त करने वाले ——— प्रथम श्रेणी

(इ) कुल अंकों में से 50% या उससे अधिक किन्तु 60% से कम अंक प्राप्त करने वाले ——— द्वितीय श्रेणी

15. पाठ्यक्रम के दौरान सभी प्राप्तांकों को एकत्र करके परीक्षा-संयोजक परीक्षा का परिणाम घोषित करेगा।

16. प्रत्येक सफल विद्यार्थी को उपाधि दी जाएगी, जिसमें सैद्धांतिक प्रश्नपत्रों और प्रायोगिक प्रश्नपत्रों के पृथक-पृथक प्राप्तांकों के साथ उसके द्वारा अर्जित श्रेणी भी अंकित रहेगी।

33. विनियमावली, खंड-2 के पृष्ठ 373-74 पर दिए गए डाक्टर आफ फिलासफी की उपाधि से संबंधित विनियम 12 और 19

वर्तमान विनियम	संशोधित विनियम
12. प्रत्येक अभ्यर्थी अपनी एनरोलमेंट की तिथि से तीन वर्ष तक पूर्णकालिक शोध करने के बाद ही अपना शोध प्रबन्ध प्रस्तुत करेगा। पूर्णकालिक शोध का यह प्रतिबन्ध किसी भी विश्वविद्यालय के विधि विभाग, संकाय अथवा किसी भी शिक्षाविद्यालय से संबद्ध किसी कालेज के विधि को पढ़ाने वाले अध्यापक पर लागू नहीं होगा। ऐसे व्यक्ति को केवल अभीष्ट तीन वर्ष की अवधि तक शोध करना होगा। यह भी प्रावधान किया जाता है कि शोधनिर्देशक के विचार-विमर्श के उपरान्त विभागाध्यक्ष की संस्तुति पर, विशेष कारणों को लिखते हुए, एक वर्ष की अवधि और बढ़ाई जा सकती है।	12. प्रत्येक अभ्यर्थी अपनी एनरोलमेंट की तिथि से तीन वर्ष तक पूर्णकालिक शोध करने के बाद ही अपना शोध प्रबन्ध प्रस्तुत करेगा। यह भी प्रावधान किया जाता है कि यह पूर्णकालिक शोध का प्रतिबन्ध विधि का अध्यापन करने वाले किसी भी विश्वविद्यालय के विधि विभाग, संकाय किसी भी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विधि-कालेज या किसी सरकारी या अर्द्ध-सरकारी संस्था, अथवा किसी भी विश्वविद्यालय या मान्यताप्राप्त संस्था में शोध में संलग्न अथवा न्यायिक अधिकार, वकालत में संलग्न एडवोकेट अथवा विधि-अधिकारी के रूप में अभ्यर्थियों पर लागू नहीं होगा। तथापि, ऐसे अभ्यर्थी अभीष्ट तीन वर्षों की अवधि तक शोध करेंगे। यह भी प्रावधान किया जाता है कि यह पूर्णकालिक शोध का प्रतिबन्ध उन अभ्यर्थियों पर भी लागू नहीं होगा, जो वैसे तो पी० एच० डी० करने के योग्य हैं, किन्तु उपर्युक्त श्रेणियों में वे नहीं आते हैं। ऐसे अभ्यर्थियों को पांच वर्षों की अभीष्ट अवधि तक शोध करना पड़ेगा। यह भी प्रावधान किया जाता है कि यदि संकाय चाहे तो विधि-विभाग के अध्यक्ष के द्वारा, शोध-निर्देशक से विचार-विमर्श के बाद संस्तुति किए जाने पर, विशेष कारणों का उल्लेख करते हुए, अधिकतम एक वर्ष की अवधि में छूट दे सकती है।
19. वह अभ्यर्थी, जो अपने एनरोलमेंट के तीन वर्ष के अन्दर अपना शोध प्रबन्ध प्रस्तुत नहीं कर पाएगा, अपने शोध निर्देशक एवं विभागाध्यक्ष के माध्यम से अवधि विस्तार के लिए आवेदन पत्र देगा। विधि संकाय अधिकतम दो वर्ष की अवधि को बढ़ाने में सक्षम होगी अर्थात अभ्यर्थी एनरोलमेंट की तिथि से 5 वर्ष के अन्दर अपना शोध प्रबन्ध अवश्य प्रस्तुत कर दें।	19. यदि कोई अभ्यर्थी अपना शोध प्रबन्ध एनरोलमेंट की तिथि से तीन/पांच वर्षों के अन्दर पूरा नहीं करता है, जैसी भी स्थिति हो, तो वह अपना शोध निर्देशक और विभागाध्यक्ष के माध्यम से अवधि विस्तार के लिए आवेदन करेगा। विधि संकाय अधिकतम दो वर्ष की अवधि बढ़ा सकती है अर्थात प्रत्येक शिक्षार्थी को अपनी एनरोलमेंट की तिथि से पांच/सात वर्ष की कुल अवधि की समाप्ति की तिथि पर अपना शोध प्रबन्ध अवश्य प्रस्तुत करना पड़ेगा।

एस० के० शर्मा
उप-कुल सचिव (सामान्य)

चंडीगढ़
दिनांक 30-8-1995

मेरी उपस्थिति में पंजाब विश्वविद्यालय की सामान्य मौहर लगा कर इसे मौहरबन्द किया गया।
आज दिनांक अगस्त 30, 1995

एस० पी० धवन
कुल सचिव

सं० 6-95/जी० आर०:—शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार ने अपने पत्रांक एफ 3-1/93 यू० 1 दिनांक 24-2-95-के द्वारा निम्नलिखित विनियमों को अनुमोदित कर दिया है :—

1. पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली, खण्ड 1, 1989 के पृष्ठ 65-66 पर दिया गया विनियम संख्या 4 :

4. निम्नलिखित विषयों की पाठ्यक्रम समितियों तथा उसके संयोजकों को सिण्डीकेट नामित करेगी :

(I से XIV) *** *** ***

(i) पाठ्यक्रम समिति XIX से XXXIII, XLII तथा XIV तक सम्बन्ध संकाय का अधिष्ठाता इन समितियों का सदस्य पदेन होगा।

(ii) रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग का अध्यक्ष पदेन पाठ्यक्रम समिति का सदस्य होगा।

iii) अभियांत्रिकी महाविद्यालय का प्राचार्य रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त, सभी पाठ्यक्रम समितियों का सदस्य पदेन होगा।

2. बी० ए०/बी० एससी० (सामान्य तथा आनर्स) की परीक्षाओं से संबंधित विनियम संख्या 21 :

21 बी० ए०/बी० एस० सी० (आनर्स) परीक्षा के लिये न्यूनतम उत्तीर्णांक सम्बन्ध विषय के सामान्य प्रश्नपत्रों तथा आनर्स के प्रश्नपत्रों में, दूसरे वर्ष तथा तीसरे वर्ष की परीक्षाओं के सम्मिलित परिणाम के आधार पर; 45 प्रतिशत होंगे।

शर्त यह है कि यह प्रतिशत पृथक-पृथक रूप में लिखित परीक्षा तथा प्रायोगिक परीक्षा में बाह्य मूल्यांकन; भूगोल विषय में मानचित्रीय कार्य के बाह्य मूल्यांकन; पर लागू होगा। किसी भी परीक्षार्थी के द्वारा दूसरे वर्ष की परीक्षा में प्राप्त अंकों को सम्बंध महाविद्यालय के प्राचार्य को सूचित कर दिया जाएगा।

बी०ए०/बी० एस०-सी० (आनर्स) का सम्पूर्ण परीक्षा-परिणाम आनर्स वाले विषय के सामान्य प्रश्न पत्रों में दूसरे वर्ष तथा तीसरे वर्ष की परीक्षा में प्राप्तांकों तथा बी० ए०/बी० एस०-सी० दूसरे तथा तीसरे वर्ष की परीक्षा में आनर्स के प्रश्न पत्रों के प्राप्तांकों के योग के आधार पर तय होगा।

यह भी शर्त है कि यदि कोई परिक्षार्थी आनर्स के प्रश्नपत्रों में न्यूनतम अभीष्ट अंक प्राप्त कर लेता है, किन्तु आनर्स वाले विषय के सामान्य प्रश्नपत्रों में न्यूनतम अभीष्ट अंक प्राप्त करने में असफल रहता है, तो उसे उस विषय में कुल अंकों के एक प्रतिशत ग्रेस अंक दूसरे वर्ष तथा तीसरे वर्ष की परीक्षा में, सामान्य कोर्स के लिये, दिये जायेंगे ताकि वह आनर्स परीक्षा के लिये योग्यता प्राप्त कर सके।

3. विश्वविद्यालय विनियमावली, खण्ड II, 1988 के पृष्ठ 114 पर दिया गया एम० ए० से संबंधित विनियम 8.1 तथा पृष्ठ 122 पर दिये गये एम० ए०/एम० एस०-सी० (समस्तर पद्धति) पर दिया गया विनियम 13 (जिसे सीनेट/भारत सरकार के अनुमोदन की प्रत्याशा में सत्र 1991-92 से प्रभावी समझा जाए) :

8.1 परीक्षा का माध्यम अधोलिखित रहेगा :—

संस्कृत के लिए	संस्कृत, हिन्दी, पंजाबी या अंग्रेजी, परीक्षार्थी के द्वारा चुने जाने पर परीक्षार्थी उपर्युक्त माध्यमों में से किसी को भी किसी भी प्रश्न-पत्र में उत्तर देने के लिये चुन सकता है।
फारसी के लिये	फारसी, उर्दू या अंग्रेजी, परीक्षार्थी के द्वारा जो भी चुना जाए।
अरबी के लिये	उर्दू या अंग्रेजी, परीक्षार्थी के द्वारा जो भी चुना जाए।
हिन्दी के लिये	हिन्दी
पंजाबी के लिये	पंजाबी
उर्दू के लिये	उर्दू
संगीत के लिये	अंग्रेजी या हिन्दी या जाबी या उर्दू
तमिल के लिये	तमिल
अन्य विषयों के लिये	अंग्रेजी या हिन्दी या पंजाबी

यह प्रावधान किया जाता है कि संस्कृत, फारसी, अंग्रेजी, हिन्दी या पंजाबी या उर्दू में निबन्ध वाले प्रश्न पत्र का माध्यम वही भाषा होगी, जो मुख्य विषय है।

13 परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी या हिन्दी या पंजाबी भाषा होगी।

4. पंजाब विश्वविद्यालय विनियमावली, खण्ड II, 1988 के पृष्ठ 381 पर दिया गया बेचलर ऑफ इंजीनियरिंग परीक्षा से संबंधित विनियम 3 तथा पृष्ठ 540 पर दिया गया बेचलर आफ आर्कीटेक्चर परीक्षा से संबंधित विनियम 2 :

3. कोई भी ऐसा अभ्यर्थी प्रथम समस्तर के पाठ्यक्रम किसी भी शाखा में प्रवेश ले सकेगा :

(अ) जिसने 10+2 की परीक्षा (विज्ञान के वर्ग की), या इसके समकक्ष परीक्षा, जिसे किसी भी मान्यता

प्राप्त बोर्ड/यूनीवर्सिटी/कौंसिल ने संचालित किया हो, अंग्रेजी, भौतिकी, रसायन विज्ञान तथा गणित विषय लेकर उत्तीर्ण की हो;

(आ) जिसने प्रवेशार्थ ली गई परीक्षा में बनाये गये नियमों के अधीन न्यूनतम अंक प्राप्त कर योग्यता प्राप्त कर ली हो। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति तथा अन्य सभी आरक्षित कोटियों के लिए न्यूनतम योग्यता-अंक अनारक्षित कोटियों के लिये निर्धारित न्यूनतम योग्यता-अंक के दो तिहाई होंगे;

(इ) प्रवेशार्थ परीक्षा में प्राप्त वरीयता-क्रम ही प्रवेश का आधार होगा।

यह प्रावधान किया जाता है कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति तथा पिछड़े वर्गों के विद्यार्थियों के लिये (आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को छोड़कर (50% अंकों को अर्हता को 5% कम कर दिया जाएगा यदि उन्होंने विनियमों के अनुरूप न्यूनतम उत्तीर्णांक प्राप्त कर लिये हों।

बेचलर आफ आर्कीटेक्चर (वास्तुशिल्प स्नातक) परीक्षा से संबंधित विनियम 2 :

2. (अ) जिन्होंने किसी भी मान्यताप्राप्त बोर्ड/यूनिवर्सिटी/कौंसिल के द्वारा आयोजित 10+2 (विज्ञान वर्ग की) परीक्षा या उसके समकक्ष परीक्षा, अंग्रेजी, भौतिकी, रसायन विज्ञान तथा गणित विषय लेकर उत्तीर्ण की हो, ऐसे विद्यार्थी वास्तुशिल्प स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के योग्य समझे जायेंगे।

(आ) अभ्यर्थियों को प्रवेशार्थ परीक्षा में योग्यता प्राप्त करनी होगी और प्रवेश के लिए प्रवेशार्थ परीक्षा की वरीयता सूची ही आधार होगी।

5. पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली, खंड–II, 1988 के पृष्ठ 423 पर दिया गया एम० बी० बी० एस० से संबंधित विनियम:

7.1 परीक्षा–नियंत्रक परीक्षा-समाप्ति के दो सप्ताह के पश्चात् या यथा–संभव परीक्षा–परिणाम प्रकाशित कर देगा।

7.2 सभी विषयों को एक ही अवसर में उत्तीर्ण कर लेने वाले विद्यार्थी को उस विषय में "विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण" घोषित किया जाएगा, जिसमें उसने कम से कम 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों।

7.3 "विशेष योग्यता" उसी विद्यार्थी को प्रदत्त की जाएगी जिसकी उत्तर-पुस्तिकाओं को चारों परीक्षकों ने मूल्यांकित किया हो और सम्मिलित रूप से उसकी मौखिक परीक्षा ली हो।

7.4 उसी विद्यार्थी को "आनर्स" के साथ एम० बी० बी० एस० की उपाधि दी जाएगी

(अ) जिसने अपना पाठ्यक्रम न्यूनतम अवसरों में पूर्णतया उत्तीर्ण कर लिया हो; तथा

(आ) जिसने प्रत्येक प्रथम, द्वितीय, अंतिम भाग I तथा अंतिम भाग II परीक्षाएं–पहली बार में ही उत्तीर्ण कर ली हों और प्रत्येक परीक्षा में प्रत्येक विषय में 70% कम अंक प्राप्त न कर लिए हों।

7.5 (अ) प्रथम/द्वितीय/अंतिम भाग I परीक्षा में सफल परीक्षार्थी को एक प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। एम० बी० बी० एस० भाग II, की परीक्षा में सफल परीक्षार्थी को विनियम 8 में उल्लिखित, पैरा –स्नातक परीक्षा में पूर्णता के बाद होने वाले प्रशिक्षण के बाद उपाधि प्रदान की जाएगी।

6. विनियमावली, खंड–II, 1988 के पृष्ठ 551–554 पर उल्लिखित विनियम में संशोधन तथा पत्राचार पाठ्यक्रम निदेशालय के नाम में परिवर्तन :

पत्राचार अध्ययन:

1.1 पंजाब विश्वविद्यालय पत्राचार अध्ययन विभाग, चंडीगढ़, होगा।
इसमें अध्यापन पत्राचार के माध्यम के प्रत्येक परीक्षा के लिए होगा, जिसका निर्णय समय–समय पर सिंडीकेट करेगी।

1.2 पत्राचार अध्ययन विभाग में ऐसा कोई भी भारतीय नागरिक प्रवेश लेने में सक्षम होगा, जो भारत के किसी भी भाग का निवासी हो, अस्थायी रूप से विदेश में रहता हो और जो प्रवेश की शर्तें पूरी करता हो। सिंडीकेट विदेश के किसी भी व्यक्ति को इस विभाग में प्रवेश पाने की अनुमति दे सकती है, यदि वह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के संयोजकात्मक निर्देशों के अनुरूप हो।

1.3 इस विभाग में अध्ययन के अभिलाषी व्यक्ति को इस विभाग में स्वयं को नामांकित कराना होगा, और समय–समय पर निर्धारित होने वाले शुल्क को देना होगा।

1.4 (i) यदि निर्धारित तिथि तक पूर्ण या आंशिक रूप से शुल्क न दिए जाने के कारण कोई व्यक्ति नामांकित नहीं हो पाता है, तो उसके द्वारा प्रदत्त शुल्क को लौटाया नहीं जाएगा।

(i) यदि किसी व्यक्ति के द्वारा निर्धारित तिथि तक आवश्यक प्रमाणपत्र न दिए जाने के कारण अथवा जाली प्रमाण-पत्र दिए जाने के कारण उसका नामांकन नहीं होता है, तो भी उसके द्वारा प्रदत्त शुल्क को लौटाया नहीं जाएगा।

(ii) यदि कोई व्यक्ति बीच में ही अपना अध्ययन छोड़ देता, तो भी उसके द्वारा प्रदत्त शुल्क को लौटाया नहीं जाएगा।

(iii) यदि किसी व्यक्ति को अयोग्य होने के कारण नामांकित नहीं किया जाता है, तो उसके द्वारा प्रदत्त शुल्क 25% अंश को काटकर लौटा दिया जाएगा।

(iv) जब कभी शुल्क की वापसी की अनुमति होगी तो इस विभाग के द्वारा पत्र के निर्गमित होने की तिथि के छः मास के अंदर ही एतदर्थ आवेदन करना होगा, ऐसा न होने पर यह आवेदन अस्वीकृत हो जाएगा।

2.1 पत्राचार अध्ययन विभाग में नामांकित व्यक्ति को जिसके अध्यक्ष को निम्नलिखित प्रमाण-पत्र देने होंगे:—

(अ) निर्धारित प्रारूप, पत्रक तथा प्रमाण-पत्र, तथा

(आ) विभागाध्यक्ष द्वारा निर्धारित तिथि तक, उसके पास भेजे गए प्रदत्त कार्य (एसायनमेंट तथा उत्तर-पत्रावली) (रेसपांससीटस) का कम से कम 20 प्रतिशत भाग। ऐसा न किए जाने पर वह व्यक्ति परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगा।

2.2 उसे पत्राचार अध्ययन विभाग के अध्यक्ष के पास संबद्ध विश्वविद्यालयीय परीक्षा के लिए अपना आवेदनपत्र देना होगा, जिसके साथ समय-समय पर सुनिश्चित परीक्षा-शुल्क भी जमा कराना होगा।

2.3 विश्वविद्यालय के द्वारा तय किए गए परीक्षा-शुल्क के साथ आवेदन पत्र, सविलम्ब-शुल्क तथा बिना विलम्ब शुल्क की तिथियों के परीक्षा नियंत्रक अधिसूचित करेगा।

2.4 अंतिम तिथि के पश्चात् भी किसी भी व्यक्ति को आवेदन पत्र और शुल्क लिया जा सकेगा :—

(i) पांच रुपये के विलम्ब शुल्क के साथ 10 दिन तक और पूर्ववर्ती वर्ष की 31 दिसम्बर की तिथि तक तीस रुपए के विलम्ब शुल्क के साथ;

(ii) सौ रुपए के विलम्ब शुल्क के साथ 31 जनवरी तक

3.1 पंजाब विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों और उसके सभी नियमित अध्यापन-विभागों पर लागू होने वाले पाठ्यवृत्त और पाठ्यचर्या से सम्बन्धित सभी विनियम पत्राचार अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों पर भी प्रभावी होंगे, जिनको छोड़कर —

(अ) उपस्थिति की वांछनीयता,

(आ) गृह-परीक्षा में योग्यता प्राप्त करने की वांछनीयता।

3.2 बी० काम परीक्षा के विषय में, आंतरिक मूल्यांकन के अंक सम्मिलित नहीं किए जाएंगे, तथा प्रत्येक प्रश्नपत्र में प्राप्तांकों को उस अनुपात में बढ़ा दिया जाएगा।

4 पत्राचार अध्ययन विभाग में पंजीकृत, जिसे विभागाध्यक्ष ने किसी भी पाठ्यक्रम के लिए योग्य मान लिया हो और जो उसके लिए नियत अर्हताओं को पूरा करता हो, किसी भी विद्यार्थी को उस परीक्षा में सम्मिलित होने दिया जाएगा। प्रत्येक व्यक्ति को विश्वविद्यालय के द्वारा नियत परीक्षा-केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होना पड़ेगा।

5. पत्राचार अध्ययन विभाग का कोई भी विधिवत् विद्यार्थी विश्वविद्यालयीय परीक्षा में सम्मिलित न होने पर अथवा सम्मिलित होने के उपरांत अनुत्तीर्ण रह जाने पर, बी० काम० में एक वर्ष तक, डिप्लोमा परीक्षा में दो वर्षों तक तथा अन्य परीक्षाओं में तीन वर्षों तक विगत परीक्षा के तुरंत बाद और विधिवत् विद्यार्थी बना रह सकता है, जिस परीक्षा में विनियम 4 के अधीन उसने अर्हताएं पूरी की थीं। इस संदर्भ में उसे दस रुपए प्रतिवर्ष की दर से शुल्क देना होगा और विश्वविद्यालयीय परीक्षा में वह पत्राचार अध्ययन विभाग के भूतपूर्व विद्यार्थी के रूप में सम्मिलित हो सकेगा।

यह प्रावधान किया जाता है कि पत्राचार अध्ययन विभाग का विधिवत् विद्यार्थी, जो सत्रस्तर पद्धति एम० ए० की परीक्षा में सम्मिलित होता है और वह उस पाठ्यक्रम में पुनः सम्मिलित होने में सक्षम सिद्ध होता है, तो उसे एम० ए० पाठ्यक्रम को पूरा करने तक विधिवत् विद्यार्थी बना रहने दिया जाएगा और एतदर्थ उसे प्रत्येक बार भूतपूर्व विद्यार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होते समय दस रुपये के हिसाब से शुल्क देना होगा।

6. वे विदेशी विद्यार्थी, जिन्होंने इस विश्वविद्यालय के पत्राचार अध्ययन विभाग के विद्यार्थी के रूप में बी० ए०/बी० काम० भाग I या भाग II अथवा एम० भाग I की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, अपने-अपने देशों में रहते हुए अपने-अपने एकीकृत पाठ्यक्रम पूरे कर सकते हैं और उनको विनियम में उल्लिखित अवसर ही संबद्ध परीक्षाओं के लिए मिल सकेंगे।

7. प्राक्शास्त्री तथा शास्त्री परीक्षाओं से सम्बन्धित विनियम 6.2।

6.3 यदि कोई परीक्षार्थी कम से कम 20 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के बाद भी किसी प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण रह जाता है और प्राक्शास्त्री परीक्षा में कुल योग के रूप में कम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करता है, तो उसे पुनः उस प्रश्नपत्र में परीक्षा देने की आगामी परीक्षाओं में अनुमति होगी।

प्रत्येक अवसर पर उसे उसका ही शुल्क देना होगा, जो पूरी परीक्षा का होगा। यदि वह इन दोनों परीक्षाओं में से किसी भी परीक्षा में उस प्रश्नपत्र को उत्तीर्ण कर लेता है तो उसे उस परीक्षा में उत्तीर्ण माना जाएगा।

6.4 यदि कोई परीक्षार्थी कम से कम 20 प्रतिशत अंक पाता हुआ किसी एक प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण रह जाता है और उसे कुल योग के कम से कम 40 प्रतिशत शास्त्री परीक्षा में मिलते हैं, तो उसे पूरी परीक्षा का प्रत्येक बार शुल्क देते हुए आगामी दो परीक्षाओं में केवल उसी प्रश्नपत्र में परीक्षा देने की अनुमति होगी और यदि वह इन के दोनों अवसरों में से किसी एक में वह प्रश्नपत्र उत्तीर्ण कर लेता है, तो उसे उस परीक्षा में उत्तीर्ण माना जाएगा।

यह प्रावधान किया जाता है कि नियमित प्रतिरक्षा सेवाओं के सदस्य के लिए, प्रतिरक्षा में व्यस्तता के कारणों से इन अवसरों का लाभ उठाने में असमर्थ रहने पर, सिंडीकेट इन अवसरों को बढ़ा सकती है।

10. नवीन पद्धति के अधीन बी० ए०/बी० एस० सी० (सामान्य तथा आनर्स परीक्षाओं से सम्बन्धित विनियम 31 तथा 32 1)

31. किसी भी व्यक्ति को, पंजाब यूनीवर्सिटी की बी० ए०/बी० एस०-सी० (सामान्य) तथा बी० ए० बी०एस० सी० (आनर्स) उपाधि मिल जाने के बाद भी, किसी विषय में जिसे वह पहले उत्तीर्ण कर चुका है, अपने परीक्षा-परिणाम को पहले से अच्छा बनाने की दृष्टि से व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में पुनः परीक्षा देने की अनुमति होगी। वह प्रथम द्वितीय या तृतीय वर्ष या इनमें से किसी भी वर्ष की परीक्षा दे सकता है।

इस उद्देश्य के लिए वह अप्रैल/सितम्बर (जैसी भी स्थिति हो) की परीक्षा में, तृतीय वर्ष की परीक्षा देने के तुरंत बाद वाले वर्ष में निम्नलिखित रूप में सम्मिलित हो सकता है:

(i) प्रथम वर्ष ..... पूरक परीक्षा में

(ii) द्वितीय वर्ष
तृतीय वर्ष ..... वार्षिक परीक्षा में।

32.1 यदि किसी व्यक्ति ने बी० ए० बी० एस०-सी० (सामान्य) अथवा बी० ए०/बी० एस०-सी० (आनर्स) परीक्षा इस विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण कर ली है, वह व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में किसी भी आगामी बी० ए०/बी० एस०-सी० (सामान्य) अथवा बी० ए०/बी० एस०-सी० (आनर्स) परीक्षा में किसी भी उस परीक्षा के लिए निर्धारित उस विषय में या विषयों में परीक्षा दे सकता है, जिसे या जिन्हें उसने उत्तीर्ण नहीं कर रखा है।

विज्ञान के विषय/विषयों के मामले में परीक्षार्थी किसी भी संबद्ध पढ़ाविद्यालय में अध्ययन करेंगे और महाविद्यालय के प्राचार्य का प्रमाणपत्र इस आशय का प्रस्तुत करेंगे कि उसने वह पाठ्यक्रम पूरा किया।

एतदर्थ उसे प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय वर्ष की परीक्षा निम्नलिखित रूप में देनी होगी :—

(अ) बी० ए०/बी एस०सी० सामान्य) :

(i) प्रथम वर्ष ..... पूरक परीक्षा में

(ii) द्वितीय तथा
तृतीय वर्ष ..... वार्षिक परीक्षा में।

(आ) बी० ए० बी० एस०सी० (आनर्स):

एक साथ द्वितीय तथा ..... वार्षिक परीक्षा से
तृतीय वर्ष ..... ।

9. नई पद्धति के अधीन बी० कॉम० (सामान्य तथा आनर्स) परीक्षाओं के लिये विनियम 23 (बी)

आनर्स के प्रश्नपत्रों में कुल योग के 50% अंक, जो प्रत्येक प्रश्न पत्र में कम से कम 40% अंक होने चाहिये।

10. विनियमावली खण्ड-II, 1988 के पृष्ठ 72 पर दिया गया बी० ए०/बी० एस० सी० परीक्षाओं से संबंधित विनियम 19.6, 305 पर दिया गया बी० कॉम (आनर्स) विषयक विनियम 18(डी), पृष्ठ 100-101 पर दिया गया पुस्तकालय विज्ञान में प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम (पत्राचार के द्वारा) विषयक विनियम 3, 4 और 12 तथा पृष्ठ 346-348 पर उल्लिखित कार्यालय संगठन तथा कार्य प्रणाली में डिप्लोमा विषयक विनियम 4.2, 5, 8, 9 तथा 10, जनसंख्या शिक्षा में एक-वर्षीय डिप्लोमा विषयक विनियम 4, 6, 7, 10 तथा 11, सांख्यिकी में एक-वर्षीय डिप्लोमा विषयक विनियम 1, 2 तथा 10 तथा बी० ए०/बी० एस० सी० (सामान्य तथा आनर्स) से संबंधित विनियम, 22; पत्राचार पाठ्यक्रम निदेशालय का नाम पत्राचार अध्ययन विभाग हो जाने के फलस्वरूप ;

बी० ए०/बी० एस० सी०

19.6 पत्राचार अध्ययन विभाग से भूगोल विषय में बी० ए० (आनर्स) परीक्षा देने के लिये किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से सम्बन्ध किसी संस्था के अध्यक्ष द्वारा किसी अध्यापक को दिया गया अथवा एतदर्थ भूगोल की पाठ्यक्रम समिति/अकादमिक कौंसिल के द्वारा मान्य किसी संस्था के अध्यक्ष के द्वारा दिया गया इस आशय का प्रमाण पत्र कि अभ्यर्थी के द्वारा इस विषय में निर्धारित प्रायोगिक कार्य का पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है।

बी० कॉम० (आनर्स)

18(अ) अध्यापकीय कार्य (ट्यूटोरियल वर्क) के आधार पर आंतरिक मूल्यांकन के लिये प्रत्येक प्रश्नपत्र में 10% अंक सुनिश्चित रहेंगे।

(आ) आंतरिक मूल्यांकन में दिये गये अंक परीक्षा आरम्भ होने से कम से कम दो सप्ताह पूर्व परीक्षा-नियंत्रक के पास पहुंचा दिए जाएंगे।

(ई) आंतरिक मूल्यांकन के आधार को, जिस पर आंतरिक मूल्यांकन के अंक दिये गये हों, एक पंजिका में महाविद्यालय के द्वारा लिखा जायेगा और उसे प्राचार्य प्रति-हस्ताक्षरित करेगा। परीक्षा-परिणाम के घोषित हो जाने के बाद छः महीने तक यह पंजिका विश्वविद्यालय के निरीक्षण के लिए उपलब्ध बनाए रखी जाएगी।

(उ) महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों अथवा पत्राचार अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों के लिए आंतरिक मूल्यांकन का प्रावधान नहीं है और उनके प्राप्तांक उसी अनुपात में बढ़ा दिए जाएंगे।

पुस्तकालय विज्ञान में प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम (पत्राचार के द्वारा)

3. इस पाठ्यक्रम की शिक्षा प्राप्त करने के अभिलाषी व्यक्ति पत्राचार अध्ययन विभाग में अपना नाम अंकित कराएंगे और निम्नलिखित शुल्क देंगे :—

(अ) नामांकन शुल्क ——————10 रुपया

(ब) X X X (सी) X X X

(ई) X X X (सी) X X X

(ई) पुस्तकालय शुल्क 20 रुपया प्रति वर्ष

4. यदि कोई व्यक्ति परीक्षा नहीं दे पाता है या परीक्षा में अनुत्तीर्ण रह जाता है, तो वह पत्राचार अध्ययन विभाग के पूर्व विद्यार्थी के रूप में 10 रु० प्रतिवर्ष शुल्क देकर तुरन्त बाद के आगामी तीन वर्षों तक अपना नामांकन सुरक्षित रख सकता है और परीक्षा दे सकता है।

12. शिक्षा तथा मूल्यांकन का उचित स्तर बनाए रखने के लिए एक संयोजन समिति गठित की जायगी जो पत्राचार अध्ययन विभाग में पुस्तकालय विज्ञान प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम से सम्बद्ध होगी। इसके सदस्य निम्नलिखित होंगे—

1. पंजाब विश्वविद्यालय के पुस्तकालय विज्ञान का प्रोफेसर (पदेन)

2. पंजाब विश्वविद्यालय के पत्राचार अध्ययन विभाग का अध्यक्ष (पदेन) (संयोजक)

3. विश्वविद्यालय के पुस्तकालय कर्मचारियों में से एक सदस्य

4. पत्राचार अध्ययन विभाग का एक सदस्य

5. सम्बद्ध क्षेत्रों/विषयों के संकाय का एक सदस्य

} कुलपति इसको नामित करेगा।

संयोजन-समिति निम्नलिखित बातों के लिये उत्तरदायी रहेगी—

(अ) प्रवेश-विषयक नीति

(आ) शैक्षणिक कार्यक्रम, जिसमें लेखकों एवं पाठ्यवर्ग के पुनरीक्षकों की नामावली की संस्तुति, पुस्तकालय के लिये पुस्तकों का मंगवाना तथा दृश्य-श्रव्य उपकरण सम्मिलित हैं।

(इ) कार्यक्रम की समीक्षा

सांख्यिकी में एक-वर्षीय डिप्लोमा

1. पत्राचार अध्ययन विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय सांख्यिकी में डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलायेगा। इसकी अवधि एक अकादमिक सत्र की होगी।

2. सांख्यिकी विभाग की पाठ्यक्रम समिति, सांख्यिकी (परा स्नातक) इस डिप्लोमा के लिये भी प्रभावी होगी। आवश्यकता होने पर पत्राचार अध्ययन विभाग का सांख्यिकी का एक अध्यापक सदस्य के रूप में इस बोर्ड में बुला लिया जायेगा।

10. प्रत्येक विद्यार्थी के पास प्रदत्त कार्य (एलाइनमेंट) के रूप में दो उत्तर-पुस्तिकायें (रेसपांस शीट्स) भेजी जाएंगी, जिन्हें भेजे जाने की तिथि के एक मास के अन्दर मूल्यांकनार्थ पत्राचार अध्ययन विभाग को दे दिया जायगा (विदेशालय विद्यार्थियों को और अधिक 14 दिन का समय दिया जा सकता है। (आंतरिक मूल्यांकन, केवल इन उत्तरपुस्तिकाओं पर प्रदत्त अंकों के आधार पर होगा। पत्राचार अध्ययन विभाग का अध्यक्ष परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व आंतरिक मूल्यांकन के प्राप्तांक परीक्षा-नियंत्रक के पास भेज देगा।

कार्यालय संगठन तथा कार्य प्रणाली में डिप्लोमा

4.2 पत्राचार अध्ययन के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने के अभिलाषी व्यक्ति को समय-समय पर निर्धारित शुल्क देने होंगे।

5. इस पाठ्यक्रम में उन व्यक्तियों को प्रवेश मिल सकेगा, जिन्होंने ये अर्हताएं अर्जित कर ली हों:—

(अ) (i) x x x x x x

(ii) x x x x x x

(आ) जो निम्नलिखित में से किसी एक कार्यालय में कार्यरत हों :

(i) केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/अर्ध-सरकारी संस्थाओं के कार्यालय

(ii) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय तथा माध्यमिक शिक्षा के बोर्ड

(iii) केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार के उपक्रम

(iv) पब्लिक लिमिटेड कम्पनी, प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी, लोक न्यास

(इ) जो भूतपूर्व सैनिक कर्मचारी हों तथा अपनी पदमुक्ति का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। यह बात पत्राचार अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों पर ही लागू होगी।

8. आंतरिक मूल्यांकन में प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए 40% अंक नियत रहेंगे। वाणिज्य एवं व्यावसायिक प्रबन्धन विभाग का अध्यक्ष/सम्बद्ध महाविद्यालय का प्राचार्य आवधिक परीक्षण, लिखित प्रदत्त कार्य/मौखिक विचारण के आधार पर परीक्षा प्रारम्भ होने से कम से कम दो सप्ताह पूर्व कुलसचिव के पास इन प्राप्तांकों को भेज देगा। परीक्षा परिणाम घोषित होने के छः महीने बाद तक उस दस्तावेज को संभाल कर रखा जायेगा, ताकि आवश्यकता होने पर विश्वविद्यालय इस का निरीक्षण कर सके, जिसके आधार पर आंतरिक मूल्यांकन के अंक दिये गये हों। यह बात पत्राचार अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों पर लागू नहीं होगी।

9. यह परीक्षा वही विद्यार्थी दे सकेगा, जिसका नाम यथास्थिति विश्वविद्यालय के वाणिज्य तथा व्यावसायिक प्रबन्धन/सम्बद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य/पत्राचार अध्ययन विभाग के अध्यक्ष के द्वारा भेजा गया हो तथा जो :

(i) परीक्षा से अविलम्ब पूर्व के एक अकादमिक वर्ष में वाणिज्य तथा व्यावसायिक प्रबन्धन विभाग, सम्बद्ध महाविद्यालय/पत्राचार अध्ययन विभाग का नियमतः विद्यार्थी रहा हो।

(ii) मूल्यांकनार्थ पत्राचार अध्ययन विभाग में कम से कम 40 प्रतिशत उत्तर-पुस्तिकाएं भेज चुका हो।

(iii) कक्षा में दिये गये व्याख्यानों/हुए परिसंवादों आदि में से कम से कम 40% में उपस्थित रहा हो। इसमें 10% की छूट वाणिज्य एवं व्यावसायिक प्रबन्धन/सम्बद्ध महाविद्यालय का प्राचार्य दे सकता है। ये बातें पत्राचार अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों पर लागू नहीं होंगी।

(iv) परीक्षा से त्वरित पूर्व के अकादमिक सत्र में दो महीनों के निर्धारित प्रायोगिक प्रशिक्षण को पूरा कर चुका हो।

10. (अ) जो विश्वविद्यालय के वाणिज्य तथा व्यावसायिक प्रबन्धन विभाग/सम्बध महाविद्यालय/पत्राचार अध्ययन विभाग का नियमतः विद्यार्थी रहा हो, तथा वांछित संख्या में व्याख्यानों और प्रायोगिक प्रशिक्षण में उपस्थित रहा हो, किन्तु (i) विश्वविद्यालय की परीक्षा में सम्मिलित न हो पाया हो या (ii) उसे उत्तीर्ण न कर सका हो; ऐसे विद्यार्थी को वाणिज्य तथा व्यावसायिक प्रबन्धन/सम्बद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य/पत्राचार अध्ययन विभाग के अध्यक्ष की संस्तुति पर, बिना पुनः पाठ्यक्रम में उपस्थित हुए, आगामी दो निरन्तरित परीक्षाओं में सम्मिलित होने का अधिकार होगा।

(आ) पत्राचार अध्ययन विभाग के ऐसे विद्यार्थी को, जो इस विभाग का नियमित विद्यार्थी रहा हो तथा जो या तो परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाया हो अथवा परीक्षा में अनुत्तीर्ण रह गया हो, इस विभाग का पाठ्यक्रम का अध्ययन किये जाने वाले वर्ष के तुरन्त बाद के दो वर्षों तक 20 रुपया प्रति वर्ष शुल्क देकर, विद्यार्थी बने रहने का अधिकार होगा तथा वह पत्राचार अध्ययन विभाग के पूर्व विद्यार्थी के रूप में परीक्षा दे सकेगा।

जनसंख्या शिक्षा में एक-वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम

4. प्रत्येक विद्यार्थी के लिये 77/– (सतत्तर रुपये) या समय-समय पर निर्धारित होने वाला परीक्षा-शुल्क देय होगा।

6. प्रत्येक विद्यार्थी, जो इस पाठ्यक्रम का अध्ययन करेगा, विभाग, का नियमित विद्यार्थी होगा, तथा विश्वविद्यालय को सिंडीकेट के द्वारा समय-समय पर नियत किये जाने वाले शुल्क को देगा।

7. एक वर्ष छोड़कर कुलपति विभाग के लिये एक परामर्श दात्री समिति गठित करेगा, जो पाठ्यक्रम समिति के रूप में भी कार्य करेगा। इसमें पत्राचार अध्ययन विभाग का अध्यक्ष के अतिरिक्त 4–5 अन्य सदस्य होंगे, जो प्रमुख विभागों से कुलपति के द्वारा नामित होंगे।

10. यह विद्यार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा, जिसे पत्राचार अध्ययन विभाग के अध्यक्ष ने भेजा हो तथा जो—

(i) परीक्षा के तुरन्त पूर्व के एक वर्ष तक पत्राचार अध्ययन विभाग का विद्यार्थी रहा हो; तथा

(ii) मूल्यांकन के लिये पत्राचार अध्ययन विभाग को कम से कम 40 उत्तर पुस्तिकायें भेज चुका हो।

11. यदि कोई पत्राचार अध्ययन विभाग का विद्यार्थी रहा हो और परीक्षा न दे सका हो या उसमें अनुत्तीर्ण रह

गया हो, तो उसे पाठ्यक्रम के विद्यार्थी रहने वाले वर्ष के तुरन्त बाद के दो वर्षों तक बीस रुपये प्रतिवर्ष का शुल्क देकर पत्राचार अध्ययन विभाग के पूर्व छात्र के रूप में परीक्षा देने तथा विभाग के विद्यार्थी के रूप में बने रहने का अधिकार होगा।

बी० ए०/बी० एस०-सी० (सामान्य तथा आनर्स)

22. पत्राचार अध्ययन विभाग के भूगोल विषय का विद्यार्थी परीक्षा से पूर्व किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय अथवा भूगोल का पाठ्यक्रम संचालित अकादमिक कौंसिल के द्वारा एतदर्थ मान्य किसी संस्था के प्राध्यापक-प्रभारी का इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा जो संस्था के अध्यक्ष के द्वारा प्रति-हस्ताक्षरित होगा, कि वह इस विषय को पढ़ाता रहा है और उसने इस विषय के लिये प्रानिर्धारित योगिक कार्य पूर्ण किया है।

11. पंजाब विश्वविद्यालय विनियमावली खण्ड–II, 1988 के पृष्ठ 384 तथा पृष्ठ 395 पर उल्लिखित वैमानिकीय, रसायन, सिविल, कम्प्यूटर, विज्ञान तथा इंजीनियरिंग, वैद्युत अणुवैद्युत तथा वैद्युत संप्रेषण, मैकेनिकल, मेटालर्जिकल तथा उत्पादन में बेचलर आफ इंजीनियरिंग से संबंधित तथा रसायन सिविल, वैद्युत, मैकेनिकल तथा अणुवैद्युत में मास्टर आफ इंजीनियरिंग परीक्षा से संबंधित विनियम 15 तथा 5, जो जनवरी 1992 से प्रभावी होंगे :

15. विद्यार्थियों को प्रत्येक समस्तर में अध्ययनार्थ चुने गये विषयों का उल्लेख करते हुए प्रत्येक समस्तर के लिए पृथक पृथक परीक्षा के लिए फार्म भरने होंगे। प्रत्येक समस्तर के सभी विषयों के लिये परीक्षा शुल्क सौ रुपये एक विषय के लिये पचास रुपये तथा पुनः परीक्षा के लिये सत्र-सुधारार्थ पचास रुपये शुल्क होगा। अधिकतम शुल्क सौ रुपये रहेगा।

मास्टर आफ इंजीनियरिंग परीक्षा

5. प्रत्येक विद्यार्थी के लिये शुल्क अधोलिखित रूप में देय होगा —

(i) प्रत्येक समस्तर के लिये सौ रुपये

(ii) शोध प्रबन्ध के लिये दो सौ रुपये

बी० ए०/बी० एस०-सी० (सामान्य तथा आनर्स) परीक्षा से सम्बन्धित विनियम 4.2 तथा बी काम (सामान्य तथा आनर्स) परीक्षा से संबंधित विनियम 3 (डी) :

4.2 यदि कोई व्यक्ति भारत में किसी विश्वविद्यालय/बोर्ड/कौंसिल/संस्थान के द्वारा आयोजित +2 की परीक्षा में पूरक परीक्षा के योग्य घोषित किया जाता है, तो वह निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने के बाद बी० ए०/बी० एस०-सी० पाठ्यक्रम के भाग I में प्रवेश के योग्य समझा जायेगा :—

(i) यदि उसे केवल एक विषय में पूरक परीक्षा देनी हो;

(ii) जिस विषय में उसे पूरक परीक्षा देनी हो, उसमें उसे कम से कम 20% अंक मिले हों, तथा

(iii) उसे नियम के प्रावधान के अनुरूप कुल योग में से प्राप्तांक अभीष्ट प्रतिशत में प्राप्त हुए हों

यह प्रावधान किया जाता है कि

(i) बी० ए० प्रथम वर्ष में प्रवेशकामी व्यक्ति को कम से कम 33% अंक कुल योग के उन सभी विषयों में मिले होने चाहिये। (पूरक परीक्षा वाले विषय के प्राप्तांकों, सैद्धान्तिक और प्रायोगिक प्रश्नपत्रों के प्राप्तांकों को मिलाकर), जिनका अध्ययन उसने +2 की परीक्षा के लिए किया हो।

(ii) बी० एस०–सी० प्रथम वर्ष में प्रवेशकामी व्यक्ति को उन सभी विषयों में कुल योग के कम से कम 40% अंक मिले होने (पूरक परीक्षा वाले विषय के तथा सैद्धांतिक और प्रायोगिक अंकों को मिल कर), जिनका अध्ययन उसने +2 की परीक्षा के लिये किया हो।

3 (डी) भारत में किसी बोर्ड/संस्था/कौंसिल/विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित +2 की परीक्षा में यदि कोई व्यक्ति पूरक परीक्षा देने के योग्य घोषित किया जाता है, तो वह निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने के उपरांत बी० काम भाग I में प्रवेश ले सकता है :—

(i) यदि वह केवल एक विषय में पूरक परीक्षा देने के योग्य घोषित किया जाता है;

(ii) पूरक परीक्षा वाले विषय में उसे कम कम से 20% अंक अवश्य प्राप्त हुए हों, तथा

(iii) सम्बद्ध विनियम के प्रावधान के अनुरूप उसे कुल अंकों में से अभीष्ट प्रतिशत में अंक अवश्य प्राप्त किये हों।

(एस० के० शर्मा)
उप-कुल सचिव (सामान्य)

चण्डीगढ़ :
दिनांक : 1–9–1995

मेरी उपस्थिति में पंजाब विश्वविद्यालय की सामान्य मोहर लगाकर इसे मोहरबन्द किया गया।

एक सितम्बर, 1995

(एस० पी० धवन)
कुल सचिव

सं० 7-95/जी० आर०—भारत की केन्द्र सरकार (मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षा विभाग) ने अपने पत्रांक एफ 3-2/95-यू-I, दिनांक 25-5-1995 के द्वारा निम्नलिखित विनियमों को अनुमोदित कर दिया है :—

1. पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली खंड-I, 1994 के पृष्ठ 53-55 पर उल्लिखित विनियम 3 की धारा (i), जिसका संघ संकायों से है :—

3. प्रत्येक संकाय से जुड़े हुए फेलो (सदस्य) विनियमों में दिए गए प्रावधानों के अनुरूप अपनी संख्या ऐसे व्यक्तियों से बढ़ा सकते हैं, जो विश्व विद्यालय के भौगोलिक अधिकार-क्षेत्र में आते हों और जो निम्नलिखित रूप से योग्य हों :—

(ए) से (एफ) * * * * * *

यह प्रावधान किया जाता है कि —

(i) इस प्रकार से बढ़ाए गए अतिरिक्त सदस्यों की संख्या किसी संकाय के सदस्यों की आधी संख्या से अधिक नहीं होगी तथा कोई व्यक्ति या कोई पदेन सदस्य एक से अधिक संकाय का सदस्य नहीं हो सकता। किसी संकाय का कोई भी पदेन सदस्य किसी अन्य संकाय में बढ़े हुए सदस्य (एडेड मेंबर) के रूप में चुने जाने का अधिकारी नहीं होगा ।

यदि किसी व्यक्ति के लिए एक से अधिक संकायों में चुनाव के लिए प्रस्ताव आता है और वह एक से अधिक संकायों में चुन लिया जाता है, तो वह अपनी रुचि के किसी एक संकाय की सदस्यता बनाए रखेगा और शेष संकाय/संकायों से त्यागपत्र दे देगा ।

यह भी प्रावधान किया जाता है कि यदि किसी संकाय के बढ़ाए हुए अतिरिक्त सदस्यों की संख्या की गणना में दशमलव आता है, तो उसे अगली पूर्ण संख्या मान लिया जाएगा, उदाहरणार्थ ग्यारह की आधी संख्या छः मानी जाएगी, न कि पांच अतिरिक्त बढ़ाए हुए सदस्य ।

2. पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली, खंड-I, 1994 के पृष्ठ 130 पर उल्लिखित "इस विश्वविद्यालय के द्वारा सम्बोधित महाविद्यालयों के प्राचार्यों से संबंधित, अध्याय V (डी) के विनियम का विलोपन

पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली, खंड-I, 1994 के पृष्ठ 146 पर उल्लिखित "सेवा शर्तों" से संबंधित विनियम 15.2

15.2 किसी भी कर्मचारी के द्वारा, केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/केन्द्रीय स्वायत्त निकाय/राज्यीय स्वायत्त निकाय मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/अन्य मान्यताप्राप्त शिक्षा संस्थाओं विश्वविद्यालयवत् मान्य संस्थाओं सहित, में की गई सेवा-अवधि को परिदान (ग्रेचुएटी) के संदर्भ में इस विश्वविद्यालय में की गई सेवा में जोड़ लिया जाएगा इसमें निम्नलिखित शर्तें हैं :—

(i) यदि वह पेंशन वाली संस्था में कार्यरत था, तो उसके द्वारा की गई सेवा को इस विश्वविद्यालय में की गई सेवा में परिदान के लिए सम्मिलित कर लिया जाएगा, भले ही वह पूर्ववर्ती सेवा में अस्थायी तौर पर या स्थायी तौर पर रहा हो। पूर्ववर्ती सेवा वाली संस्था उसे उस अवधि तक का एकमुश्त एककालिक परिदान दे देगी, जो समानुपातिक परिदान/मृत्यु परिदान/सेवा-निवृत्ति परिदान होगा, जिस अवधि तक उसने उसमें सेवा की है और उसके बाद की सेवा इस विश्वविद्यालय में सम्मिलित कर ली गई है। समानुपातिक परिदान का गणन विनियम 7.2 के अधीन रूपांतरण-तालिका के आधार पर किया जाएगा। एकवारिक देय राशि का गणन रूपांतरण के बाद समय-समय पर पंजाब सरकार के द्वारा निर्धारित नियमों के आधार पर किया जाएगा ।

(ii) यदि वह पूर्ववर्ती सेवा में अंशदायी भविष्य निधि की सुविधाएं पा रहा था, तो उसके पास यह विकल्प रहेगा कि वह चाहे तो पूर्ववर्ती सेवा में अर्जित किए हुए अंशदायी भविष्यनिधि के उस लाभ को प्राप्त कर ले और विश्वविद्यालय में अपनी सेवा फिर से आरंभ करे, अथवा विश्वविद्यालय में अपनी सेवा के उपलक्ष्य में अर्जित होने वाले परिदान में पूर्ववर्ती सेवा को जुड़वा ले। ऐसा करते समय उसे पूर्ववर्ती सेवा के नियोक्ता के द्वारा किए गए अंशदान को ब्याज सहित छोड़ना होगा और यह अंशदान की राशि विश्वविद्यालय को हस्तान्तरित होगी ।

4. पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली, खंड-J, 1994 के पृष्ठ 207 तथा पंजाब विश्वविद्यालय कर्मचारी (पेंशन) अध्याय से संबंधित विनियम 3.14.

3.14 केन्द्र सरकार /केन्द्रीय स्वायत्त निकाय/राज्य सरकार/राज्यीय स्वायत्तनिकाय/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/विश्वविद्यालयवत् मान्य संस्थाओं के सहित अन्य मान्यता प्राप्त शिक्षा संस्थाओं में किसी कर्मचारी के द्वारा की गई सेवा, विश्वविद्यालय की सेवा में उसके समाहित हो जाने के उपरांत, पेंशन के लिए इन प्रतिबंधों के साथ गिनी जाएगी :—

(i) * * * * * * * * *

(ii) * * * * * * * * *

5. पंजाब विश्वविद्यालय विनियमावली, खंड–II, 1988 के पृष्ठ 93 पर उल्लिखित बी० एस-सी० (आनर्स स्कूल) से संबंधित विनियम-11(V); जिसे 1993 के प्रवेश से प्रभावी समझा जाए :

11.(V) यदि कोई विद्यार्थी 92 या इससे अधिक मानांक (क्रेडिट) प्रारंभिक आयुर्विज्ञान के विद्यार्थियों के संदर्भ में 108 मानांक या इससे अधिक बी० एस-सी० (आनर्स स्कूल) में प्राप्त कर चुका है, तथा अन्य सभी सहायक विषय (सब्सीडियरी सबजेक्ट्स) भी उत्तीर्ण कर चुका हो, वह चाहे तो बी० एस-सी० (आनर्स स्कूल) का तीन वर्ष तक अध्ययन करने के बाद भी उसे छोड़ सकता है और बी० एस-सी० (उत्तीर्ण) उपाधि का वरण कर सकता है ।

ऐसे विद्यार्थी/विद्यार्थियों की श्रेणी का निर्धारण, आनर्स स्कूल के विनियमन के अंतर्गत, उसके द्वारा अर्जित सर्वोत्तम 92 मानांकों के आधार पर होगा। ऐसे विद्यार्थियों के प्रमाणपत्र पर आनर्स स्कूल में प्रवेश पाने और उसे छोड़ने की तिथि अंकित रहेगी ।

6. पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली, खंड–JJ, 1988 के पृष्ठ 102 पर उल्लिखित पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक (समस्तर पद्धति) से संबंधित विनियम 2 में परिवर्धन, जो 1993 के प्रवेश से प्रभावी समझा जाए :

2. निम्नलिखित योग्यताओं में से किसी एक का भी धारक व्यक्ति इस पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकता है :

(अ) इस विश्वविद्यालय की अथवा सिंडीकेट के द्वारा मान्य किसी अन्य विश्वविद्यालय की 50% अंक लेकर प्राप्त की हुई स्नातक की उपाधि, अथवा

(आ) इस विश्वविद्यालय की या सिंडीकेट के द्वारा मान्य किसी अन्य विश्वविद्यालय की परा–स्नातक उपाधि, अथवा

(इ) विश्वविद्यालय की स्नातक उपाधि, जो ओ० टी०/आधुनिक भारतीय भाषाओं (एम० आई० एल०) तथा केवल अंग्रेजी विषय के साथ प्राप्त की गई हों; इसके प्राप्तांकों के 50% की गणना अंग्रेजी तथा अन्य अनिवार्य विषयों को सम्मिलित कर की जाएगी ।

(ई) सिंडीकेट के द्वारा मान्यता प्रदत्त, (अ) या (आ), या (ई) के समकक्ष कोई अन्य योग्यता ।

7. पंजाब विश्वविद्यालय, खंड–II, 1988 के पृष्ठ 106 पर उल्लिखित मास्टर आफ आर्ट्स परीक्षा से संबंधित विनियम 2.1, जिसे 1994–95 के अकादमिक सत्र से प्रभावी समझा जाए :

2.1 मास्टर आफ आर्ट्स की परीक्षा निम्नलिखित विषयों में आयोजित होगी और अभ्यर्थी इनमें से किसी एक को चुनेंगे :

(i) एक भाषा, अर्थात्, अंग्रेजी, संस्कृत, फारसी, अरबी, हिन्दी, पंजाबी, उर्दू, फ्रेंच, बंगला, तमिल

(ii) इतिहास
(iii) अर्थशास्त्र
(iv) राजनीति विज्ञान
(v) गणित
(vi) दर्शनशास्त्र
(vii) मनोविज्ञान
(viii) भूगोल
(ix) समाजशास्त्र
(x) संगीत
(xi) प्राचीन भारतीय संस्कृति तथा पुरातत्व
(xii) लोक प्रशासन
(xiii) सांख्यिकी
(xiv) कला का इतिहास
(xv) ललित कलाएं
(xvi) भारतीय शास्त्रीय नृत्य
(xvii) भारतीय रंगमंच
(xviii) गांधीय शांति अध्ययन
(xix) प्रतिरक्षा तथा रणनीति अध्ययन

8. पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली, खंड–II, 1988 के पृष्ठ 107–110 पर उल्लिखित मास्टर आफ आर्ट्स के प्रथम वर्ष (भाग–I) के प्रवेश से संबंधित विनियम 3.1 में परिवर्धन :—

3.1 जिस व्यक्ति ने, इस विश्वविद्यालय से, या 1948 से पूर्व पंजाब विश्वविद्यालय लाहौर से, या किसी अन्य विश्वविद्यालय से, जिसकी उपाधि इसके समकक्ष मानी गई हो निम्नलिखित परीक्षाओं में से किसी एक को उत्तीर्ण कर लिया हो, एम० ए० भाग–I के पाठ्यक्रम में प्रवेश पा सकता है —

(i) से (ix) *** *** ***

यह प्रावधान किया जाता है कि

(ए) से (के) *** *** ***

*(1) एम० ए० (संस्कृत) भाग I पाठ्यक्रम के लिए जिस व्यक्ति ने शास्त्री परीक्षा को या तो त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम (10+2+3) की नई व्यवस्था के अधीन या (10+2+2 उपाधि) की पुरानी व्यवस्था के अधीन उत्तीर्ण कर लि ₹ हो।

*यह अकादमिक सत्र 1991–92 के स्थान पर 1992–93 से प्रभावी होगा।

9. पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली, खंड–II, 1988 के पृष्ठ 106 तथा 115 पर उल्लिखित मास्टर आफ आर्ट्स (एम० ए०) परीक्षा से संबंधित विनियम 1.1, 2.1, तथा 9.4

1.1 मास्टर आफ आर्ट्स पाठ्यक्रम की अवधि दो वर्षों की होगी तथा इसकी परीक्षा दो भागों, अर्थात् पहले वर्ष के अंत में भाग–I तथा दूसरे वर्ष के पाठ्यक्रम के अंत में भाग–II में होगी।

भाग–I तथा भाग–II की परीक्षाएं सामान्यतः अप्रैल के महीने में सिंडीकेट के द्वारा निर्धारित तिथियों में हुआ करेंगी।

उन विद्यार्थियों के लिए, जिन्हें आंतरिक परीक्षाएं देनी हों, सामान्यतः सितम्बर/अक्तूबर के महीने में सिंडीकेट द्वारा निर्धारित ऐसी तिथियों पर पूरक परीक्षाएं हुआ करेंगी, ताकि जो विद्यार्थी वार्षिक परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण रह गए हों या उन्हें पुनः परीक्षा देने के योग्य घोषित किया गया हो, उसे उत्तीर्ण कर अपने आरंभ किए पाठ्यक्रम के साथ फिर से चल सकें। यदि वे इस पूरक परीक्षा में भी अनुत्तीर्ण रह जाते हैं, तो उनको वार्षिक परीक्षा में फिर से एक अवसर मिलेगा। यदि वे उपर्युक्त दोनों अवसरों में भी अनुत्तीर्ण रह जाते हैं, तो उनको पिछली निचली कक्षा में रख दिया जाएगा।

वार्षिक परीक्षा में 33% से अधिक प्रश्नपत्रों में अनुत्तीर्ण रह जाने वाले विद्यार्थी को अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया जाएगा और उसे पिछली कक्षा में ही प्रवेश दिया जाएगा।

2.1 मास्टर आफ आर्ट्स की परीक्षा निम्नलिखित विषयों में आयोजित की जाएगी और अभ्यर्थी इनमें से एक विषय को चुनेगा :

(i) भाषाएं: अर्थात् अंग्रेजी, संस्कृत, फारसी, अरबी, हिंदी, पंजाबी, उर्दू, फ्रेंच, बंगला, तमिल
(ii) इतिहास
(iii) अर्थशास्त्र
(iv) राजनीति विज्ञान
(v) गणित
(vi) दर्शन
(vii) मनोविज्ञान
(viii) भूगोल
(ix) संगीत
(x) प्राचीन भारतीय संस्कृति तथा पुरातत्व
(xi) लोक प्रशासन
(xii) सोशियकी
(xiii) कला का इतिहास
(xiv) ललित कलाएं
(xv) भारतीय शास्त्रीय नृत्य
(xvi) भारतीय रंगमंच
(xvii) गांधीय तथा शांति अध्ययन

9.4 यदि किसी परीक्षार्थी को शेष प्रश्नपत्रों में 45% कुल अंक प्राप्त हो जाते हैं, तो उसे एम०ए० I एम०ए० II 33% से अधिक प्रश्नपत्रों में पुनर्परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी। जिस प्रश्नपत्र में वह परीक्षा दे नहीं सका हो, या अनुत्तीर्ण रह गया हो, उसमें उसे दो निरंतरित अवसर प्राप्त होंगे। आंशिक पुनर्परीक्षा में परीक्षार्थी को उत्तीर्ण होने के लिए 33% अंक प्राप्त करने होंगे।

यह भी प्रावधान किया जाता है कि एम० ए० भाग–I की परीक्षा में यदि किसी परीक्षार्थी को आंशिक पुनर्परीक्षा के योग्य घोषित किया जाता है और उसे कुछ प्रश्नपत्रों में उत्तीर्ण होना शेष है, तो भी उसे एम० ए० भाग–II की कक्षा में इस प्रतिबंध के साथ प्रवेश के योग्य माना जाएगा कि वह उन प्रश्नपत्रों में आगामी दो निरंतरित अवसरों में उत्तीर्णता प्राप्त कर लेगा ऐसा न होने पर एम०ए० भाग–II को उसका परीक्षा–परिणाम एवं उसकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।

व्याख्या : इन विनियमों के अंतर्गत 4 या 5 प्रश्नपत्रों के 33% का अभिप्राय दो प्रश्नपत्र होंगे।

10. पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली, खंड–II, 1988 के पृष्ठ 393–394 पर उल्लिखित मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग : रसायन, सिविल, वैद्युत, मैकेनिकल तथा अणुवैद्युत (संशोधित) से संबंधित विनियम 2.1 तथा 3.1, जिसे विनियम समिति सिंडीकेट/सिनेट/भारत सरकार/राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन की प्रत्याशा में जनवरी 1994 से भावी समझा जाए :

रसायन, सिविल, कंप्यूटर के एकीकृत समुत्पादन (सी० आई० एस०), वैद्युत, अणुवैद्युत, तथा मैकेनिकल में मास्टर आफ इंजीनियरिंग

2.1 मास्टर आफ इंजीनियरिंग (रसायन, सिविल, सी० आई० एम०, वैद्युत, अणु वैद्युत तथा मैकेनिकल) की उपाधि के लिए परीक्षा एक वर्ष में दो समस्तरों में होगी। प्रत्येक समस्तर के लिए परीक्षा नवम्बर/दिसम्बर तथा अप्रैल/मई में या सिंडीकेट के द्वारा निर्धारित तिथियों में होगी।

3.1 मास्टर आफ इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में निम्नलिखित योग्यताओं वाले व्यक्ति को प्रवेश मिल सकेगा :—

(i) पंजाब विश्वविद्यालय से बेचलर आफ इंजीनियरिंग उपाधि, जिसकी उस शाखा में कम से कम 50% प्राप्तांक हों, जिस शाखा को मास्टर आफ इंजीनियरिंग के लिए चुना गया हो।

यह प्रावधान है कि एम०ई० (सी० आई० एम०) पाठ्यक्रम में वे सभी व्यक्ति प्रवेश के योग्य समझे जाएंगे, जिन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय से किसी भी शाखा में बेचलर आफ इंजीनियरिंग उपाधि प्राप्त की हो अथवा पंजाब विश्वविद्यालय के द्वारा मान्य एवं 50% प्राप्तांक के साथ उसके समकक्ष की कोई योग्यता प्राप्त कर ली हो ।

11. पंजाब विश्वविद्यालय विनियमावली, खंड–II, 1988 के पृष्ठ 508 पर उल्लिखित बेचलर आफ फार्मेसी से संबंधित विनियम 9.1

9.1 प्रथम, द्वितीय तथा अंतिम परीक्षाओं के सम्मिलित प्राप्तांकों के आधार पर उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का श्रेणी–विभाजन निम्नलिखित रूप में किया जाएगा :—

(अ) कुल अंकों में से 80% या इससे अधिक अंक प्राप्तकर्ता — विशेष योग्यता के साथ प्रथम श्रेणी

(आ) कुल अंकों में से 60% या इससे अधिक अंकों के प्राप्तिकर्ता —प्रथम श्रेणी

(इ) कुल अंकों में से 60% से कम, किन्तु 50% या इससे अधिक अंकों के प्राप्तिकर्ता — द्वितीय श्रेणी

12. पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली, खंड–II, 1988 के पृष्ठ 507 पर उल्लिखित बेचलर आफ फार्मेसी परीक्षा से संबंधित विनियम 4.5 तथा 7

4.5 प्रत्येक परीक्षार्थी को प्रत्येक प्रश्नपत्र को पृथक-पृथक रूप से उत्तीर्ण करना होगा। यदि कोई परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण रह जाता है, अथवा बी० फार्म० परीक्षा के पहले, दूसरे या तीसरे वर्ष के एक या दो प्रश्नपत्रों में, जिनके अंक 200 है, परीक्षा नहीं दे पाता है ; वह स्थिति के अनुसार दूसरे/तीसरे/अंतिम वर्ष की परीक्षा के साथ-साथ उन अनुत्तीर्ण प्रश्नपत्रों की भी परीक्षा दे सकता है, यदि वह विनियम 4.1 के प्रावधानों को पूरा करता है। उत्तरवर्ती परीक्षा का परिणाम तभी घोषित किया जाएगा, जब वह पूर्ववर्ती परीक्षा के सभी प्रश्नपत्रों में उत्तीर्ण घोषित कर दिया जाएगा ।

7. परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए प्रत्येक प्रश्नपत्र में 50% अंक प्राप्त करने अनिवार्य होंगे ।

13. बी०ए०/बी०एस०सी०/बी० कॉम० (सामान्य तथा आनर्स) परीक्षा से संबंधित अल्पकालिक विनियम 1.3

1.3 यदि कोई व्यक्ति इस विश्वविद्यालय की बी०ए०/बी० एस–सी०/बी० कॉम० भाग–2 (प्राचीन प्रणाली) की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुका है अथवा बी० ए०/बी०एस–सी०/बी० कॉम, भाग–3 (प्राचीन प्रणाली में अनुत्तीर्ण रह गया हो उसे बी० ए०/बी० एस सी०/बी० कॉम०, भाग–2 में, स्थिति के अनुसार प्रवेश पाने की अनुमति होगी, यदि वह अन्य प्रकार से सर्वथा प्रवेश के योग्य होगा, लेकिन उसे बी०ए०/बी० एस–सी०/बी० कॉम० भाग–1 (नई पद्धति) के उन प्रश्नपत्रों को उत्तीर्ण करना होगा, जो उसने उत्तीर्ण नहीं किए होंगे। इसके लिए उसे विश्वविद्यालय के नियमानुसार/विनियम के अनुसार निर्धारित अवसर ही मिलेंगे, नहीं तो उसका बी० ए०/बी०एस-सी०/बी० कॉम० द्वितीय वर्ष (10+2+3) (नई प्रणाली) में प्रवेश को निरस्त कर दिया जाएगा ।

14. बी० ए०/बी० एस–सी० (सामान्य तथा आनर्स) से संबंधित अल्पकालिक विनियम में परिवर्धन

यदि किसी व्यक्ति ने बी० ए०/बी० एस०-सी० प्रथम वर्ष तथा या द्वितीय वर्ष की परीक्षा, संबद्ध विश्वविद्यालय के द्वारा भारत के किसी अन्य विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय में उत्तीर्ण की है, तो उसे विशेष रूप से अधिकृत किए जाने पर इस विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय विभाग/सांध्य अध्ययन विभाग/पत्राचार अध्ययन विभाग में उस पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष या तृतीय वर्ष में प्रवेशजनित होने की अनुमति होगी, लेकिन, उसे उन विषयों की परीक्षा, विनियम के अनुसार, अनुमति प्राप्त अवसरों में उत्तीर्ण करनी होगी, जिनको उसने उत्तीर्ण नहीं किया था। उसका परीक्षा-परिणाम इस विश्वविद्यालय में पढ़े गए तथा उत्तीर्ण विषयों के कुल प्राप्तांकों के आधार पर तय होगा अर्थात् इसके द्वारा महाविद्यालय में परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों तथा इस विश्वविद्यालय में अब उत्तीर्ण किए गए पूर्वतया अनधीत विषयों में प्राप्त अंकों के योग के आधार पर उस परीक्षा का परिणाम निर्धारित होगा ।

15. बी० कॉम० (सामान्य तथा आनर्स) परीक्षा से संबंधित अंशकालिक विनियम में परिवर्धन

1.3 यदि किसी व्यक्ति ने बी० कॉम० पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष तथा या द्वितीय वर्ष की परीक्षा भारत के किसी अन्य विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय से उत्तीर्ण की है, तो उसे विशेष रूप से अधिकृत किए जाने पर इस विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालयीय विभाग/सांध्य अध्ययन विभाग/पत्राचार अध्ययन विभाग में उस पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष या तृतीय वर्ष में प्रवेशजनित होने की अनुमति होगी, लेकिन उसे उन विषयों की परीक्षा विनियम के अनुसार अनुमति-प्राप्त अवसरों में उत्तीर्ण करनी होगी, जिनको उसने वहां उत्तीर्ण नहीं किया था। उसका परीक्षा-परिणाम इस विश्वविद्यालय में पढ़े गए तथा उत्तीर्ण किए गए विषयों के कुल प्राप्तांकों के आधार पर तय होगा अर्थात् उसके द्वारा महाविद्यालय में परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों तथा इस विश्वविद्यालय में अब उत्तीर्ण किए गए पूर्वतया अनधीत विषयों में प्राप्त अंकों के योग के आधार पर उस परीक्षा का परिणाम निर्धारित होगा ।

16. बी० एस०-सी० (आनर्स स्कूल) से संबंधित विनियम 9.2 तथा 11 तथा विनियम 6, 7, 8.1, 8.3 में संशोधन तथा एम० एस-सी० (आनर्स स्कूल) (वार्षिक पद्धति) से संबंधित विनियम 8.4 तथा 8.5 ; जिनको विश्वविद्यालय के विभिन्न निकायों, भारत सरकार तथा राजपत्र में भारत सरकार द्वारा इसके प्रकाशन की प्रत्याशा में 1992–93 के प्रवेश से प्रभावी समझा जाए ।

9.2 परीक्षा की रूपरेखा निम्नलिखित होगी :

प्रथम वर्ष आनर्स स्कूल		मानांक (क्रेडिट्स)
मुख्य विषय	400 अंक	16
गौण विषय अंग्रेजी	400 अंक	16
प्राथमिक आयुर्विज्ञान के लिए अतिरिक्त गौण विषय	200 अंक	8
द्वितीय वर्ष आनर्स स्कूल		मानांक (क्रेडिट्स)
मुख्य विषय	600 अंक	24
गौण विषय प्राथमिक आयुर्विज्ञान	400 अंक	16
के लिए अतिरिक्त विषय	200 अंक	8
पंजाबी केवल योग्यतामूलक) इसके अंक श्रेणी–निर्धारण में जोड़े नहीं जाएंगे)	50 अंक	2
तृतीय वर्ष आनर्स स्कूल		मानांक
मुख्य विषय (बी०एससी० आनर्स स्कूल के कुल अंक)	1000 अंक	40
प्रारंभिक आयुर्विज्ञान के अतिरिक्त अन्य विषयों के लिए	3000 अंक	120
प्रारंभिक आयुर्विज्ञान के लिए	3400	136

सैद्धांतिक और प्रायोगिक प्रश्नपत्रों की संख्या के साथ-साथ सैद्धांतिक और प्रायोगिक प्रश्नपत्रों में अंकों का वितरण पाठ्यचर्या–विवरणिका (सिलेबस) में दिया रहेगा ।

टिप्पणी : एक मानांक (क्रेडिट) 25 अंकों का माना जाएगा ।

11. निम्नलिखित प्रतिबंधों को पूरा करने पर किसी भी विद्यार्थी को निरन्तर वार्षिक पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जा सकेगा :

(i) पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण करने के लिए किसी भी विद्यार्थी से अपेक्षित है कि वह सैद्धांतिक और प्रायोगिक सभी प्रश्नपत्रों (मुख्य, गौरण, अंग्रेजी, तथा पंजाबी) में 40% अंक प्राप्त करें ।

(ii) अकादमिक सत्र की समाप्ति पर किसी भी विषय की वार्षिक परीक्षा में 75% अंक/मानांक प्रत्येक प्रश्नपत्र के होंगे । इस वार्षिक परीक्षा के अतिरिक्त एक गृह परीक्षा प्रायः दिसम्बर के महीने में हुआ करेगी, जिसका प्रत्येक प्रश्नपत्र 25% अंक/मानांक का होगा । किसी भी विद्यार्थी का अंतिम परीक्षा का परिणाम वार्षिक परीक्षा व गृह परीक्षा के प्राप्तांकों के योग से बनेगा ।

(iii) (अ) यदि कोई व्यक्ति बी० एससी० (आनर्स स्कूल) के प्रथम वर्ष की परीक्षा देता है किन्तु प्राथमिक आयुर्विज्ञान के अतिरिक्त अन्य विषयों में न्यूनतम 24 मानांक प्राप्त करता है (प्राथमिक आयुर्विज्ञान में कम से कम 28 मानांक), तो उसे उन प्रश्नपत्रों में पुनः परीक्षा देने की अनुमति होगी, जिनमें वह अनुत्तीर्ण रह गया है, और उसे बी० एससी० (आनर्स स्कूल) के द्वितीय वर्ष में आगे बढ़ा दिया जाएगा ।

(आ) किसी विद्यार्थी को बी० एससी० (आनर्स स्कूल) के तीसरे वर्ष में तभी प्रवेश दिया जाएगा, यदि उसने पहले दो वर्षों में कम से कम 56 मानांक अर्जित कर लिए हों अर्थात् प्राथमिक आयुर्विज्ञान–अतिरिक्त विषयों के लिए पहले और दूसरे वर्ष को संयुक्त करके (प्राथमिक आयुर्विज्ञान विषय के विद्यार्थियों के लिए 64 मानांक)

(इ) जिन प्रश्नपत्रों में विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रह गए हैं, उनको उत्तीर्ण करने के लिए सितम्बर/अक्टूबर के महीने में या विश्वविद्यालय के द्वारा नियत तिथियों में एक पूरक परीक्षा आयोजित की जाएगी । इसके अतिरिक्त, विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा में वे नियमित विद्यार्थियों के निमित्त होने वाले प्रश्नपत्रों को भी दे सकते हैं ।

(ई) यदि किसी विद्यार्थी को बी०एससी० (आनर्स स्कूल) के प्रथम वर्ष की परीक्षा में प्राथमिक आयुर्विज्ञान के अतिरिक्त विषयों में 24 मानांक प्राप्त नहीं होते हैं (प्राथमिक आयुर्विज्ञान के संदर्भ में 28 मानांक) तथा बी० एससी० (आनर्स स्कूल) के प्रथम तथा द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं को संयुक्त रूप से प्राथमिक आयुर्विज्ञान के अतिरिक्त विषयों में 56% मानांक से कम (प्राथमिक आयुर्विज्ञान के संदर्भ में 64 मानांक) प्राप्त होते हैं, तो उसे क्रमशः बी०एससी० आनर्स स्कूल के प्रथम वर्ष तथा द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया जाएगा फिर भी ऐसा व्यक्ति अनुत्तीर्ण विद्यार्थी के रूप में स्थिति के अनुसार बी० एससी० (आनर्स स्कूल) के पहले या दूसरे वर्ष में प्रवेश ले सकता है ।

(iv) उपर्युक्त प्रतिबंधों के होने पर भी, किसी भी विद्यार्थी को पूरे बी० एस सी० (आनर्स स्कूल) में 5 वर्ष की अवधि से अधिक समय तक रहने नहीं दिया जाएगा। उसको 5 वर्ष के अन्दर ही सभी पुनर्परीक्षा के प्रश्नपत्र उत्तीर्ण करने होंगे तथा वांछित संख्या में मानांक अर्जित करने जो बी०एस सी० (आनर्स स्कूल) की उपाधि मिलने के लिए अनिवार्य है—अर्थात् प्राथमिक आयुर्विज्ञान के अतिरिक्त विषयों के लिए 120 मानांक तथा प्राथमिक आयुर्विज्ञान के लिए 136 मानांक अर्जित करने होंगे । ऐसा न कर पाने पर उस विद्यार्थी को अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया जाएगा और उसे बी० एस सी० (आनर्स स्कूल) को छोड़ना पड़ेगा ।

(v) श्रेणी के लिए कुल प्राप्तांकों के निर्धारण के लिए तीनों वर्षों में हुई सभी परीक्षाओं के सभी विषयों—मुख्य, गौण तथा अंग्रेजी को, पंजाबी (योग्यता मूलक) को छोड़कर, को आधार बनाया जाएगा।

(vi) सभी विद्यार्थियों से अपेक्षित है कि वे सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रश्नपत्रों को अलग-अलग उत्तीर्ण करें और विद्यार्थी प्रत्येक प्रश्नपत्र में अलग-अलग न्यूनतम उत्तीर्णांक प्राप्त करें।

(vii) यदि कोई विद्यार्थी किसी कारणवश परीक्षा नहीं दे पाता है, अथवा अपने प्राप्तांकों के प्रतिशत को बढ़ाना चाहता है, उसे केवल वार्षिक परीक्षा में ही पुनः परीक्षा देने की अनुमति मिलेगी ।

6. एम० एससी० (आनर्स स्कूल) की परीक्षा प्रत्येक विषय के नियंत्रक मंडल के द्वारा निर्धारित सैद्धांतिक प्रश्नपत्रों, प्रयोगिक प्रश्नपत्रों, क्षेत्रीय कार्य (फील्ड वर्क) या परियोजना रिपोर्ट के आधार पर होगी। सैद्धांतिक और प्रयोगिक प्रश्नपत्रों की संख्या तथा उनमें क्षेत्रीय कार्य तथा परियोजना रिपोर्ट में अंकों का वितरण पाठ्यचर्या-विवरणिका (सिलैबस) में दिया रहेगा ।

कुल अंक/मानांक अधोलिखित रूप में रहेंगे :

एम० एससी० (आनर्स प्रणाली) भाग—I—1000 अंक
40 मानांक

एम० एससी० (आनर्स प्रणाली) भाग—II—1000 अंक
40 मानांक

7. प्रत्येक विषय का प्रत्येक प्रश्न पत्र प्रत्येक अकादमिक सत्र के अंत में 75% अंकों/मानांकों का होगा । वार्षिक परीक्षा के अतिरिक्त सामान्यतः दिसम्बर के महीने में एक गृह परीक्षा हुआ करेगी जिसका प्रत्येक प्रश्नपत्र 25% अंकों/मानांकों का होगा । किसी भी विद्यार्थी का अंतिम परीक्षा परिणाम वार्षिक परीक्षा और गृह परीक्षा के प्रत्येक प्रश्नपत्र के प्राप्तांकों/मानकों को संयुक्त करने के उपरांत निर्धारित होगा ।

प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए नियत किए गए 75% तथा 25% अंक/ मानांक समीपस्थ 5 के गुणक में परिवर्तित हो जाएंगे या उनके समकक्ष मानांक में बदल दिए जाएंगे ।

8.1 यदि कोई विद्यार्थी एम० एससी० (आनर्स स्कूल) की भाग—I की वार्षिक परीक्षा देता है, लेकिन कम से कम 24 मानांक प्राप्त कर लेता है, तो उसे उन प्रश्नपत्रों में एक बार पुनः परीक्षा देने का अवसर मिलेगा जिनमें वह अनुत्तीर्ण रह गया है, और उसे एम० एससी० (आनर्स स्कूल) के भाग 2 की कक्षा में आगे भेज दिया जायेगा ।

8.2 यदि कोई व्यक्ति एम० एससी० (आनर्स स्कूल) के भाग—I की वार्षिक परीक्षा में 24 मानांक प्राप्त नहीं कर पाता है, तो उसे अनुत्तीर्ण घोषित किया जाएगा और वह पुनः उसी कक्षा में प्रवेश ले सकता है ।

विलोपित

8.3 जिन प्रश्नपत्रों में कोई विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रह गया है, उन प्रश्नपत्रों को उत्तीर्ण करने के लिए सितम्बर/अक्टूबर के महीने में या विश्वविद्यालय द्वारा नियत की गई तिथियों पर एक पूरक परीक्षा आयोजित हुआ करेगी । इसके अतिरिक्त नियमित विद्यार्थियों के लिए होने वाली वार्षिक परीक्षा के प्रश्नपत्रों में भी वह परीक्षा दे सकता है ।

इन उपर्युक्त प्रावधानों के होने पर भी, किसी भी विद्यार्थी को एम० एससी० (आनर्स स्कूल) पाठ्यक्रम में 5 वर्ष से अधिक समय तक रहने की अनुमति नहीं होगी । इस मध्य उसे सभी अनुत्तीर्ण प्रश्नपत्रों की परीक्षा पुनः देकर उनको उत्तीर्ण करना होगा और एम० एससी० (आनर्स स्कूल) की उपाधि प्राप्त करने के लिए अभीष्ट संख्या में मानांक प्राप्त करने होंगे । ऐसा न कर पाने पर उस विद्यार्थी को अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया जाएगा और उसे एम० एससी० (आनर्स स्कूल) छोड़ना होगा ।

8.4 विद्यार्थियों को सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रश्नपत्रों को अलग-अलग उत्तीर्ण करना होगा तथा प्रत्येक प्रश्नपत्र में निर्धारित न्यूनतम उत्तीर्णांक प्राप्त करने होंगे ।

8.5 जो विद्यार्थी किसी भी कारणवश परीक्षा नहीं दे पाते हैं अथवा अपने पूर्ववर्ती प्राप्तांकों के प्रतिशत को बढ़ाना चाहते हैं, उनको वार्षिक परीक्षा में ही पुनः परीक्षा देने की अनुमति होगी ।

17. पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली, खंड-II के पृष्ठ 107-108 पर उल्लिखित विनियम 3.1 (IV) के श्लोक में, पृ० 111 पर उल्लिखित मास्टर आफ आर्ट्स परीक्षा से संबंधित विनियम 3.3 का विलोपन ।

3.3 "यदि किसी विद्यार्थी ने पंजाब विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित संस्कृत में आनर्स परीक्षा (शास्त्री)/फारसी में आनर्स परीक्षा (मुंशी फाजिल) अरबी में आनर्स परीक्षा

(मौलवी फाजिल)/हिन्दी में आनर्स परीक्षा (प्रभाकर)/पंजाबी में आनर्स परीक्षा (गिआनी)/ तथा उर्दू में आनर्स परीक्षा (अदीब फाजिल) अथवा किसी अन्य विश्वविद्यालय की इसकी समकक्ष तथा पंजाब विश्वविद्यालय से मान्य कोई परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, तो उसे एम० ए० संस्कृति/ फारसी/अरबी/ हिन्दी/पंजाबी या उर्दू की स्थिति के अनुसार, परीक्षा देने की अनुमति होगी, यदि वह बी०ए० भाग II तथा बी० ए० भाग III की अंग्रेजी विषय में, परीक्षा उत्तीर्ण कर लेता है।"

3.1 "यदि किसी विद्यार्थी ने, इस विश्वविद्यालय की, या 1948 ई० से पूर्व पंजाब विश्वविद्यालय लाहौर की परीक्षा या किसी अन्य विश्वविद्यालय की संदर्भित परीक्षा, जिसे इस विश्वविद्यालय ने संदर्भित परीक्षा, जिसे इस विश्वविद्यालय ने संदर्भि परीक्षा के समकक्ष मान लिया हो, को उत्तीर्ण कर लिया हो, तो उसे एम० ए० के प्रथम वर्ष (भाग–I) की कक्षा में प्रवेश की अनुमति होगी :—

(i) से (iii) ××× ××× ×××

(iv) किसी प्राचीन शास्त्रीय भाषा या किसी आधुनिक भारतीय भाषा में 45% प्राप्तांकों के साथ बी० ए० की उपाधि प्राप्त की हो, (कुल योग में से, अतिरिक्त विषय को छोड़कर) आनर्स में प्राचीन भाषाओं में, या आधुनिक भारतीय भाषाओं में, उसमें जो परा–स्नातक कक्षा का विषय हो।

(V) से (IX) *** *** *** ***

19. पंजाब विश्वविद्यालय विनियमावली, खंड–II, 1988 के क्रमशः पृष्ठ 431–432 तथा 440–441 पर उल्लिखित एम० डी०/एम० एस० परीक्षाओं से संबंधि त विनियम 6.1 तथा 6.3 जिसे 1993 ई० के प्रवेश से प्रभावी माना जाए

6.1 अभ्यर्थी को अपने शोध प्रबंध के विषय के अनुमोदन के लिए अपने पंजीकरण की तिथि से नौ महीने के अंदर कुल सचिव को आवेदन करना होगा। ऐसे आवेदनों पर अभ्युविज्ञान-संकाय एक वर्ष में चार बार–मार्च, जुलाई अक्टूबर तथा दिसम्बर के महीनों में विचार करेगा।

6.2 शोध प्रबंध इस विनियम के प्रावधानों के अनुरूप होगा और उसे परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम तीन मास पूर्व परीक्षार्थ जमा कराना होगा और अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित होने से पूर्व उसका स्वीकृत किया जाना अभिवार्य होगा। शोधप्रबंध के मूल्यांकन के लिए नियुक्त किये जाने वाले वाह्य परीक्षा की स्वीकृति पर्याप्त समय पूर्व ली जानी होगी, जिससे मूल्यांकन में विलंब न हो।

चण्डीगढ़–160014 एस० के० शर्मा

दिनांक: 1–9–1995 उप-कुलसचिव (सामान्य)

आज मेरी उपस्थिति में पंजाब विश्वविद्यालय की सामान्य मोहर से इसे मोहरबंद किया गया।

1 सितम्बर 1995

एस० पी० धवन
कुल सचिव

RESERVE BANK OF INDIA

DEPARTMENT OF BANKING OPERATIONS AND DEVELOPMENT

CENTRAL OFFICE

Bombay, the 9th October 1995

No. DBOD BC. 118/12-02-001/95-96.—In xercise of the powers conferred by sub-section(2A) of Section 24 of the Banking Regulation Act, 1949, (10 of 1949), and in supersession of its Notification DBOD No. Leg. BC. 37C. 233A-85 **dated 29th March 1985, the Reserve Bank of India hereby** sp cifi s that on and from 14th October 1995, for the purpose of Section 24 of the said Act, unencumbered approved securities (hereinafter referred to as 'securities'), shall be valued in the manner following, namely :

(a) securities held on 31st March 1995, so long as they are held continously and are still in the bank's portfolio shall be valued by adoping the same system of valuation as for the balance sheet as that date. The valuation shall remain unchanged throughout the financial year immediately following. Further, securities acquired fom April 1, 1995 onwards upto March 31, 1996 shall be valued at face value or cost price, as on the date of acquisition, whichever is lower. These securities shall be shown at the same value till these securities remain in the portfolio of the bank or till March 31, 1996 whichever is earlier.

(b) securities held on 31st March every year thereafter so long as these are held continously and are still in the bank's portfolio shall be valued by adopting the same system of valuation as for the balance sheet as on that date. The valuation shall remain unchanged throughout the financial year immediately following. However, the securities acquired during the ensuing financial year shall be valued at face value or cost price, as on the date of acquisition, whichever is lower. These securities shall be shown at the same value till these securities remain in the portfolio of the bank or till the end of financial year, whichever is earlier.

B. K. PAL,
Executive Director

STATE BANK OF INDIA
CENRAL OFFICE

Bombay, the 7th October 1995

NOTICE

In terms of Section 29(1) of the State Bank of India **(Subsidiary Banks) Act, 1959 the State Bank of India, after consulting the Board of Directors of the State Bank of Patiala** and with the approval of the Resere Bvank of India, have appointed Shri R. R. Khandewal as Managing Director of

State Bank of Patiala for a further period of 2 years from 4th October 1995 to 3rd October 1997 (both days inclusive).

P. G. KAKODKAR,
Chairman

INDIAN OVERSEAS BANK

PERSONNEL ADMINISTRATION DEPARTMENT CENTRAL OFFICE

Madras-600 002, the 21st July 1995

No. PAD/177.—In exercise of the powers conferred by Section 19 of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 (5 of 1970) the Board of Directors of Indian Overseas Bank in consultation with the Reserve Bank of India and with the previous sanction of the Central Government hereby makes the following regulations further to amend the Indian Overseas Bank Officers' Service Regulations, 1979.

2. Short title and commencement.

1. These Regulations may be called the Indian overseas Bank Officers' Service (Amendment) Regulations, 1995.

2. They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

3. In Indian Overseas Bank Officers' Service Regulations, 1979, the following Regulation has been amended :

Regulation 49(2) be substituted by the following : During the joining time, an Officers shall be eligible to draw the emoluments as applicable to the place of transfer.

K. VASUDEVA BHATT,
Deputy General Manager
Personnel Administration Department

EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION

New Delhi, the 9th October 1995

No. N/15-13/3/94-P&D.—In pursuance of powers conferred by Section 46 (2) of the Employees' State Insurance Act, 1948 (34 of 1948), read with Regulation 95-A of the Employees' State Insurance (General) Regulations, 1950, the Director General has fixed the 16-9-95 as the date from which the medical benefits as laid down in the said Regulation 95-A and the Bihar Employees' State Insurance (Medical Benefit) Rules, 1951 shall be extended to the families of insured persons in the following area in the State of Bihar namely :—

Sl. No.	Name of the Revenue Village	Revenue Thana No.	District
1.	Mithanpur Lalla . .	410	Muzaffarpur
2.	Kanhauli Bisundatt .	411	Muzaffarpur
3.	Harkul Lahuri . .	480	Muzaffarpur
4.	Kohlua Payagamberpur .	482	Muzaffarpur
5.	Athardah Salehpur Budhan	342	Nuzaffarpur
6.	Bela Chapra . .	281	Muzaffarpur
7.	Kanhauli Agaekbe .	412	Muzaffarpur
8.	Chapra Lodi . .	352	Muzaffarpur

S. N. TIWARI,
Director (P & D).

No. N-15/13/3/2/92-P&D.—In pursuance of powers conferred by Section 46 (2) of the Employees' State Insurance Act, 1948 (34 of 1948), read with Regulation 95-A of the Employee' State Insurance (General) Regulations, 1950 the Director General has fixed the 16-9-95 as the date from which the medical benefits as laid down in the said Regulation 95-A and the Bihar Employees' State Insurance (Medical Benefit) Rules, 1951 shall be extended to the families of insured persons in the following area in the State of Bihar namely :—

Sl. No.	Name of Revenue Village	No. of revenue thana	District
1	2	3	4
	DEOGHAR		
1.	Maheshwara . .	250	Deoghar
2.	Nandan Pahar . .	252	Deoghar
3.	Barmasiya .	254	Deoghar
4.	Madhusudan Chhorat	255	Deoghar
5.	Madarichak . .	256	Deoghar
6.	Bela Bagicha . .	257	Deoghar
7.	Hirna . .	269	Deoghar
8.	Surtilona . .	270	Deoghar
9.	Basmata . .	276	Deoghar
10.	Kalyanpur . .	398	Deoghar
11.	Purandaha . .	399	Deoghar
12.	Bariar Bochi . .	400	Deoghar
13.	Toradih . .	401	Deoghar
14.	Kharadat . .	402	Deoghar
15.	Kunda . .	409	Deoghar
16.	Nilkanthpur . .	415	Deoghar
17.	Shaharzor . .	416	Deoghar
18.	Jatahi . .	418	Deoghar
19.	Karhanibad . .	584	Deoghar
	JASIDIH		
20.	Jasidih Bazar Mauja .	119	Deoghar
21.	Basuadih Mauja .	198	Deoghar
22.	Baghmara . .	199	Deoghar
23.	Ramchandrapur . .	202	Deoghar
24.	Semariya . .	203	Deoghar
25.	Khwasdih . .	263	Deoghar
26.	Raidih . .	122	Deoghar
27.	Narainpur . .	262	Deoghar
28.	Phootabandh . .	27	Deoghar
29.	Gangati . .	209	Deoghar
30.	Chhota Manikpur .	116	Deoghar
31.	Badaladih . .	117	Deoghar
32.	Tawaghat . .	208	Deoghar

S. N. TIWARI,
Director (P & D).

The 10th October 1995

No. N-15/13/3/4/94-P & D.—In pursuance of powers conferred by Section 46 (2) of the Employees' State Insurance Act, 1948 (34 of 1948) read with Regulation 95-A of the Employees' State Insurance (General) Regulations, 1950 the Director General has fixed the 16-9-95 as the date from which the medical benefits as laid down in the said Regulation 95-A and the Bihar Employees' State Insurance (Medical Benefit) Rules, 1951, shall be extended of the families of

insured persons in the following area in the State of Bihar namely :—

Sl. No.	Name of the Revenue Village	Revenue Thana No.	District
1.	Mirchai . . .	328	Katihar
2.	Daharia . . .	98	Katihar
3.	Durgapur . . .	104	Katihar
4.	Bogana . . .	83	Katihar
5.	Tiarpara . . .	82	Katihar
6.	Saifgunj . . .	103	Katihar
7.	Begana . . .	102	Katihar
8.	Dalan . . .	77	Katihar
9.	Madhura . . .	162	Katihar
10.	Majhell . . .	79	Katihar

S. N. TIWARI,
Director (P & D).

The 11th October 1995

No. N-15/13/2/1/94-P & D.—In pursuance of powers conferred by Section 46 (2) of the Employees State Insurance Act, 1948 (34 of 1948), read with Regulation 95-A of the Employees' State Insurance (General) Regulations, 1950, the Director General has fixed the 16-9-95 as the date from which the mical benefits as laid down in the said Regulation 95-A and the Bihar Employees' State Insurance (Medical Benefit) Rules, 1951 shall be extended to the families of insured persons in the following area in the State of Bihar namely :—

Sl. No.	Name of Revenue Village	Revenue Thana No.	District
1.	Maharpur . . .	97	Bihar Sharif
2.	Sipah	95	Bihar Sharif
3.	Hujurpur . . .	98	Bihar Sharif
4.	Rampur Bagnabad .	110	Bihar Sharif
5.	Chak Hajain . . .	126	Bihar Sharif
6.	Devi Sarai . .	127	Bihar Sharif
7.	Salempur . . .	133	Bihar Sharif
8.	Sohdih . . .	140	Bihar Sharif
9.	Babarbanna . .	141	Bihar Sharif

S. N. TIWARI,
Director (P & D).

EMPLOYEES, PROVIDENT FUND ORGANISATION
(CENTRAL OFFICE)
New Delhi-110015, the 5th October, 1995

No. CPFC. 1 (4) TN (1148) / 95/2044.—Whereas it appears to the Central Provident Fund Commissioner that the employees and the majority of employees in relation to the following establishments have agreed that the provisions of the Employee's Provident Funds & Miscellaneous Provisions Act, 1952 (19 of 1952), should be made applicable to their respective establishments namely :—

Sl. No.	Code No.	Name & address of the estt.	Date of coverage
1.	TN/MS/31657	M/s Ram Kashyap Investment Ltd., 53, Bishap Garden Off Greenways Road, Madras-28	1-1-95
2.	TN/MS/31659	M/s. Sherif Services (P) Ltd., No. 14, Rajaratham Street, Kilpank, Madras-600010	1-10-94
3.	TN/31662	M/s. K. Steamship Agencies (P) Ltd., No. 4, Second Line Beach, Madras-600001	1-11-94
4.	TN/MS/31561	M/s. Sri Mahaganapathi Vilas, No. 8, C.N.A. Road, Bus Stand, Vaniyambadi, N.A.A. District.	1-11-94
5.	TN/MS/31562	M/s. Kodappanvickanpatti Milk Producers Coop. Society Ltd., Kodappanevickanpatti Village Nanianer Post, Tirupattur T.K. N.A.A. Dt.	1-5-94
6.	TN/MS/31588	M/s. M.M.C. Enterprises, 23, Gandhi Nagar, Alwarthurh Nagar, Madras-87	1-9-94
7.	TN/MS/31652	M/s. Hotel Nagarjuna, 38 Pody, Bayar, T. Nagar, Madras-17	1-1-95
8.	TN/MS/31598	M/s. Jai Udyrambics (P) Ltd., No. C, 191C, Guindy Industrial Estate, Madras-32	1-10-94
9.	TN/MS/31591	M/s. New Modern Cafe No. 2 Taluk Office Road, Little Mount, Sonidpet, Madras-600015	1-9-94
10.	TN/MS/31595	M/s. Namberai Milk Producers Cioop. Society Ltd., Nanbert Port, (Via) Arcot N.A.A. Distt.	1-6-94

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by Sub-section (4) of Section 1 of the said Act, I, H.W.T. SYIEM, Central Provident Fund Commissioner hereby apply the provisions of the said Act to the above mentioned establishments from and with effect from the date mentioned against the name of each of the said establishments.

H.W.T. SYIEM,
Central Provident Fund Commissioner

No. CPFC 1 (4) TN (1151)/ 95/ 2057——Whereas it appears to the Central Provident Fund Commissioner that the employers and the majority of employees in relation to the following establishments have agreed that the provisions of the Employees' Provident Funds & Miscellaneous Provisions Act, 1952 (19 of 1952), should be made applicable to their respective establishments namely :——

Sl. No.	Code No.	Name & address of the estt.	Date of coverage
1.	TN/31650	M/s. S.V. Enterprises, 53, Ground Floor, IV Avenue, Ashok Nagar, Madras-83	1-9-94
2.	TN/31661	M/s. Raja Garments & Textile Exports 239, Mait Street, Madras-3	1-10-94
3.	TN/29741	M/s. Sri Shanmuga Bhawan Aranmanai Vasai Sivaganga-623560 P.T.T. Dt.	1-12-94
4.	TN/29740	M/s. Q. 954 Sambakulam PA CB, Sambakulam (P.O.) Mudukulathur (T.K.) Ramnad Dt.	1-3-94
5.	TN/29739	M/s. R.S. 833 PMT District Medical Public Health & Family Welfare Department Staff Co-operation, T&C Society Ltd.	1-12-94
6.	TN/29725	M/s. Q. 915 Mudukulathne PA CB, Mudukulathne (P.O.) Mudukulathur (T.K.) Ramned Dt.	1-3-94
7.	PC/573	M/s. J.K. Lathers No. 9, Vasantha Nagar, Villianur-605110	1-11-94
8.	PC/572	M/s. Ex-Servicement Security & Detective Bureau, No. 12, Villianur Road, Reddiyarpalyam, Pondichery-605010	1-7-94
9.	PC/571	M/s. S.N.R. Lather Works, C-9 & 17, Pipdic, Industrial Estate, Mettuparlayam, Pondichery-09	1-11-94
10.	TN/24590	M/s. Q. 277 Munaiuentry Primary Agricultural Co-op Bank, Munaiventry, P. O. Emeneswaram Via, P.T.T. District.	1-8-91

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by Sub-section (4) of Section 1 of the said Act, I, H.W.T. SYIEM, Central Provident Fund Commissioner hereby apply the provisions of the said Act to the above mentioned establishments from and with effect from the date mentioned against the name each of the said establishments.

H.W.T. SYIEM,
Central Provident Fund Commissioner

No. C.P.F.C. 1 (4) TN (1157)/ 95/2070——Whereas it appears to the Central Provident Fund Commissioner that the employers and the majority of employees in relation to the following establishments have agreed that the provisions of the Employee's Provident Funds & Misscellaneous Provisions Act, 1952 (19 of 1952) should be made applicable to their respective establishments namely :—

Sl. No.	Code No.	Name & address of the estt.	Date of coverage
